खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 29 मार्च 2025 | वर्ष –69 | अंक –133 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ पहाड़ में पलाश के फूलों...
■ अमेरिका के पलटने से... 04
■ लाल सागर में डूब गई पर्यटक पनडुब्बी...
■ उंगली थमाकर पूरा हड़पना चाह रहे ट्रंप 09
■ सोने में भारी तेजी, इस साल अब तक 13 हजार...
■ विदेशी निवेशकों की बाजार में जोरदार वापसी 11
■ जोकोविच ने तोड़ा...
■ श्रेयश-ईशान को ... 10

**आईपीएल में आज**

TATA IPL

गुजरात विरूद्ध
मुंबई (अहमदाबाद)
7.30 शाम से

# केंद्र सरकार ने बढ़ाया महंगाई भत्ता

## 48 लाख कर्मचारियों को होगा फायदा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनरों को राहत पहुंचाने वाला निर्णय किया है। कैबिनेट ने शुक्रवार को केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) की एक अतिरिक्त किस्त जारी करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी। इसके तहत वेतन व पेंशन की 53 प्रतिशत की मौजूदा दर में दो प्रतिशत की वृद्धि की गई है, ताकि महंगाई की भरपाई की जा सके। इस फैसले के ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### कब लागू होगा 8वां वेतन आयोग

8वें वेतन आयोग के लागू होने को लेकर अभी तक कोई अधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स में दावा है 8 वें वेतन आयोग द्वारा लिए गए निर्णय, समीक्षा और सुझाव अगले साल जनवरी 2026 से लागू हो सकते हैं। 7वां वेतन आयोग जनवरी 2016 में लागू कर दिया गया था। लेकिन कर्मचारियों को इसका लाभ जुलाई 2016 से हुआ था।

### 48 लाख कर्मचारियों को लाभ

महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में वृद्धि के कारण राजकोष पर प्रति वर्ष 6614.04 करोड़ रुपये का संयुक्त प्रभाव पड़ेगा। इससे केंद्र सरकार के लगभग 48.66 लाख कर्मचारियों और 66.55 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। यह वृद्धि सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित स्वीकृत फॉर्मूले के अनुसार की गई है। वहीं 8वां वेतन आयोग लागू होने के बाद कर्मचारियों के वेतन में भी काफी बढ़ोतरी होगी।

# बोलने की आजादी लोकतंत्र का अभिन्न अंग : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,( एजेंसियां )।** सुप्रीम कोर्ट ने 'भड़काऊ' गाने के मामले में कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ गुजरात पुलिस की ओर से दर्ज की गई एफआईआर को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र का अभिन्न अंग है। ऐसे ही नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना अदालत का कर्तव्य है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह सुनिश्चित करना भी अदालत का कर्तव्य है कि संविधान और संविधान के आदर्शों का उल्लंघन न हो।



कोर्ट ने कहा कि कविता, नाटक, फिल्म, व्यंग्य, कला सहित साहित्य मनुष्य के जीवन को अधिक सार्थक बनाता है। पुलिस को लोगों की बुनियादी अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए।

**सेहतमंद समाज में बोलने की आजादी का सम्मान होना चाहिए-** न्यायमूर्ति अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि भले ही बड़ी संख्या में लोग किसी दूसरे के विचारों को पसंद न करते हों, लेकिन विचारों को व्यक्त करने के व्यक्ति के अधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए और उसकी रक्षा की जानी चाहिए। सेहतमंद समाज में बोलने की आजादी का सम्मान होना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विचारों और दृष्टिकोणों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बिना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत गरिमापूर्ण जीवन जीना असंभव है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह द्वारा व्यक्त किए गए विचारों का विरोध दूसरे दृष्टिकोण को व्यक्त करके किया जाना चाहिए। भले ही बड़ी संख्या में लोग दूसरे द्वारा ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# मेडिकल कॉलेज आरंभ करें, अस्पताल की व्यवस्था करेगी सरकार : मुख्यमंत्री



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के विश्वविद्यालय निरंतर सशक्त बन रहे हैं। आने वाले समय में सभी विश्वविद्यालय आर्थिक रूप से समर्थ और सक्षम होंगे। परंपरागत संकायों के साथ-साथ वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप कोर्सेज संचालित करने के लिए विश्वविद्यालयों को प्रेरित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय अपने-अपने क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज आरंभ करें, राज्य सरकार अस्पतालों को उनके साथ संबद्ध करने की व्यवस्था करेगी। इन अस्पतालों के वेतन-भत्तों का भार राज्य सरकार वहन करेगी, विश्वविद्यालय पठन-पाठन-परीक्षा आदि की व्यवस्था करेंगे और परीक्षा की फीस का उपयोग मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय के संचालक-प्रबंधन और विस्तार में किया जा सकेगा। डेयरी टेक्नोलॉजी, कृषि जैसे व्यावसायिक दक्षता के कोर्सेज सहित सभी संकाय विश्वविद्यालय अपने क्षेत्र में संचालित करें।

- प्रदेश के विश्वविद्यालय निरंतर बन रहे हैं सशक्त
- आर्थिक सशक्तिकरण के लिये डेयरी टेक्नोलॉजी, कृषि जैसे रोजगारोन्मुखी नए कोर्स करें विश्वविद्यालय शुरू

मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश विश्वविद्यालयीन संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के ज्ञान विज्ञान भवन में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनधारकों के हितों का ध्यान रखते हुए आगे बढ़ रही है। प्रदेश के शासकीय विश्वद्यालयों के कर्मचारी एवं पेंशनर्स भी वेतन एवं भत्तों में वृद्धि से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब निजी और शासकीय केवल दो श्रेणियों के विश्वविद्यालय हैं। सरकार उच्च शिक्षा को नए आयाम देने के ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## सार संक्षेप

### जस्टिस यशवंत वर्मा के ट्रांसफर को केंद्र की मंजूरी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम की सिफारिश पर न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के ट्रांसफर को मंजूरी दे दी है। अब वे दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट जाएंगे, जो उनका मूल कार्यक्षेत्र है। यह फैसला एक विवाद के बीच लिया गया, जिसमें उनके सरकारी आवास में आग लगने के बाद बड़ी मात्रा में कैश मिलने की खबर आई थी। अब वे इलाहाबाद हाईकोर्ट में जज के रूप में कार्यभार संभालेंगे। इसी के साथ, दिल्ली हाईकोर्ट के एक अन्य जज, जस्टिस चंद्रधारी सिंह का ट्रांसफर भी इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर दिया गया है।

### कुणाल कामरा को 7 अप्रैल तक मिली अंतरिम जमानत

**नईदिल्ली।** स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को मद्रास हाईकोर्ट ने 7 अप्रैल तक अंतरिम जमानत दे दी है। कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज है। पुलिस ने उन्हें दूसरा समन 31 मार्च के लिए जारी किया है। कुणाल कामरा ने महाराष्ट्रके डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर अपनी विवादित टिप्पणी को लेकर बढ़ते विवाद के बीच मद्रास हाईकोर्ट में ट्रांजिट अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। कुणाल कामरा ने अदालत में दायर अपनी याचिका में कहा कि वह 2021 से तमिलनाडु में रह रहे हैं और मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तारी की आशंका के कारण जमानत चाहते हैं। इस पर मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कॉमेडियन कुणाल कामरा को अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी।

# म्यांमार-थाईलैंड में बड़ा भूकंप, 100 से ज्यादा मृत



**म्यांमार, एजेंसी।** थाईलैंड और पड़ोसी म्यांमार में शुक्रवार की दोपहर 7.7 तीव्रता का भूंकप महसूस किया गया। म्यांमार ने भूकंप की वजह से छह क्षेत्रों और राज्यों में आपातकाल की घोषणा कर दी है। भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के निकट था। बैंकॉक में भूकंप की वजह से एक निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत के ढहने से धूल का विशाल गुबार उठता दिखा। उस समय इमारत पर क्रेन लगी थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक म्यांमार के ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

**मरने वालों की संख्या 100 के पार**

### पीएम मोदी ने हर संभव मदद देने का किया वादा

*इसी बीच देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूकंप की वजह से दोनों देशों की हुए जान-माल के नुकसान पर चिंता जताई। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप के बाद की स्थिति से चिंतित हूं। सभी की सुरक्षा और भलाई के लिए प्रार्थना करता हूं। भारत हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। इस संबंध में, हमने अपने अधिकारियों को तैयार रहने को कहा है। साथ ही विदेश मंत्रालय से म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों के साथ संपर्क में रहने को कहा है।*

# 25000 किमी हाईवे फोरलेन बनेंगे, 10 लाख करोड़ आएगा खर्च : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में 25,000 किलोमीटर के दो-लेन वाले हाईवे को फोर लेन में परिवर्तित किया जाएगा। इस परियोजना की लागत 10 लाख करोड़ रुपये होगी। इससे सड़क हादसों में कमी आने की उम्मीद है।

**जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर 36 सुरंगों का बनाई जा रही**-गडकरी ने बताया कि जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर 36 सुरंगों का बनाई जा रही हैं और इनमें से 22 सुरंगें पूरी हो चुकी हैं। इससे यात्रा का समय वर्तमान सात घंटे से घटकर तीन से साढ़े तीन घंटे रह जाएगा। दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे का कार्य भी प्रगति पर है, जिससे यात्रा का समय 12 घंटे से आधा हो जाएगा।

**विभिन्न कारणों से देशभर में अटकी 637 परियोजनाएं**-केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक जवाब में कहा कि भारतमाला परियोजना योजना के अंतर्गत आने वाली परियोजनाओं सहित 637 परियोजनाओं में मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण संबंधी मुद्दों और ठेकेदारों के समक्ष आने वाली वित्तीय कठिनाइयों जैसे कारणों से देरी हो रही है।

**637 परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी**-गडकरी ने राज्यसभा में एक जवाब में कहा कि अप्रत्याशित घटनाओं के अलावा निर्माण सामग्री की कमी आदि के कारण भी परियोजनाओं में देरी हुई है। भारतमाला परियोजना योजना के अंतर्गत आने वाली परियोजनाओं सहित 637 परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी हुई है।

### सड़क हादसों को 50 प्रतिशत तक कम करना लक्ष्य

गडकरी ने बताया कि भारत में हर साल 4,80,000 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इनमें 18 से 45 वर्ष की आयु के 1,88,000 लोग अपनी जान गंवाते हैं। सरकार का लक्ष्य 2030 तक सड़क हादसों को 50 प्रतिशत तक कम करना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर राज्यों और पहाड़ी क्षेत्रों में हाईवे विकास को प्राथमिकता दी है।

### दो वर्षों में पूरा करने की योजना

गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, 16,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों को छह लेन में बदलने की योजना है और इस पर छह लाख करोड़ रुपये का खर्च आएगा। उन्होंने कहा कि हम इस कार्य को दो वर्षों में पूरा करने की योजना बना रहे हैं।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** केन्द्र ने सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता तो बढ़ा दिया है।

**चुहिया- हां प्रिये-** फायदा तो तब हो जब उसी रफ्तार में भर्तियां चालू करे।

### आसाराम की अंतरिम जमानत 3 महीने बढ़ी

**नई दिल्ली।** गुजरात उच्च न्यायालय ने दुष्कर्म के मामले में आसाराम को तीन महीने की अस्थायी जमानत दी। यह जमानत चिकित्सा के आधार पर दी गई है। इस खबर को लगातार अपडेट किया जा रहा है। हम अपने सभी पाठकों को पल-पल की खबरों से अपडेट करते हैं। हम लेटेस्ट और ब्रेकिंग न्यूज को तुरंत ही आप तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रारंभिक रूप से प्राप्त जानकारी के माध्यम से हम इस समाचार को निरंतर अपडेट कर रहे हैं। ताजा ब्रेकिंग न्यूज़ और अपडेट्स के लिए जुड़े रहिए जागरण के साथ।

पत्रकारिता और साहित्य के प्रकाश स्तंभ
मायाराम जी सुरजन



आज 102वीं जयंती पर
श्रद्धापूर्वक नमन

पत्र नहीं, मित्र
देशबन्धु
पत्र समूह
मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | नई दिल्ली

JAN JYOTI
SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित



आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

# देश-विदेश

## भारत-रूस नौसैनिक अभ्यास `इंद्र' चेन्नई में

**नई दिल्ली।** भारत और रूस के बीच स्थायी सामुद्रिक साझेदारी की आधारशिला माने जाने वाला 14वां भारत-रूस द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'इंद्र' शुक्रवार को चेन्नई में शुरू हो गया। इस अभ्यास की शुरुआत 2003 में हुई थी और इसे दोनों नौसेनाओं के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक संबंधों तथा सहयोग का प्रतीक माना जाता है। यह अभ्यास दो चरणों में, बंदरगाह चरण 28 से 30 मार्च तक चेन्नई में और समुद्री चरण 31 मार्च से 2 अप्रैल तक बंगाल की खाड़ी में आयोजित किया जा रहा है।

## निविदा / नियुक्ति / जाहिरात


### हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
रीजनल ब्रांच ऑफिस: 101-बी, प्रथम तल एनआर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010 Email - auction@hindujahousingfinance.com

#### परिशिष्ट IV कब्जा नोटिस ( अचल संपत्ति हेतु )

जहां तक अधोहस्ताक्षरी के अधिकृत अधिकारी होने के नाते हिन्दुआ हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (HHFL) के प्राधिकृत अधिकारी और वित्तीय परिसंपत्तियो के पुर्ननिर्माण और सुरक्षा इंट्रेस्ट एक्ट 2002 के प्रवर्तन के तहत और सेक्शन 13(12) के तहत (प्रदत्त) शक्तियों के प्रयोग में सुरक्षा इंटेस्ट (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाता है। उधारकर्ताओं को कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किए गए नोटिस उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लेखित राशि को चुकाने के लिए नीचे दिए गए निर्देशों का उल्लेख किया गया है उधारकर्ता राषि को चुकाने में विफल रहा है, इस बात की जानकारी उधारकर्ताओं, गारंटरो और आम जनता को दी गई है कि अधोहस्ताक्षरी ने संपत्ति के अधिकार में नीचे वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है, जो उस पर प्रदान की गई शक्तियों के खंड (4) के अधीन है। उक्त अधिनियम के 13 सुरक्षा इंट्रेस्ट प्रवर्तन नियम 2002 के सह नियम (8) के साथ पढ़े जाते हैं। आम तौर पर जनता को इस बात के सावधान किया जाता है कि उधारकर्ता संपत्ति का सौदा न करें और संपत्ति के साथ किसी भी सौदे के लिए एचएफएल के बदलाव का विषय होगा। राशि के अनुसार ब्याज के साथ यहां उल्लेख किया है।

| नाम और पता उधारकर्ता गारंटर / सहउधारकर्ता | 1. डिमांड नोटिस जारी का दिनांक 2. ऋण खाता संख्या 3. नोटिस के अनुसार देय राशि | सुरक्षित संपत्ति का विवरण | कब्जा तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| श्री अर्जुन दिनेश कांद्रा<br>श्री दिनेश कुमार कंद्रा<br>श्रीमती रजनी कंद्रा | 1. Issuance Date - 07-11-2024<br>2. MP/JBR/CDWR/A000000269<br>3. Rs.32,00,465 /- (Rupees Thirty Two Lakh Four Hundred Sixty Five only) | प्लॉट नं. ई-9, खसरा नं. 269/1/2, वार्ड नं. 6, कबीर वार्ड, उमाशंकर नगर, मौजा ढोढासिवनी, पटवारी हल्का नं. 109/26, तहसील एवं जिला, सिवनी (म.प्र.) 480661 क्षेत्रफल- 42.28 वर्ग मीटर। सीमा की ओर - पंजीकृत विलेख के अनुसार - पूर्व - एल-1, पश्चिम - कॉलोनी रोड, उत्तर - ई-10, दक्षिण - ई-08 | 24.03.2025 |
| श्री ब्रजेश ठाकुर<br>श्रीमती रुक्मणी ठाकुर | 1. Issuance Date - 21-11-2024<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000491<br>3. Rs. 20,06,670 /- ( Twenty Lacs Six Thousand Six Hundred Seventy Only ) | मकान नं. 18 मौजा महाराजपुर एन बी नं. 664 पीएच नं. 17/20, आरएनएम महाराजपुर, तहसील पांगर, खसरा नं. 238/4 जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत – 482004 कुल क्षेत्रफल – 800 वर्ग फीट चार सीमाएं - पूर्व - सड़क, पश्चिम - विक्रेता की भूमि, उत्तर - ब्लॉक नं. 19, दक्षिण - ब्लॉक नं. 17 | 24.03.2025 |
| श्री दीपक कुमार गोल्हानी<br>श्रीमती पूजा गोल्हानी | 1. Issuance Date - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/SEON/A000000211<br>3. Rs. 20,64,287 /- (Twenty Lacs Sixty Four Thousand Two Hundred Eighty Seven Only ) | मौजा बाबरिया पटवारी हल्का नंबर 57 खसरा नंबर 22/1 आरएनएम सिवनी, तहसील एवं जिला सिवनी क्षेत्रफल- 1000 वर्ग फीट। सीमाएँ - पूर्व - सड़क, पश्चिम - सरकारी भूमि, उत्तर - चंद्र किरण बेलिया का भूखंड, दक्षिण - दूसरों की भूमि | 24.03.2025 |
| श्री देवीलाल मडके<br>श्रीमती सरला मडके | 1. Issuance Date - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/CDWR/A000000414<br>3. Rs. 9,29,393 /- (Nine Lacs Twenty Nine Thousand Three Hundred Nintey Three Only ) | मौजा सौसर पी.एच. नं.-09 एन.बी. नं. 411 खसरा नं. 835/14 तहसील सौसर जिला छिंदवाड़ा क्षेत्रफल- 1155 वर्ग फीट<br>सीमा- पूर्व- सुंदर की खुली जमीन, पश्चिम- नरेश कोसे का मकान, उत्तर- 10 फीट कच्चा, दक्षिण- नीलेश की जमीन | 24.03.2025 |
| श्री दिलीप कुमार राय<br>श्रीमती अनुपमा राय | 1. Issuance Date - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000613<br>3. Rs. 13,10,287 /- (Thirteen Lacs Ten Thousand Two Hundred Eighty Seven Only ) | पीएचएन रानीपुर, तहसील-अधारताल, खसरा नंबर 174/5/1/4, गढ़ा, शहरी, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 482004 क्षेत्र- 654 वर्गफुट या 60.78 वर्गमीटर सीमाएं - पूर्व - सड़क, पश्चिम - राम बाई का घर, उत्तर - जगदीश का घर, दक्षिण - मांडव का घर | 24.03.2025 |
| श्री राजेश नामदेव<br>श्रीमती सुरभि नामदेव | 1. Issuance Date - 30-10-2024<br>2. MP/CDA/JAMI/A000000001<br>3. Rs. 15,04,782/- (Fifteen Lacs Four Thousand Seven Hundred Eighty Two ) | मौजा लोनिया नगर निगम वार्ड नंबर 40 तात्याटॉप एन.बी नंबर 526 पी एच नंबर 12 आरएनएम चिंदावरा जिला चिंदावरा खसरा नंबर 244/1 कुल क्षेत्रफल 900 वर्गफुट या 83.64 वर्गमीटर<br>सीमाएं इस प्रकार हैं: - पूर्व - विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम - मंगलेश गिरे की भूमि, उत्तर - गोडू सातपुते की भूमि, दक्षिण - कच्चा रास्ता | 24.03.2025 |
| श्री राकेश ठाकुर (उधारकर्ता)<br>श्रीमती संजना ठाकुर (सह- | 1. Issuance Date - 20-11-2024<br>2. MP/JBR/SEON/A000000185<br>3. Rs. 8,64,439 /- (Eight Lacs Sixty Four Thousand Four Hundred Thirty Nine Only ) | मौजा मंगलीपेठ पीएच नंबर 103/14, आरएनएम सिवनी, जिला सिवनी खसरा नंबर 20/60 सिवनी, मध्य प्रदेश, भारत - 480661 कुल क्षेत्रफल - 504 वर्ग फुट या 46.84 वर्ग मीटर चार सीमाएँ - पूर्व - दीपक गौड़ की भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - दादू साहब की भूमि, दक्षिण - बघेल साहब का घर | 24.03.2025 |
| श्री संजय विश्वकर्मा<br>श्री पीयूष विश्वकर्मा<br>वर्षा विश्वकर्मा<br>श्री राजेंद्र विश्वकर्मा | 1. Issuance Date - 13-09-2024<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000073<br>3. Rs. 9,11,425/- (Nine Lacs Elven Thousand Four Hundred Twenty five Only ) | पीएच नंबर 20 एनबी नंबर 657 आवास महाराजपुर विकास खंड पनागर तहसील जबलपुर, खसरा नंबर 48/1 जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत- 482002 कुल क्षेत्रफल - 500 वर्ग फीट चार सीमाएं - पूर्व - कोदुलाल साहू का प्लॉट, पश्चिम - तुलसा बाई का प्लॉट, उत्तर - राजेश साहू का प्लॉट, दक्षिण - 12 फीट रोड | 24.03.2025 |
| श्री सर्वेश भुर्रक<br>श्रीमती स्वार्थी भुर्रक | 1. Issuance Date - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000471 & MP/JBR/JBLP/A000000621<br>3. Rs. 30,89,075 /- (Thirty Lacs Eighty Nine Thousand Seventy Five Only ) | मौजा ईश्वर खेड़ा, पीएचएन 41, आरएनएम शाहपुरा, खसरा नंबर 112, रिन पुस्तिका नंबर एलजेए-18। 0013322, सेमीअर्बन, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 482001 क्षेत्रफल - 0.19 हेक्टेयर सीमाएँ - पूर्व - रामस्वरुप शर्मा की भूमि, पश्चिम - प्रेम नारायण शर्मा की भूमि, उत्तर - विजय दहिया की बाड़, दक्षिण - प्रेम नारायण शर्मा की भूमि | 24.03.2025 |
| सुश्री विमला पाठक<br>श्री रुपेश पाठक<br>श्रीमती मनोरमा पाठक | 1. Issuance Date - 21-11-2024<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000590<br>3. Rs. 7,41,361 /- ( Seven Lacs Forty One Thousand Three Hundred Sixty One Only ) | मौजा रानी दुर्गावती वार्ड 6 खसरा 30/3 शहरी, मंडला, मध्य प्रदेश, भारत - 481661 कुल क्षेत्रफल - 575 वर्गफुट चार सीमाएं - पूर्व - चितरंजन मिश्रा का घर, पश्चिम - सीमेंट रोड, उत्तर - सीमेंट रास्ता उसके बाद अस्पताल, दक्षिण - कपिल नारायण पाठक | 24.03.2025 |
| श्री तेजस्वी साहू<br>श्रीमती अनिता साहू | 1. Issuance Date - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/SEON/A000000213<br>3. Total Amount Due - Rs 20,40,564/- Twenty Lacs Forty Thousand Five Hundred Sixty Four) | मौजा बरघाट पी.एच. नं. 15/48 एनबी नं. 72 खसरा नं. 88/3/39/1 तहसील बरघाट जिला सिवनी (म.प्र.) क्षेत्रफल - 4000 वर्ग फीट<br>सीमाएं - पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - विक्रेता की आरज़ी, दक्षिण - डॉ. विश्वाश बंगाली की भूमि | 24.03.2025 |
| श्री योगेन्द्र प्रजापति<br>श्रीमती प्रीति प्रजापति | 1. Issuance Date - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/JBLP/A000000524<br>3. Total Amount Due - Rs. 40,90,718 /- ( Forty Lacs Nintey Thousand Seven Hundred Eigteen Only ) | मौजा- कंदेली पटवारी हल्का नंबर 17/41 एन.बी 36 ग्राम पंचायत कंदेली रानी अवंती बाई वार्ड नंबर 28 तहसील एवं जिला नरसिंहपुर खसरा नंबर 106/2/15 एवं खसरा नंबर 106/2/13 क्षेत्रफल - 1500 वर्गफीट सीमाएँ - पूर्व - सड़क, पश्चिम - अमित प्रजापति की भूमि, उत्तर - उषा प्रजापति की भूमि, दक्षिण - कच्चा रास्ता | 24.03.2025 |
| श्री अरुण सिंह<br>श्रीमती मोहनी देवी लोध<br>श्रीमती रामसखी लोध | 1. Issuance Date - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/KTNI/A000000370<br>3. Rs. 14,90,076 /- ( Fourteen Lacs Nintey Thousand Seventy Six Only ) | ग्राम माधोगंज पटवारी हल्का 14/19 आरएनएम खसरा नंबर 162/1का/1/23 अजयगढ़ तहसील अजयगढ़ जिला। पन्ना, शहरी, पन्ना, मध्य प्रदेश, भारत - 488222 क्षेत्रफल - 1350 वर्ग फुट। सीमाएँ - पूर्व - 15 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम - मैयादीन यादव की भूमि, उत्तर - मैयादीन यादव की भूमि, दक्षिण - चंद्रकली गुप्ता का प्लॉट | 25.03.2025 |
| श्री जीतेन्द्र दहिया<br>श्री रमेश प्रसाद दहिया<br>श्रीमती आशा देवी | 1. Issuance Date - 14-11-2024<br>2. MP/KTN/SHDL/A000000142 & MP/KTN/SHDL/A000000308<br>3. Rs. 7,59,327 /- (Seven Lacs Fifty Nine Thousand Three Hundred Twenty Seven Only ) | ग्राम सरीकापा, खसरा नंबर 529 पटवारी हल्का नंबर 98 आरएनएम बुढ़ार तहसील सोहागपुर जिला शहडोल, शहरी, शहडोल, मध्य प्रदेश, भारत - 484110 क्षेत्रफल - 0.55 हेक्टेयर सीमाएँ - पूर्व - सामरो की भूमि, पश्चिम - वासुदेव की भूमि, उत्तर - विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण - लमझा मेहरा की भूमि | 25.03.2025 |
| श्री निखिल सिंह<br>श्री नितिन सिंह ठाकुर<br>श्रीमती संगीता सिंह | 1. Issuance Date - 14-11-2024<br>2. MP/KTN/SHDL/A000000295<br>3. Rs. 12,44,016 /- (Twelve lacs Forty Four Thousands Sixteen Only ) | मौजा – खिरहनी एन.बी. नं. 407 पटवारी हल्का नं. 40 मुरवारा -1 राम जानकी वार्ड नं. -18 तहसील एवं जिला क्षेत्र - 1500 वर्गफुट या 139.40 वर्गमीटर सीमा - पूर्व - शरम जी का मकान, पश्चिम - विक्रेता का मकान, उत्तर - सड़क, दक्षिण - सह-स्वामियों की बेची गई आराजी | 25.03.2025 |
| श्री पंकज कुमार शर्मा<br>श्रीमती ममता शर्मा<br>श्रीमती पूजा शर्मा | 1. Issuance Date - 20-11-2024<br>2. MP/KTN/SHDL/A000000336<br>3. Rs. 11,11,440 /- (Elven Lacs Elven Thousand Four Hundred Forty Only ) | वार्ड क्रमांक 01 धनपुरी खसरा क्रमांक 85/1/1/6/1/1/1 फोन नं.25 धनपुरी तहसील बुढ़ार जिला शहडोल, शहरी, शहडोल, मध्य प्रदेश, भारत - 484110 क्षेत्र - 1600 वर्गफुट या 148.70 वर्गमीटर सीमाएं - पूर्व - सड़क, पश्चिम - विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर - सड़क, दक्षिण - विक्रेता की शेष भूमि | 25.03.2025 |
| श्री राजू भारती<br>श्रीमती विभा भारती | 1. Issuance Date - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/KTNI/A000000478<br>3. Rs. 14,66,382 /- ( Fourteen Lacs Sixty Six Thousand Three Eighty Two Only ) | मौजा पहरुआ पटवारी हल्का नंबर 29/40 एन.बी नंबर 142 खसरा नंबर 135/3/1 आरएनएम मुरावरा -1 नगर पालिका निगम तहसील कटनी नगर जिला कटनी क्षेत्रफल - 739.5 वर्गफुट या 68.72 वर्गमीटर सीमाएँ - पूर्व - गुलाम रहमान की भूमि, पश्चिम - विक्रेता का घर, उत्तर - 20 फीट चौड़ी प्रस्तावित सड़क, दक्षिण - चक्रवती की भूमि | 25.03.2025 |
| श्री विनोद सिंह मरावी<br>श्रीमती चंद्रा देवी सिंह | 1. Issuance Date - 14-11-2024<br>2. MP/KTN/SHDL/A000000237<br>3. Rs. 14,80,422 /- ( Fourteen Lacs Eighty Thousand Four Hundred Twenty Two Only ) | मौजा लालपुर पटवारी हल्का उमरिया तहसील बांधवगढ़ जिला उमरिया आरज़ी खसरा नं. 107/4/1 क्षेत्रफल - 1600 वर्ग फीट<br>सीमा - पूर्व - दानदाता की शेष भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - रवि सिंह का मकान, दक्षिण - 6 फीट सड़क | 25.03.2025 |
| श्री राकेश यादव<br>श्रीमती गुड्डी बाई<br>श्री अवसर लाल यादव | 1. Issuance Date - 28-10-2024<br>2. MP/KTN/SHDL/A000000210<br>3. Rs. 8,11,750 /- (Rupees Eight Lacs Elven Thousand Seven Huundred Fifty Only ) | खसरा नंबर 448/2 स्थित ग्राम बम्हौरी पी.एच.नं. 24 बम्हौरी तहसील बरही एवं जिला कटनी (म.प्र.), क्षेत्रफल 1800 वर्गफीट<br>सीमाएँ - पूर्व - अवसर लाल यादव की भूमि, पश्चिम - सीसी रोड, उत्तर - सीसी रोड, दक्षिण - सोने लाल गुप्ता का घर | 25.03.2025 |
| श्री सुषमा गुप्ता<br>श्री अरुण कुमार गुप्ता | 1. Issuance Date - 28-10-2024<br>2. MP/KTN/SHDL/A000000182 & MP/KTN/SHDL/A000000280<br>3. Rs.16,96,355 /- (Rupees Sixteen Lacs Nintey Six Thousand Three Hundred Fifty Five Only ) | खसरा नंबर 726/3/2, ग्राम करकेली, तह करकेली, जिला. ग्रामीण उमरिया, मध्य प्रदेश, भारत - 484661, क्षेत्रफल 0.405 हेक्टेयर<br>सीमाएँ - पूर्व - संपत महोबिया की भूमि, पश्चिम - एन.एच 43, उत्तर - संपत महोबिया की भूमि, दक्षिण - गुलजार महोबिया की भूमि | 25.03.2025 |
| श्री अमरीश राय<br>श्रीमती सपना राय | 1. Issuance Date - 07-10-2024<br>2. MP/JBR/KTNI/A000000205<br>3. Rs. 11,00,057/- (Eleven lacs and Fifty Seven Only ) | मौजा बरनमहगवा, पीएच नं. 17, खसरा नंबर 1127/2 आरएनएम बरही, तहसील कटनी जिला कटनी मध्य प्रदेश, भारत - 483770 माप क्षेत्रफल 2400 वर्ग फुट या 223 वर्ग मीटर सीमाएं इस प्रकार हैं: - पूर्व - सड़क, पश्चिम - चनईलाल की संपत्ति, उत्तर - चनईलाल राय की भूमि, दक्षिण - चावल मिल और गोदाम चनईलाल | 25.03.2025 |
| श्री नीरज कुमार शर्मा<br>श्री मेघ शर्मा<br>श्री शिव शर्मा | 1. Issuance Date - 07-10-2024<br>2. MP/JBR/KTNI/A000000224<br>3. Rs. 4,65,165/- (Four Lacs Sixty Five Thousand One Hundred Sixty Five Only ) | ग्राम खिरहनी एन बी 407, पी एचएनओ। 41/44, खसरा नंबर 1524/1 तहसील कटनी जिला कटनी, मध्य प्रदेश, भारत - 483501 कुल क्षेत्रफल 2279 वर्ग फीट। सीमाएं इस प्रकार हैं: - पूर्व - सरकार की भूमि, पश्चिम - विक्रेता की भूमि, उत्तर - प्रस्तावित सड़क, दक्षिण - विक्रेता की भूमि | 25.03.2025 |
| श्री सुनील तिवारी<br>श्रीमती सुषमा तिवारी | 1. Issuance Date - 14-11-2024<br>2. MP/JBR/KTNI/A000000203 & MP/JBR/KTNI/A000000260<br>3. Rs. 11,31,592 /- ( Eleven Lacs Thirty One Thousand Five Hundred Nintey Two Only ) | मौजा घुरपुरा, इंद्रा गांधी वार्ड क्रमांक 20, पीएच नंबर 43, रामनम मैहर तह. मैहर जिला सतना, शहरी, सतना, मध्य प्रदेश, भारत – 485661 क्षेत्र - 1200 वर्गफुट या 111.52 वर्गमीटर<br>सीमाएं - पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - 25 फीट रोड, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - विक्रेता की भूमि | 25.03.2025 |
| श्री आशीष कुमार दीवान<br>श्री पूजा पनिका | 1. Issuance Date - 25-11-2024<br>2. MP/KTN/SHDL/A000000125 & CO/CPC/CPOF/A000001510<br>3. Rs. 14,88,861 /- ( Fourteen Lacs Eighty Eight Thousand Eight Hundred Sixty One Only ) | ग्राम गोरतरा जे एन 234, पी एच नंबर 71, खसरा नंबर 31/2/1/2 तह सोहागपुर जिला शहडोल, मध्य प्रदेश, भारत – 484001 कुल क्षेत्रफल – 1800 वर्ग फीट<br>चार सीमाएं - पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - विक्रेता की भूमि, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - सड़क | 25.03.2025 |
| श्री नीरज कुमार द्विवेदी<br>श्री सुशीला द्विवेदी | 1. Issuance Date - 05-08-2024<br>2. MP/KTN/SHDL/A000000224<br>3. Rs. 9,22,762/- (Nine Lacs Twenty Two Thousand Seven Hundred Sixty Two Only | ग्राम माहुरी, उमरिया, आराजी खसरा नं. 312/ पटवारी हल्का माहुरी, तहसील, पिनकोड - 484661 - कुल क्षेत्रफल 2400 वर्ग मीटर। चार सीमाएं - पूर्व: लक्ष्मी द्विवेदी का मकान, पश्चिम: जयभान द्विवेदी के मकान वाली गली, उत्तर - सड़क, दक्षिण: दानदाता की बची हुई जमीन | 25.03.2025 |
| श्री विजय तिवारी<br>श्रीमती संध्या तिवारी | 1. Issuance Date - 13-09-2024<br>2. MP/JBR/KTNI/A000000373<br>3. Rs. 5,42,434/- (Five Lacs Forty Two Thousand Four Hundred Thirty Four Only | मौजा चारी पी.एच नंबर 44 खसरा नंबर 418 वार्ड नंबर 9 तहसील विजयराघवगढ़ जिला कटनी मध्य प्रदेश-483775 - कुल क्षेत्रफल 750 वर्ग। चार सीमाएँ - पूर्व - सोनेलाल का घर, पश्चिम - शिव कुमार का घर, उत्तर - सड़क, दक्षिण - संतोष पटवारी का घर | 25.03.2025 |

#### वैधानिक नोटिस उधारकर्ताओं / जमानतदार

उधारकर्ताओं / जमानतदारों को स्टेटमेंट नोटिस द्वारा सावधानी पूर्वक कहा जाता है कि संपत्ति को किसी भी समय सार्वजनिक नीलामी / निविदाओं के माध्यम से बेंचा जा सकता है और इस तरह इसे सुरक्षा ( बयाज ) प्रवर्तन नियम 2002 नियम 6, 8 और 9 के तहत एक नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है। प्राधिकारी अधिकारी मोबाईल नं.- Vaibhav Shrivastav - 7987969803, Rajesh Chakotiya - 84355 71111, Shivendra Mishra - 8839287191, Sameer Singh - 9584290575

दिनांक - 29/03/2025

प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड


## योगी सरकार की पहल : प्रोजेक्ट अलंकार से संस्कृत विद्यालयों को नया जीवन



**लखनऊ, ( आईएएनएस )।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रोजेक्ट अलंकार के तहत अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस योजना के तहत प्रदेश के 7 जिलों में स्थित 11 संस्कृत विद्यालयों में कक्षों का निर्माण, जीर्णोद्धार और आधुनिक सुविधाओं जैसे लैब, आधुनिक कक्षाएं और अन्य अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जाएगा, ताकि छात्रों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सके। संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने और प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को संरक्षित करने की दिशा में योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

बता दें कि योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अशासकीय सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालयों के लिए 100 करोड़ रुपये के बजट का प्राविधान किया है। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत 100 छात्रों की संख्या पूरी करने वाले देवरिया के दुर्गी जी संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अहिल्यापुर, बरहज में नई कक्षाओं का निर्माण, चहारदीवारी के निर्माण के साथ-साथ शौचालय की समुचित व्यवस्था करने के लिए विकास कार्यों को जमीन पर उतारा जा रहा है। इसके लिए बाकायदा शासनादेश भी जारी किया गया है। इसके तहत अयोध्या के श्री रघुवर संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वर्गद्वार में दो नई कक्षाएं बनाई जाएंगी, जबकि श्री बलवंत आदर्श संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दुगवा, देवगढ़ में 5 कक्षाओं का जीर्णोद्धार और एक नई कक्षा का निर्माण होगा।

गौतमबुद्धनगर के गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक संस्कृत विद्यालय, सिकंदराबाद, मंडी श्याम नगर में 6 कक्षा और सीढ़ियों का निर्माण किया जाएगा। आजमगढ़ के श्री धर्म संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जिंदोपुर में 1 शिक्षण कक्ष का निर्माण होगा। इसके साथ ही प्रोजेक्ट अलंकार के तहत इन विद्यालयों के पुनर्मिणाण, विस्तार और विद्युतीकरण के कार्यों को संपन्न कराया जा रहा है।

वाराणसी में 5 विद्यालय इस योजना से लाभान्वित होंगे। श्री भगवान विष्णु स्वामी सतुआ बाबा संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गढ़वासी तोला, श्री रुद्र भद्रात्म संस्कृत विद्यालय, अरथ, भोपापुर, श्री सरस्वती संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुस्वट, राजापुर, चोलापुर और श्री आदर्श शंकर संस्कृत विद्यालय, मरुई में कक्षाओं का निर्माण और जीर्णोद्धार होगा। श्री आदर्श शंकर संस्कृत विद्यालय में 3 कक्षा-कक्ष, 1 प्रधानाचार्य कक्ष, कार्यालय कक्ष और बरामदा भी बनाया जाएगा। इसके अलावा, श्री अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, शिवपुर में 6 कक्षा-कक्षों, सीढ़ी, बरामदे और विद्युतीकरण कार्य होंगे। शाहजहांपुर के सावित्री देवी धार्मिक संस्कृत महाविद्यालय, तिलहर में दो नए कमरों और एक शौचालय का निर्माण किया जाएगा।

प्रोजेक्ट अलंकार के तहत इन 11 संस्कृत विद्यालयों में न केवल कक्षा-कक्षों का निर्माण और जीर्णोद्धार होगा, बल्कि आधुनिक सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा। इन स्कूलों में आधुनिक लैब और अन्य अवस्थापना सुविधाएं स्थापित की जाएंगी, ताकि छात्रों को आधुनिक तकनीक के साथ संस्कृत शिक्षा का लाभ मिल सके। पहले इन स्कूलों में संसाधनों की कमी के कारण कक्षाओं की स्थिति खराब थी, लेकिन अब आधुनिक कक्षाएं, लैब के निर्माण से छात्रों को एक बेहतर और आधुनिक शैक्षिक वातावरण मिलेगा। यह योजना न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाएगी, बल्कि संस्कृत के प्रति रुचि को भी प्रोत्साहित करेगी।

सीएम योगी ने हमेशा से संस्कृत शिक्षा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण को प्राथमिकता दी है। प्रोजेक्ट अलंकार के जरिए इन स्कूलों में आधुनिक सुविधाओं का विकास न केवल छात्रों के लिए लाभकारी होगा, बल्कि शिक्षकों को भी बेहतर कार्य वातावरण प्रदान करेगा। संस्कृत शिक्षा को नई दिशा देने के उद्देश्य से और प्राचीन ज्ञान परंपरा को आधुनिकता के साथ जोड़कर योगी सरकार इसे और सशक्त बना रही है।

## मुर्मु करेंगी पर्यावरण सम्मेलन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म शनिवार को राष्ट्रीय हरित अधिकरण के पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करेंगी जबकि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को इसके समापन में शामिल होंगे। अधिकरण ने शुक्रवार को बताया कि पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 29 और 30 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जा रहा है। मुर्मु सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी और धनखड़ इसके समापन में मौजूद रहेंगे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**JAWAHARLAL NEHRU KRISHI VISHWA VIDYALAYA, JABALPUR**
**SHORT TENDER NOTICE**

No. E.E./Tender /2025/2270 Dated- 26/03/2025

Sealed tender are invited from Registered Contractor/ Firm in PWD/MES/CPWD by Registered post /Speed post only for Digging of Tube well 400mm/200mm with UPVC Pipe (Gravel Pack tube well) at Near Farm (Tank) Area, J.N.K.V.V., Jabalpur. The detailed specification and tender document can be obtained from the office of the undersigned on payment of Rs.1,000/-.
The last date of issue of the tender document 04/04/2025 up to 5.00PM.
The last date of submission of tender document 15/04/2025 up to 5.00PM.
Date of opening of the tender - Next working day

IPRO/EE/2025/20 Executive Engineer



**पश्चिम मध्य रेल**

**विद्युत विभाग(कर्षण-वितरण शाखा) जबलपुर ▪ ई-निविदा सूचना**

**वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते है। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए।

**(1) एन.आई.टी. नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2024-41, दिनांक 27.03.2025. कार्य का नामः आरडीएसओ विनिर्देश संख्या टीआई/एसपीसी/आरसीसी/एससीडीए/0130 (संशोधन 1) के अनुसार या जेबीपी डिवीजन के बीना-कटनी अनुभाग के नवीनतम संशोधनों के अनुसार सभी सॉफ्टवेयर, आरसीसी उपकरण, बैटरी, यूपीएस, प्रिंटर इत्यादि और आरटीयू के साथ 4 वर्ष की अवधि के लिए स्काडा प्रणाली का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। कार्य की अवधिः** 48 माह। **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू):** ₹ 51,28,718.25 (₹ इक्यावन लाख अठ्ठाईस हजार सात सौ अठारह और पच्चीस पैसे मात्र)। **बयाना राशिः** ₹ 1,02,600/-.

**(2) एन.आई.टी. नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2024-29RR, दिनांक 27.03.2025. कार्य का नामः जबलपुर मंडल में फ्लैश इंसुलेटर और कंपोजिट इंसुलेटर का प्रतिस्थापन। कार्य की अवधिः** 12 माह। **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू):** ₹ 68,75,851/- (₹ अडसठ लाख पचहत्तर हजार आठ सौ इक्यावन मात्र)। **बयाना राशिः** ₹ 1,37,500/-.

**उपरोक्त दोनों एन.आई.टी. के लिए:- कार्य स्थलः** जबलपुर मण्डल। **निविदा जमा करने/ खुलने की अंतिम तिथि एवं समयः** 28.04.2025, 15.00 बजे/28.04.2025, 15.30 बजे। **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाईटः https://www.ireps.gov.in.** निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई आर ई पी एस की माध्यम से **https://www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धिपत्रों हेतु IREPS की वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

**स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर**


## प्रथम पृष्ठ का शेष

### केन्द्र सरकार ने बढ़ाया....

बाद अब केंद्रीय कर्मचारियों का डीए बढ़कर मूल वेतन का 55 प्रतिशत हो गया है।

**सप्लाई चेन में आत्मनिर्भर बनेगा देश**- एक अन्य निर्णय में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 22,919 करोड़ रुपये के वित्तपोषण के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना को मंजूरी दी। इस योजना का उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में बड़े वैश्विक और घरेलू निवेश को आकर्षित करके एक मजबूत घटक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना, क्षमता और योग्यता विकसित करके घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) को बढ़ाना और भारतीय कंपनियों को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत करना है।

### बोलने की आजादी.....

व्यक्त किए गए विचारों को नापसंद करते हों, लेकिन व्यक्ति के विचार व्यक्त करने के अधिकार का सम्मान और संरक्षण किया जाना चाहिए। कविता, नाटक, फिल्म, व्यंग्य, कला सहित साहित्य मनुष्य के जीवन को अधिक सार्थक बनाता है। इससे पहले 3 जनवरी को प्रतापगढ़ी पर जामनगर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के दौरान कथित भड़काऊ गीत गाने के लिए मामला दर्ज किया गया था। कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतापगढ़ी पर अन्य धाराओं के अलावा भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (धर्म, जाति आदि के आधार पर नफरत को बढ़ावा देना) और 197 (राष्ट्रीय एकता के लिए खतरनाक दावे) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### मेडिकल कॉलेज आरंभ करें....

लिए नवाचारों के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए नए-नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन और कुशल नेतृत्व में प्रदेश को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए प्रदेशवासी प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने शासकीय विश्वविद्यालयों की दो पेंशनर्स समितियों को एक-एक लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों के कल्याण के लिए राज्य सरकार संवेदनशीलता के साथ सक्रिय है। राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों के हित में कई निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रदेश के सभी शासकीय विश्वविद्यालयों के पेंशनर्स, अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और इनसे संबंधित सभी संघों ने सामूहिक रूप से सम्मान और अभिवादन किया।

### म्यांमार-थाईलैंड में....

दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले में एक बचावकर्मी ने बताया कि भूकंप की वजह से वहां भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने मौतों को लेकर कोई आंकड़ा तो नहीं बताया, लेकिन उन्होंने कहा कि जिस तरह का नुकसान देखने को मिल रहा है, उससे ये आशंका है कि मरने वालों की संख्या 100 से ज्यादा है। रेड क्रॉस का भी कहना है कि काफी नुकसान हुआ है। रेड क्रॉस एक अंतर्राष्ट्रीय मानवीय संगठन है जो युद्ध और आपदाओं से प्रभावित लोगों की मदद करता है।

**भूकंप से हुआ काफी नुकसान**-रेड क्रॉस ने कहा, ''शुरुआती जमीनी खबरों से संकेत मिल रहा है कि भूकंप से काफी नुकसान हुआ है। मानवीय सहायता को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।'' ग्रेटर बैंकॉक क्षेत्र में 1.70 करोड़ से अधिक लोग रहते हैं, जिनमें से कई ऊंची इमारतों में रहते हैं। बैंकॉक के सिटी सेंटर में एक कार्यालय इमारत में काम करने वाली अप्रैल कनिचवानाकुल ने बताया कि उन्हें पहले तो यह एहसास ही नहीं हुआ कि यह भूकंप है क्योंकि पहली बार उन्होंने भूकंप का सामना किया है।


**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**
**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. / अ- 6/ वर्ष-2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेखित एवं वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 11/04/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावे/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विधमान अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का नाम/पिता/माता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 08 | कंदेली | 10/35 | 945 वर्गफुट में से 542 | आशारानी पति शरद कुमार तिवारी सा. कंदेली | कृष्णा तिवारी उर्फ प्रियांश तिवारी आ.प्रशांत तिवारी निवासी राजीव गांधी वार्ड कंदेली |

आज दिनांक- 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी नरसिंहपुर



**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**
**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. / अ- 6/ वर्ष-2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेखित एवं वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 11/04/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावे/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विधमान अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का नाम/पिता/माता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 08 | कंदेली | 10/35 | 945 वर्गफुट में से 403 | आशारानी पति शरद कुमार तिवारी सा. कंदेली | श्रीमति विनीता पाण्डे पुत्री शरद कुमार तिवारी निवासी राजीव गांधी वार्ड सिविल लाइन कंदेली |

आज दिनांक- 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी नरसिंहपुर


## बलूचिस्तान : बंदूकधारियों ने की छह यात्रियों की हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में संदिग्ध उग्रवादियों ने पंजाब प्रांत के छह लोगों को एक यात्री बस से नीचे उतार लिया और गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, पांच यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने बाद में दम तोड़ दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हफीज बलूच ने बताया कि यह हमला प्रांत के ग्वादर जिले में उस समय हुआ जब बुधवार देर रात हथियारबंद लोगों ने ओरमारा राजमार्ग पर कलमत क्षेत्र के पास ग्वादर से कराची जा रही एक यात्री बस को रोक लिया।

बंदूकधारियों ने बस से कुछ यात्रियों को उतारा और छह लोगों को गोली मार दी। बलूच ने बताया कि पांच यात्री मौके पर ही मारे गए, जबकि जीवित बचे एक व्यक्ति की बृहस्पतिवार सुबह अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने कहा, ''हथियारबंद लोगों ने यात्रियों के पहचान-पत्र जांचने के बाद छह यात्रियों की हत्या कर दी और तीन अन्य को अपने साथ ले गए।''


**कार्यालय नगर पालिका परिषद पाली, जिला-उमरिया (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत सप्लायरों / फर्म से ऑनलाईन निविदायें आँमत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://gem.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | बिड क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BID NO: GEM/2025/B/6090968 Date 27-03-2024 | SUPPLY OF HAND PUMP MATERIAL AS PER REQUIRED DEMAND | 1- 30 दिवस<br>2- 10.00 लाख | 2- 10000.00 | 11/04/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://gem.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पाली, जिला - उमरिया (म.प्र.)

# देश-प्रदेश

उवाच

## बिना मुआवजा छीनी जा रही आदिवासियों की जमीन : पटवारी



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी गरीब-किसानों का साथ देने की बात करते हैं, जो किसानों के हितों की लड़ाई के लिए भूमि कानून लेकर आए थे, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की जमीनों पर उनका हक होगा, किंतु मप्र सरकार लैंड पूलिंग एक्ट लेकर आई, जिससे किसानों, आदिवासियों की जमीन बिना मुआवजा दिए उनसे छीनी जा रही है। सिंगरौली में कहा कि यदि 5 सौ एकड़ जमीन किसानों की छीनी गई तो नुकसान किसानों का ही हुआ। जमीन तो गई, आपके बेटे-बेटियों को रोजगार भी नहीं मिला। श्री पटवारी सिंगरौली में कंपनियों द्वारा भूस्वामियों, विस्थापितों एवं युवा बेरोजगारों के साथ किए जा रहे अन्याय के खिलाफ जनाक्रोश आंदोलन में बोल रहे थे।

राजभवन में 'कर्मयोगी बनें' कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ, राज्यपाल ने कहा-

# 21वीं सदी भारत की होगी



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश इतिहास के ऐसे पड़ाव पर पहुंच गया है, जहां से साफ दिख रहा है कि 21वीं सदी भारत की सदी होगी। कर्मयोगी भाव, भावनाओं के साथ विकसित भारत के लिए प्रतिबद्ध प्रयास समय की जरूरत है। हमारे कर्मयोग दैनिक जीवन में उच्चतर उद्देश्य के लिए आगे बढ़ने का वह रास्ता है जो व्यक्तिगत उन्नति के साथ समाज सुधार और सेवा का प्रभावी साधन है।

यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर कही। इस कार्यशाला में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार विशेष रूप से मौजूद थे। राज्यपाल ने कहा कि आज हमारे देश ने ज्ञान, विज्ञान, अर्थव्यवस्था सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। दुनिया में भारत की नई पहचान और साख बनी है। हमारा देश ऐसे मोड़ पर है, जहां से एकजुट और एकमत प्रयासों से राष्ट्र विकास की नई इबारत लिखी जा सकती है। श्री पटेल ने कहा कि विकसित भारत निर्माण के लिए कर्मयोगी, भावी पीढ़ी का निर्माण शिक्षकों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में कर्मयोगी बनने के लिए काम की प्रकृति चाहे जो भी हो, व्यक्ति लाभ की इच्छा, परिणाम, सफलता और असफलता किसी की भी चिंता किए बिना लगातार कार्य करना होगा। कार्यशाला को उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, मानव संसाधन क्षमता निर्माण आयोग, मिशन कर्मयोगी के सदस्य प्रोफेसर बाला सुब्रह्मण्यम, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स आई.आई.टी. कानपुर के अध्यक्ष पद्मश्री के. राधाकृष्णन, यूनाइटेड कॉन्शियसनेस के ग्लोबल संयोजक विक्रांत सिंह तोमर ने भी संबोधित किया। इसके पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव का राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के.सी. गुप्ता और अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने छिंदवाड़ा के पारंपरिक बुनकरों द्वारा तैयार उत्तरीय परिधान और पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया।

### प्रदेश में तमिल, तेलुगू आदि भाषा पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाएगा : डॉ. यादव

कार्यशाला में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश राष्ट्र नीति के संकल्प पथ पर प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारी विभिन्न भाषाएं, बोलियां, मनोभाव और मूकभाव सभी संस्कृति के वह आभूषण है, जिन पर हमें गर्व है। प्रदेश में अन्य भाषाओं तमिल, तेलुगू आदि पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रदेश में प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मिशन कर्मयोगी के लिए राष्ट्रीय विशेषज्ञों को शामिल करते हुए कमेटी बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर्मयोगी ऋषि परंपरा का अक्षरक्ष: प्रतिरूप है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की विशालता अद्भुत है, जो अतिरंजित बातों को भी सुन लेती है। सही, अच्छी बातों को सद्भावना के साथ लेकर आगे चलती है। इसीलिए आज दुनिया भारतीय दर्शन से प्रेरणा प्राप्त कर रही है। डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति का दायरा असीमित है, जिसमें सारे ब्रह्मांड के कल्याण का चिंतन है। भारत के तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालय जैसे ज्ञान के केंद्र सम्पूर्ण मानवता के लिए कार्य करते थे।

मुख्यमंत्री ने संबल के हितग्राहियों को भेजी 505 करोड़ की राशि, बोले-

# संबल योजना मुश्किल वक्त में जरूरतमंदों का सहारा है



**भोपाल, देशबन्धु।** रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के अलावा भी ऐसी जरूरतें होती हैं, जिनके लिए पैसा जरूरी होता है। प्रसूति, बीमारी, दिव्यांगता और किसी अपने को खो देने जैसे मुश्किल समय में कई बार हम स्वयं को असहाय महसूस करते हैं। संबल योजना ऐसे ही मुश्किल वक्त में जरूरतमंद के आंसू पोछती है और उनको सहारा प्रदान करती है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कही।

उन्होंने मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत प्रदेश के 23 हजार 162 श्रमिक परिवारों के खातों में 505 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करने के बाद परिवारों को मंत्रालय से वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि परिश्रम से अपने और अपने परिवार का जीवन चलाने वाले श्रमिक ही प्रदेश के विकास की नींव हैं। परिश्रम से ही हमारी प्रतिभा निखरती है और आने वाली पीढ़ी के सुखद भविष्य का मार्ग भी बनता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई में अच्छा कर रहे विद्यार्थियों को स्कूटी और लेपटॉप देकर प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार शुचिता-पारदर्शिता और दक्षता के साथ जनकल्याण और विकास के लिए कार्य कर रही है। इसी क्रम में संबल योजना का बैकलॉग भी समाप्त किया जा रहा है। डॉ. यादव ने बताया कि संबल योजना में अब तक 6 लाख 58 हजार से अधिक परिवारों को 5 हजार 927 करोड़ रुपए से अधिक के हितलाभ दिए जा चुके हैं। राज्य सरकार ने गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स को असंगठित श्रमिक मानते हुए 1 मार्च 2024 से उन्हें संबल योजना में उन्हें शामिल करने का निर्णय लिया है। श्री मोदी की पहल पर सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामय-योजना में शामिल किया गया है। गरीब बहनों को गर्भावस्था के समय काम पर न जाना पड़े और उन्हें पोषण भी मिलता रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने ऐसी बहनों को 16 हजार रुपए देने की व्यवस्था की है।

डॉ. यादव ने कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से जुड़े संबल योजना के हितग्राहियों से वर्चुअली चर्चा की। इस क्रम में उन्होंने मंदसौर की श्रीमती अंजली रैकवार, खरगोन की श्रीमती प्रेमलता कर्मा, शहडोल की श्रीमती मन्नू ढीमर, दतिया की श्रीमती कल्लन वाल्मीक, सीहोर की श्रीमती शिव कुमारी से बातचीत की। डॉ. यादव ने कार्यक्रम में जुड़े सभी हितग्राहियों से लाड़ली बहना योजना, आयुष्मान योजना, खाद्यान्न पर्ची, उज्जवला योजना जैसी सभी कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने का आहवान किया। कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना वर्ष 2018 में प्रारंभ हुई थी। योजना के प्रारंभ से अब तक 5 हजार 927 करोड़ रुपए का लाभ हितग्राहियों को मिल चुका है। उन्होंने कहा कि योजना में अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत श्रमिक की दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपए की राशि, सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रुपए की राशि दी जाती है।

### मंदसौर , खरगौन, शहडोल, दतिया और सीहोर के हितग्राहियों से की चर्चा


## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/

दिनांक 28/03/2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती इंदू उपाध्याय पिता श्री लल्लन उपाध्याय ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं.-140 चग्गर फार्म हाउस के पास चैतन्य सिटी तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 47000706, 1000382250, पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1709 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1500 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती रागिनी विश्वकर्मा पति श्री भोलाराम विश्वकर्मा एवं भोलाराम पिता बैश का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 3566

संभागीय अधिकारी

संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

## नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 214

2024-2025 दिनांक 27/03/2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती रामरती पाटकर, पति- श्री भगवान दास पाटकर** भवन क्रमांक 1227/ए, खसरा नं. 11/1/2 का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 1000426859 जलकर पिन नं. ......, पर **पंजीकृत गृहस्वामी** -श्रीमती अनसुईया राय, पति श्री सोहन लाल राय, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड ,** निर्मित क्षेत्रफल 2100 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 1200 व.फु., **विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर


कटे तालू और होंठ के चलते परिजनों ने छोड़ दिया था, अब लौटी मासूम के जीवन में खुशियां

# झाबुआ के जंगल में मिला था लावारिस मासूम, अमेरिकन दंपत्ति ने लिया गोद

• धर्मेंद्र पंचाल

**झाबुआ, देशबन्धु।** झाबुआ जिले के पेटलावद के जंगल में लावारिश मिले 2 माह के मासूम के जीवन में फिर खुशियां लौट आई हैं। उसे अमेरिका के दंपत्ति ने गोद लिया है और वह इंदौर पहुंच भी गए हैं। यही नहीं मासूम ने अपने नए माता-पिता के साथ बुधवार को संजीवनी सेवा संगम संस्था में अपना जन्म दिन भी मनाया। विदेशी दंपति द्वारा गोद लिए गए बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनवा लिया गया है। बच्चे के पासपोर्ट के लिए प्रक्रिया चल रही है। तब तक यह विदेशी दंपति इंदौर में ही रहेंगे। बच्चे का पासपोर्ट बनते ही वे उसे लेकर अमेरिका रवाना हो जाएंगे।

दरअसल, क्लेफ्ट पैलेट (कटे तालू) और क्लेफ्ट लिप (कटे होंठ) की समस्या के साथ जन्मे दो माह के बच्चे को उसके माता-पिता ने जंगल में छोड़ दिया था। इसके बाद मासूम को झाबुआ के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से उसे इंदौर के संजीवनी सेवा संगम संस्था भेजा गया। यहां उसकी तीन सर्जरी हुई। यहां उसका इलाज हुआ



और नया जीवन मिला। घटना के 6 महीने बाद अब एक अमेरिकी दंपत्ति इस बच्चे को अपनाकर उसे परिवार और नया जीवन देने जा रहा है। संजीवनी सेवा संगम के सामाजिक कार्यकर्ता राहुल कोली ने बताया कि बच्चे के जैविक माता-पिता की तलाश के कई प्रयास किए गए, लेकिन वे नहीं मिले। इसके बाद, कानूनी प्रक्रिया के तहत बच्चे को दत्तक ग्रहण के लिए विधि मुक्त घोषित किया गया और उसकी संपूर्ण जानकारी केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण पोर्टल पर अपलोड की गई।

**पोर्टल के माध्यम से बच्चे को गोद लेने की दी मंजूरी-** संस्था सुपरिटेंडेंट आशा सिंह ने बताया कि अमेरिका के दत्तक दंपत्ति ने सीएआरए पोर्टल के माध्यम से बच्चे को गोद लेने की मंजूरी दी। इस प्रक्रिया में अधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण एजेंसी ने उन्हें आवश्यक दस्तावेज तैयार करने में सहायता की। सीएआरए द्वारा अनुमोदन प्रदान करने के बाद, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, रामनिवास बुधौलिया (महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी) ने इस केस से संबंधित दस्तावेज तैयार कर अपर कलेक्टर रोशन राय के समक्ष प्रस्तुत किए। अपर कलेक्टर ने बच्चे का अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण आदेश जारी किया गया। इसके बाद संस्था ने बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र और पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया शुरू की।

### तलाश के बाद भी नहीं मिले जैविक माता-पिता

बच्चे को छह माह पहले पेटलावद से इंदौर लाया गया था। संस्था ने लंबे समय तक उसके माता-पिता की तलाश कि लेकिन पता नहीं लग सका। इसके बाद बाल कल्याण समिति, झाबुआ ने उसे संजीवन संस्था को देखरेख के लिए सौंपा। संस्था में आठ माताओं (महिला केयर टेकर्स) ने उसकी मां की तरह देखभाल की। स्नेह, प्यार और अपनापन दिया। उन्होंने न केवल उसकी दैनिक देखभाल की, बल्कि उसकी सेहत और विकास का भी पूरा ध्यान रखा।

### 44 सालों से सेवा में जुटी है संस्था

संजीवनी सेवा संगम, 1981 से संचालित है। संस्था अनाथ और बेसहारा बच्चों के पुनर्वास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। संस्था बच्चों को रहने, शिक्षा, स्वास्थ्य और पुनर्वास की सुविधाएं प्रदान करती है। इसी के तहत इस बच्चे को भी बाल कल्याण समिति, झाबुआ से यहां भेजा गया। संस्था की अध्यक्ष प्रफुल्ला सिंह के नेतृत्व में संस्था निरंतर बच्चों के कल्याण और पुनर्वास के लिए काम कर रही है।

## उर्वरकों पर सब्सिडी को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फॉस्फेटिक और पोटासिक (पी एंड के) उर्वरकों पर खरीफ सीजन, 2025 के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरें तय करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता शुक्रवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि खरीफ सीजन 2025 के लिए बजटीय आवश्यकता लगभग 37,216.15 करोड़ रुपये होगी। यह रबी सीजन 2024-25 के लिए बजटीय आवश्यकता से लगभग 13,000 करोड़ रुपये अधिक है।


## न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर

### आम इश्तहार

रा.प्र.क्र. 2912/अ-6/2024-25

जबलपुर, दिनांक - 19/03/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सत्यनारायण, जवाहर अग्रवाल पिता राधा किशन अग्रवाल निवासी अग्रवाल कालोनी जबलपुर के मौजा जबलपुर ब्लाक नं... प्लॉट नं. स्थित भूमि खसरा नं. 309, 310, 311 में से रकवा 4208 वर्गफुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में कमला बाई राधा किशन के नाम से दर्ज है। आवेदन के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 4/4/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 19/03/25

पेशी दिनांक : 04/04/25

तहसीलदार, अधारताल जबलपुर

र.नं.- 3555

## नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना

मैं देवी प्रसाद गोंडाने (महार) पिता श्री प्रभुदयाल गोडाने (महार) उम्र 49 वर्ष निवासी- 241 राजीव गांधी नगर सदर केन्ट जबलपुर हूं यह कि मेरे आधार कार्ड में देवी प्रसाद गोंडाने लिखा एवं जन्म तिथि 1.1.74 दर्ज है। जो कि गलत है। मैं आधार कार्ड में देवी प्रसाद गोंडाने के आगे जाति (महार) एवं जन्म ता. 27.6.1976 सुधार कर दर्ज करवाना चाहता हूं, यह कि आज दिनांक से मुझे देवी प्रसाद गोंडाने (महार) जन्म ता. 27.6.1976 सुधारा जाये एवं मुझे इसी नाम से पहचाना व लिखा जाये एवं मेरे समस्त दस्तावेजों में भी सुधार किया जाकर दर्ज किया जावे।

जबलपुर, दिनांक ........

देवी प्रसाद गोंडाने (महार)

र.नं. 3561 मो. 9827391455

(विक्रय-पत्र)

## न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्रं/1328/अ-6/2024-25

जबलपुर, दिनांक 26/03/2025

### आम इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नोखेलाल गोल्हानी पिता/पति प्रीतम दास गोल्हानी निवासी- नेपियर टाउन जबलपुर के द्वारा मौजा रानीपुर ब्लॉक नं. ....प्लॉट नं. ... स्थित भूमि खसरा नंबर 734, 725, 736, 737/1 बगैरह में से रकवा 465 व.फु. भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता मधुबाला खम्परिया / अशोक खम्परिया बगैरह जबलपुर से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 23/07/2004 से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 11/04/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-26/03/2025

पेशी दिनांक-11/04/2025

र.नं. 3564

तहसीलदार अधारताल जबलपुर

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

क्रमांक-प्र.का.से./का.से./2024-25/748, दिनांक-26.03.25

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पुरवा नं.बं. 162 प.ह.नं. 28/33 नया 7 ख.नं. 710/1 कुल रकबा 0.943 हेक्टेयर (9430.00 वर्गमीटर) भूमि पर आवासीय भूखंडीय विकास (हर्ष विहार) की अनुमति हेतु विकासकर्ता/ कालोनाईजर मेसर्स हर्ष एसोसिऐट्स अधिकृत व्यक्ति श्री हर्ष उपाध्याय निवासी- 1365 नागपुर रोड, महर्षि स्कूल के पास शास्त्री नगर जबलपुर कालोनाईजर्स द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरूद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है:- भूखंड क्रमांक- 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 41, 42, 43 कुल 11 भूखंड क्षेत्रफल 1021.86 वर्गमीटर अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति/ भूखंडो का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

प्रभारी कालोनी सेल

नगर पालिक निगम जबलपुर

## नगर पालिक निगम, जबलपुर

जोन क्र.- 07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)

क्र./सं. अधि./07/M-1ENP. No.184./2024-25

दिनांक-10.02.2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्रेता श्री राजेन्द्र उर्फ राजेन्द्र कुमार शर्मा पिता स्व. श्री धनीराम शर्मा भवन क्रमांक 866/1 संपत्ति कर/ पिन नंबर 1000361208 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी श्रीमति यशोदा शर्मा पति स्व. श्री धनीराम शर्मा के भाग पर वार्ड महर्षि महेश योगी के कुल प्लाट रकवा/ निर्मित क्षेत्रफल.. में से विक्रय प्लाट रकवा 1600 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 850 आर.सी.सी. वर्गफुट एवं प्रथम तल .. वर्गफुट पर विक्रय पत्र, वसीयत नामा, दान पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बटवारानामा लिंक प्रपत्रों, शपथ पत्र, सहमति शपथ पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमाक 07 में, प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी

क्रमांक 07, अधारताल

नगर निगम, जबलपुर

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं ARMY NO 2704238W RANK- NK/HK, NAME-SONDARVA VIRAL KUMAR AMRUT LAL, UNIT-24 GUARDS (17 GRENADIERS) R/O VILLAGE-DHORAJI, POST- DHORAJI, TEH-DHORAJI, DISTT-RAJKOT, STATE- GUJARAT PIN- 360410 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम CHHAYA एवं मेरी दूसरी पुत्री का नाम DHARA दर्ज है जो कि गलत है। मेरी पुत्री का सही नाम CHHAYA VIRALKUMAR SONDARAVA एवं मेरी दूसरी पुत्री का सही नाम SONDARVA DHARA VIRALKUMAR है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, मेरी पुत्रियों के इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

कृति

## न्यायालय तहसीलदार (ग्रामीण) जबलपुर जिला जबलपुर

रा.प्र.क्र./1995/अ-6/2024-25

### आम इश्तहार

ग्राम कैलवास तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक शैलेष ओसवाल, सिद्धार्थ ओसवाल, संकेत ओसवाल पिता स्व. शरद ओसवाल निवासी 1776-80 नेपियर टाउन जबलपुर ने ग्राम कैलवास प.ह.नं. 68 रा.नि. मं. खम्हरिया स्थित भूमि ख.नं. 356/1, 356/2, 357, 360, 361, 362, 363, 364 रकबा क्र.: 0.145, 0.075, 0.680, 0. 360, 0. 480, 0.660, 0.120, 0.290 हे. भूमि पर पंजीकृत वसीयतनामा क्रमांक MP182542021A3534765 दिनांक 06/07/2021 के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 14/04/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक- 28.3.2025

पेशी दिनांक- 14.04.2025

तहसीलदार जबलपुर

## In The Court of VI Additional District and Session Judge, District Court, Jabalpur

Presiding Officer:

विपिन सिंह भदौरिया

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)

(MJC GW/0000025/2025)

सोमन केवट ............वादी

Vs

आम जनता .........प्रतिवादी

Process Id-/2025

पेशी दि.:-29/04/2025

प्रेषिती- (1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी सोनम केवट ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 82 हिन्दू अप्रत्यक्तता एवं संरक्षण अधिनियम 1956 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 27 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(विपिन सिंह भदौरिया)

र.नं. 3557 जिला न्यायाधीश,(षष्टम), जबलपुर (म.प्र.)

## In The Court of XIX Additional District and Session Judge, District Court, Jabalpur

Presiding Officer: विवेक पटेल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)

(MCA/0000048/2025)

अशोक विश्वकर्मा ............वादी

Vs

म.प्र. शासन .........प्रतिवादी

Process Id-/2025

पेशी दि.:-28/04/2025

प्रेषिती- (1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी अशोक विश्वकर्मा ने आपके विरूद्ध एम सी ए अपील अंतर्गत आदेश 43 नियम 1 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के लिए अपील संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपील का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस अपील में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो अपील की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 21 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ अपील अंतर्गत आदेश 43 नियम 1 व्यवहार प्रक्रिया संहिता की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(विवेक पटैल)

र.नं. 3562 जिला न्यायाधीश,(उन्नीसवें), जबलपुर (म.प्र.)

Presiding Officer : ओमप्रकाश रजक

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रं.

(MJC GW/0000005/2025)

कु सृष्टि चौधरी ........... वादी

Vs

आम जनता ................ प्रतिवादी

Process Id - 2025

पेशी दिनांक : 17/04/2025

प्रेषिती-

(1) आम जनता पता- जबलपुर जिला जबलपुर । (2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कु. सृष्टि चौधरी, कु. रिया एवं कृष्णा की ओर से मां कविता चौधरी एवं अन्य द्वारा निवासी- विलहा भेड़ाघाट रोड की ओर से ग्राम नुनसर तहसील पाटन जिला जबलपुर में स्थित खसरा नं. 527/1, रकवा 0.66 हेक्टेयर में से सम्पत्ति को विक्रय करने की अनुमति के लिये इस कार्यालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 17 अप्रैल 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने सम्बंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 17 अप्रैल 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 19 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**

**टिप्पणी**- उपस्थिति हेतु समंस के आवेदन की छाया प्रति संलग्न है एवं समाचार के माध्यम से।

**कृपया ध्यान दें**- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(ओमप्रकाश रजक)

जिला न्यायाधीश

र.नं.- 3560 पाटन, जबलपुर म.प्र.

## OFFICE OF THE SECRETARY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI PATAN Distt: JABALPUR

No/Nirman/24-25/981 Patan Dated: 28.03.2025

### NOTICE INVITING TENDER

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for 1. Construction of 9 nos SHOPS CUM GODOWN SIZE 6.0X4.5 M WITH 3m VARANDAH I/C INTERNAL ELECTRIFICATION WORK, 2. Construction of 17 nos SHOPS CUM GODOWN SIZE 8.0X4.5 M WITH 3m VARANDAH I/C INTERNAL ELECTRIFICATION WORK AND 3. Construction of 05 nos SHOPS CUM GODOWN SIZE 12.0X4.5 M WITH 3m VARANDAH UC INTERNAL ELECTRIFICATION WORK AT KRISHI UPAJ MANDI YARD PATAN DISTT JABALPUR Tender Number: 2025_MPSAM_412952 _1 (PAC amount Rs. 203.489 LACS), The following works Tender to be received online up to 3:30 PM on: 19.04.2025. Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the http:// mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www.mpmandiboard.gov.in. Note: Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction / Development works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in

Secretary

Krishi Upaj Mandi Samiti Patan

Distt: JABALPUR

## न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./3728/अ-6/2024-2025

जबलपुर, दिनांक 24/03/2025

### आम इश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक नीलम पटेरिया पिता स्व. श्री रविन्द्रनाथ निवासी 809 स्नेहनगर पीएनटी गेट नं. 4 के द्वारा मौजा रानीपुर नजूल ब्लाक नंबर योजना क्र. 11 प्लॉट नं. 816 स्थित भूमि खसरा नंबर 8/9/1 में से रकवा 2400 व.फु. भूमि पर रविन्द्रनाथ मिश्रा स्व. लोचनप्रसाद मिश्रा की मृत्यु दिनांक 15/12/24 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावे सलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 08/04/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-24/03/2025

पेशी दिनांक-08/04/2025

र.नं. 3565

तहसीलदार अधारताल जबलपुर

## लिंक रजिस्ट्री गुमी

मैं शाजिया खान द्वारा मौजा अर्दवाखुर्द प.ह.न. 63 का खसरा नं. 30/1, रकबा 1074 व. फु. की रजिस्ट्री जो विक्रेता आफताब आलम पिता मो. रहमान खान निवासी- 294 आदर्श नरसिंह होम जाकिर हुसेन वार्ड जबलपुर बालों से क्रय की थी जिसकी लिंकरजिस्ट्री जो कि विक्रेता आफताब आलम पिता मो. रहमान खान ने विक्रेता चंद्रिका प्रसाद तिवारी पिता स्व. अंबिका प्रसाद तिवारी वालों से क्रय किया था जिसकी मूल प्रति मूल आवेदक के पास थी - जो कि मूल आवेदक के पास से गुम हो गई थी जिसकी शिकायत हेतु उक्त अखेदन मूल आवेदक द्वारा पनागर थाना में दिया गया है। जिस किसी को प्राप्त हो भिजवाने का कष्ट करें। उचित ईनाम दिया जायेगा।

शाजिया खान

गोरखपुर जबलपुर (म.प्र.)

मो.-9300105464

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

N.I.T. No/PWD/08/PRO No. 698 Dated 28/03/2025

### //निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _413144_1 Date-01/04/2025 | शीतलामाई वार्ड अंतर्गत तुलसी मोहल्ला में विश्वकर्मा वेल्डिंग के पीछे छोटी खेरमाई मंदिर स्थित क्षेत्र, शीतलामाई मंदिर के पास फक्कड़ की दुकान के पीछे कॉलोनी में रोड का निर्माण कार्य के साथ नाली निर्माण कार्य (महापौर अनुशंसा) | 03 माह 30.58 लाख | 5,000/- 22942/- | 01/05/2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)

नगर निगम जबलपुर

# अभिमत

सतपुड़ा के जंगल और पहाड़ की खूबसूरती देखते ही बनती है। प्राकृतिक सुंदरता के साथ सांस्कृतिक विविधता भी यहां की पहचान हैं। पचमढ़ी, जिसे सतपुड़ा की रानी कहा जाता है, महादेव की नगरी है। यहां नर्मदा तो यहां की मैय्या है, लोग पूजा करते हैं और परिक्रमा करते हैं। जंगल एक समुदाय की तरह है, यहां सिर्फ पेड़ ही नहीं, कई तरह की जड़ी-बूटियां, जंगली-जानवर, पक्षी, कीट पतंगे इत्यादि हैं। इसके साथ इसका एक इतिहास भी है, खेती-बाड़ी, खान-पान, रहन-सहन की विविध संस्कृति भी है। यह हमारी बहुमूल्य धरोहर है,जिसका संरक्षण करते रहना चाहिए।

## पहाड़ में पलाश के फूलों की निराली छटा

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

इन दिनों सतपुड़ा के जंगल और पहाड़ में पलाश के फूलों की बहार है। आम के बौर आए हैं, उनकी ताज़ी खुशबू हवा में फैली है। पेड़ों में नए पत्तों की कोपलें आ गई हैं। नीम भी हरी-भरी हो गई है। पक्षियों की चहचहाहट है। मौसम खुशगवार है। आज के कॉलम में जंगल और उसके आसपास के जनजीवन की चर्चा करना चाहूंगा, जिससे इलाके को समग्रता से समझा जा सके। इस इलाके के लोग, जंगल, पहाड़ और नदियां ही यहां की पहचान है।

छुटपन ही मेरा गांव में बीता है। हमारा गांव सतपुड़ा की तलहटी में बसा है। अगर हम मध्यप्रदेश के होशंगाबाद (नर्मदापुरम) जिले को देखें तो भौगोलिक रूप से दो हिस्सों में बांट सकते हैं। एक है सतपुड़ा पहाड़ की जंगल पट्टी, और दूसरा है नर्मदा कछार। सतपुड़ा की पट्टी में मुख्य रूप से आदिवासी रहते हैं जबकि नर्मदा कछार को बहुत उपजाऊ माना जाता है। नर्मदा किनारे की मिट्टी बहुत ही उर्वर है।

गांवों के आसपास अमराई (आम के बगीचे) हुआ करती थी, कुछ जगह तो अब भी है। मुझे कुछ समय तक इटारसी के पास केसला में अमराई में रहने का मौका मिला था। आम की मंजरी (आम के फूल, जो छोटे-छोटे समूहों में होते हैं) की तरह तुलसी की मंजरी भी होती है। इसे पुष्प गुच्छ भी कह सकते हैं। इस पर तरह-तरह के पक्षी, तितलियां व भंवरे मंडराते रहते हैं। हवा में इसकी खुशबू फैलती है। जब मैं गर्मी के दिनों में खुले आसमान के नीचे सोता था, तब इसकी मंद-मंद बयार बहुत भाती थी।

**हम मध्यप्रदेश के होशंगाबाद( नर्मदापुरम ) जिले को देखें तो भौगोलिक रूप से दो हिस्सों में बांट सकते हैं। एक है सतपुड़ा पहाड़ की जंगल पट्टी, और दूसरा है नर्मदा कछार। सतपुड़ा की पट्टी में मुख्य रूप से आदिवासी रहते हैं जबकि नर्मदा कछार को बहुत उपजाऊ माना जाता है। नर्मदा किनारे की मिट्टी बहुत ही उर्वर है।गांवों के आसपास अमराई ( आम के बगीचे ) हुआ करती थी, कुछ जगह तो अब भी है।**

होली का त्यौहार आते ही यह जंगल पलाश (स्थानीय भाषा में इसे खकरा कहते हैं) के लाल फूलों से सज जाता है। जंगलों में इसकी छटा देखते ही बनती है। इस पर भी चिड़िया फुदक-फुदक कर रस चूसती दिखती हैं। हालांकि ये फूल कुछ ही दिन रहते हैं, और मुरझा कर गिर जाते हैं। किसी कवि ने कहा है कि- दिन दस फूला, फूलि के खंखड़ भवा पलास।

लेकिन साल भर इस मौसम का इंतजार रहता है। होली में इसके फूलों का रंग बनाया जाता था। बांस की पिचकारी में इसे भरकर एक दूसरे पर रंग डाला जाता था। जब गांव में हुरयारे घूमते थे, फागें गाते थे, तब उन पर यही रंग डाला जाता था। पूरा माहौल उत्साह व जोश से भरा होता था। इसके पत्तों से दोना-पत्तल बनाए जाते हैं और इसके तने से रस्सी भी बनाई जाती थी। यानी यह बहुपयोगी वृक्ष है।

एक और वृक्ष हमें आकर्षित करता है, वह है सेमल का। अंग्रेजी में इसे सिल्क कॉटन कहते हैं और बुंदेली में इसे सेमरा कहते हैं। इसके चटख लाल फूल अलग से ही अपनी ओर खींचते हैं। इसका एक इस्तेमाल पुराने समय में आग पैदा करने में भी होता था। (चकमक लोहा) को पत्थर से रगड़ने से जो चिंगारी निकलती तो उसे रूई के माध्यम से चूल्हा जलाया जाता था। उस समय माचिस का चलन नहीं होता था।

इसके अलावा, जंगल में आंजन की पत्तियां गर्मी में भी हरी होती हैं। इसकी पत्तियों से रस टपकता है। गर्मी में यह ठंडक देती है। इसके अलावा जंगल में महुआ, आम, आंजन, साज, बील, धावड़ा, हर्र, बहेड़ा, आंवला, सरई और कई पेड़-पौधे व कई वनस्पतियां हैं। पतझड़ के मौसम में ये जंगल उदास और पत्तेहीन हो जाते हैं। सतपुड़ा पहाड़ से कई नदियां निकली हैं, जिसकी वजह भी जंगल है, जिन्हें वनपुत्री भी कहा जाता है।

इन दिनों खेतों में भी काफी चहल-पहल होती है। गेहूं की कटाई चल रही है। कहीं हाथ से कटाई हो रही है, तो कहीं हारवेस्टर से गेहूं कट रहा है। चना की कटाई हो चुकी है। एक दिन मेरे किसान मित्र ने मुझे होउरा खिलाया। होउरा यानी हरे चने को भूनना, इसका स्वाद ही अनूठा है। पहले चना कटाई के समय मित्रो व पड़ोसियों को होउरा खाने के लिए खेत पर आमंत्रित भी किया जाता था।

किसान और मजदूरों का भाईचारा भी इसी समय देखने को मिलता है। किसान को गेहूं कटाई के लिए मजदूरों की मदद चाहिए होती है, मजदूरों को काम। यह वह समय होता है, जब दोनों एक दूसरे के काम आते हैं। खेतों का काम तो होता ही है, साथ में दुख-सुख की बातें भी हो जाती हैं।

हालांकि इसमें हारवेस्टर के कारण कमी आई है, फिर भी खेतों में फसलों की सिंचाई के लिए मजदूरों की जरूरत पड़ती है। इसलिए यह रिश्ता बना हुआ है। भूमिहीन मजदूर भी इन खेतों में कटाई के बाद शेष बची बालियां बीनते हैं, किसानों की तरफ से इन्हें छूट दी जाती है। इन गेहूं की बालियां बीनने वालों को बिनैय्या कहते हैं, जो इन दिनों खेतों में खूब दिखते हैं।

अगर हम मानसून की बात करें तो उसके आते ही सतपुड़ा के पहाड़ों और जंगलों की छटा देखती ही बनती है। जो जंगल गर्मी में सूखे, उदास और बेजान से दिखते हैं, वे मानसून की बारिश आते ही हरे-भरे और सजीव हो उठते हैं। मन मोह लेते हैं, बरबस अपनी ओर खींचते हैं।

बारिश से जमीन, चट्टानें और पेड़ों की नंगी डालियों में नई जान आ जाती है। चारों तरफ हरियाली फूट पड़ती है। पेड़ों की शाखाएं सरसराती हवा में डोलने लगती हैं। चिड़ियां फुदकने लगती हैं। उनके गीत और जंगल की हवा मिल जाती है।

जो नदी नाले गर्मी में सूख जाते हैं, या कहें अदृश्य हो जाते हैं, बारिश में बहने लगे हैं। पहाड़ियों से निकल कर झरने कल-कल बहने लगते हैं। इनको देखकर ऐसा लगता है जैसे गुमा हुआ व्यक्ति अचानक से मिल जाता है।

मौसम में नई बहार आ जाती है। जगह-जगह से छोटे-बड़े पौधे निकल आते हैं। पेड़ों के बीच से, चट्टानों की दरारों से और जहां आप सोच भी नहीं सकते वहां से पौधे झांकने लगते हैं।

बारिश के दौरान पेड़ों से बूंदें टपकना, पेड़ों की डालियों में लड़ियों सी सज जाती हैं। घने मिश्रित के वनों के ऊपर छतरी से छाए बादल मंडराते हैं, धुएं सा आभास होता है, पानी की फुहार गिरती रहती है, रिमझिम-रिमझिम, धीरे-धीरे।

उन दिनों सागौन के पेड़ सफेद फूलों से लदे रहते हैं। इसके जुड़वा पत्ते हवा में हिलते हैं। हाथ के स्पर्श से खरखराते हैं। सागौन इमारती लकड़ी है। इसके खुरदरे पत्तों से किसान खेतों में ढबुआ (मंडप) बनाते थे, जिससे वे रखवाली करने के दौरान रहते हैं। जंगल वाले इलाकों में अब भी बनाते हैं। इसके पत्तों से बने ढबुए बहुत ठंडे होते हैं।

नर्मदा जो विन्ध्यांचल और सतपुड़ा के बीच मैकल पर्वत से निकलती है, इसलिये इसे मैकलसुता कहते हैं। इसकी बंजर, शेर, दूधी, शक्कर, पलकमती, तवा, देनवा जैसी सहायक नदियां भी सतपुड़ा पहाड़ से निकलती हैं। इनमें में कुछ सदानीरा थी, बारहमासी नदियां थी, जो अब बारिश में ही बहती हैं। जंगल का मोहक रूप मानसून में होता है, इसी जंगल और पहाड़ से नदियों का अस्तित्व जुड़ा है।

जबलपुर के पास भेड़ाघाट, जहां मैं जाता रहा हू, नर्मदा को देखने का आनंद ही अनूठा है। विशेषकर, यहां जब नर्मदा कोई 10-12 फीट नीचे खड्ड में गिरती है और फुहारों के साथ ऊपर उछलती है, मचलती है। गेंद की तरह टप्पा खाकर फब्वारों के साथ ऊपर कूदती है। घंटों निहारते रहो, फिर भी मन न भरे। जल प्रपात का ऐसा नजारा शायद ही कहीं और देखने को मिले।

यहां की संझा आरती में मुझे शामिल होने का मौका मिला है। भक्तगण नर्मदा मैया की आरती करते हैं। दीया जलाकर लोग आरती करते हैं और कुछ लोग नर्मदा में दीप प्रवाह करते हैं। नर्मदा की धार में दीप प्रवाह का यह नजारा अनोखा है, यह दृश्य बरसों बाद भी मेरी आंखों में तैर रहा है।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है सतपुड़ा के जंगल और पहाड़ की खूबसूरती देखते ही बनती है। प्राकृतिक सुंदरता के साथ सांस्कृतिक विविधता भी यहां की पहचान हैं। पचमढ़ी, जिसे सतपुड़ा की रानी कहा जाता है, महादेव की नगरी है। यहां नर्मदा तो यहां की मैय्या है, लोग पूजा करते हैं और परिक्रमा करते हैं।

जंगल एक समुदाय की तरह है, यहां सिर्फ पेड़ ही नहीं, कई तरह की जड़ी-बूटियां, जंगली-जानवर, पक्षी, कीट पतंगे इत्यादि हैं। इसके साथ इसका एक इतिहास भी है, खेती-बाड़ी, खान-पान, रहन-सहन की विविध संस्कृति भी है। यह हमारी बहुमूल्य धरोहर है,जिसका संरक्षण करते रहना चाहिए।

### बीता सप्ताह

**22 मार्च**

- मणिपुर पुलिस ने 24 घंटों के दौरान तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया।
- सूडानी सेना ने राष्ट्रपति भवन पर पूर्ण कबजा कर लिया।
- आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद से निपटने मजबूत रणनीति पर बल दिया गया।
- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया निदेशक मंडल की 614वीं बैठक तिरूअनंतपूरम में संपन्न हुई।

**23 मार्च**

- छग के रायपुर के वरिष्ठ साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार देने का ऐलान हुआ।
- सुप्रीम कोर्ट की ओर जारी बयान में कहा गया कि जस्टिस वर्मा जिनके यहां आग लगने पर नोटों का बंडल पाया गया का ट्रांसफर इलाहाबाद कर दिया गया है। सत्य से परे है जबकि तबादले पर कोई फैसला नहीं हुआ है।
- आईपीएल के 18वें सीजन का कोलकाता के ईडनगार्डन में धमाकेदार आगाज हुआ।
- डोनाल्ड ट्रंप ने चार देश क्यूबाई, हैनी, निकारागुआ और वेनेजुएला का लोगल स्टेटस छिन लिया।

**24 मार्च**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित किया।
- छत्तीसगढ़ के बीजापुर में तेलंगाना, आंध्र, ओडीशा बार्डर में सक्रिय 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया।
- सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की पांच सदस्यीय टीम मणिपुर दौरा कर मणिपुर हिंसा के समाधान का रास्ता निकालने दौर पर।
- केन्द्र सरकार बालटाल से अमरनाथ गुफा तक रोपवे बनाने का ऐलान किया वहीं अमरनाथ यात्रा की अवधि भी बढ़ने का संकेत दिया।

**25 मार्च**

- सुप्रीम कोट्र कालेजियम ने दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीय न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उनके मूल न्यायालय इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस स्थानांतरित करने की सिफारिश का प्रस्ताव जारी किया।
- सेंटर फॉर स्टडीज की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल लोकसभा चुनाव में 1.35 लाख करोड़ रूपये खर्च हुए और भाजपा ने चुनाव में सबसे ज्यादा खर्च किया।
- केन्द्र सरकार ने सांसदों के वेतन भत्ते और पेशन में 24 प्रतिशत की वृद्धि की।
- चीनी विज्ञान अकादमी के क्वांगशी वनस्पति अनुंसधान और वियतनाम के विज्ञान अकादमी के पारिस्थकी व जैविक संसाधन संस्थान के शोधकर्ताओं ने चीन के दक्षिणी और वियतनाम के उत्तरी इलाके में एस्पिडोस्पर्मम वंश की 6 नई प्रजातियों का पता लगाया।

**26 मार्च**

- छग के बस्तर में जवानों व नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर हो गए।
- लोकसभा में 35 सरकारी संशोधनों को शामिल करने के बाद वित्त विधेयक 2025 पारित कर दिया गया।
- अमेरिकी अरबपति एवं स्पेसएक्स के संस्थापक एलन ने कहा कि टेस्ला के खिलाफ तोड़फोड़ की कार्रवाई आतंकवाद है।
- भारत व चीन के राजनयिकों ने बीजिंग में सीमा प्रबंधन को लेकर विचार विमर्श किया।

**27 मार्च**

- छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत सीबीआई ने देशभर के 60 ठिकानों पर छापे मारी।
- लोकसभा में सहकारिता विवि विधेयक ध्वनीमत से पारित हो गया।
- आस्ट्रेलिया में शोधकर्ताओं के अध्यक्ष से ब्रेस्ट कैंसर से मिलेगी निजात।
- दक्षिण कोरियाई अपील अदालत ने विपक्षी नेता ली-जे-क्यांग को झूठ बोलने के आरोप से बरी कर दिया।

**28 मार्च**

- हुरून ग्लोबल रिच लिस्ट 25 के अनुसार गौतम अडाणी सबसे अमीर लोगों में शीर्ष पर बने हुए हैं और दूसरे नंबर पर है।
- देश में 92 प्रतिशत से ज्यादा करोड़पति सांसद है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 20 साल में करोड़पति सांसद 153 से बढ़कर 504 पर पहुंचे गए है।
- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की मतदाता पहचान पत्र को लेकर भारत की तारीफा।

## नरेंद्र मोदी के बड़े पैमाने पर प्रचारित मेक इन इंडिया की पोल खुली

■ नित्य चक्रवर्ती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जुमलों के सुपर सेल्समैन के रूप में जाने जाते हैं। जनधन खाते से लेकर हर साल युवाओं के लिए दो करोड़ नौकरियां पैदा करने तक, 2014 से भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के सभी प्रचार-प्रसार एक बड़ी विफलता साबित हुए हैं। पिछले कुछ सालों में भी भाजपा की चुनावी मशीनरी या आधिकारिक एजेंसियों ने प्रधानमंत्री के इन दो वायदों का कभी जिक्र नहीं किया। लेकिन उनका सबसे चर्चित और महत्वाकांक्षी कार्यक्रम मेक इन इंडिया था, जिसकी घोषणा केंद्र में उनके कार्यभार संभालने के तुरंत बाद की गयी थी। 23अरब अमेरिकी डॉलर की उत्पादकता से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, जो 2021 में एमआईआई कार्यक्रम का प्रमुख कार्यक्रम है, के बारे में मोदी ने घोषणा की थी कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप 2025 में देश के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत तक होने के साथ भारत दुनिया का उत्पादन केंद्र बन जायेगा। अब 2025 आ गया है, लेकिन सरकार ने बिना किसी आधिकारिक घोषणा के चुपके से मेक इन इंडिया के लिए बनायी गयी 23अरब डॉलर की पीएलआई योजना को समाप्त कर दिया है।

**जी.टी. विश्लेषण में कहा गया है कि 'आगे का रास्ता प्रणालीगत संस्थागत सुधार में निहित है जो भारत की वास्तविकताओं के अनुकूल हो। विनिर्माण शक्तियों की श्रेणी में शामिल होने के लिए, भारत को अपनी औपनिवेशिक विरासत की बेड़ियों को तोड़ना होगा जिसमें शासन संरचनाओं को सुव्यवस्थित करना, स्थानीय सशक्तिकरण को आगे बढ़ाना और शैक्षिक समानता के माध्यम से औद्योगिक कार्यबल को बढ़ावा देना शामिल हो।**

इस योजना का विस्तार 14 पायलट क्षेत्रों से आगे नहीं किया जायेगा और उत्पादन की समय सीमा नहीं बढ़ायी जायेगी। सरकार की विफलता बहुत बड़ी थी। मेक इन इंडिया और संबंधित पीएलआई योजना की नीतियों को तैयार करने में पीएमओ द्वारा दिया गया नेतृत्व कंपनियों को प्रेरित करने और नियामक और नौकरशाही बाधाओं को दूर करने में पूरी तरह विफल रहा। इसका एक मुख्य उद्देश्य चीन से आने वाले अमेरिकी और अन्य विदेशी निवेशों में से कुछ को भारत में स्थानांतरित करना था। उद्देश्य न केवल अपूर्ण रहा, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के अनुसार 2025 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण का हिस्सा 25 प्रतिशत के वादे के विपरीत अभी 14.3 प्रतिशत पर अटका हुआ है। विरोधाभास यह है कि पीएलआई योजना की शुरुआत के समय सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण का हिस्सा 15.4 प्रतिशत था। इसलिए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र का हिस्सा पीएलआई योजना के पिछले चार वर्षों के मुकाबले कम हो गया।

रॉयटर्स समाचार एजेंसी ने पिछले सप्ताह शुक्रवार को भारतीय उद्योग के लिए भयानक खबर जारी की, जिसके कारण विदेशी निवेशकों और प्रतिस्पर्धियों, खासकर चीन की ओर से तत्काल प्रतिक्रिया आई। बुधवार तक, सरकार द्वारा आधिकारिक तौर पर पीएलआई योजना की समाप्ति पर कोई बयान जारी नहीं किया गया है, हालांकि पूरे भारतीय उद्योग के लोग इसके प्रभाव का आकलन कर रहे हैं। पीएलआई योजना में भाग लेने वाले कई लोगों ने कार्यक्रमों को फिर से शुरू करने पर काम करना शुरू कर दिया है। रॉयटर्स ने सरकारी दस्तावेज के हवाले से बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने वाली कई फर्में उत्पादन शुरू करने में विफल रहीं, जबकि विनिर्माण लक्ष्य को पूरा करने वाली अन्य फर्मों ने पाया कि भारत सब्सिडी का भुगतान करने में धीमा है। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा संकलित कार्यक्रम के विश्लेषण के अनुसार, अक्टूबर 2024 तक, भाग लेने वाली फर्मों ने कार्यक्रम के तहत .151.93अरब मूल्य के सामान का उत्पादन किया था, जो मोदी सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य का 37 प्रतिशत था। दस्तावेज़ में कहा गया है कि भारत ने केवल .1.73 बिलियन का प्रोत्साहन जारी किया था-जो आवंटित धन का 8 प्रतिशत से भी कम है।

भारतीय व्यापार विशेषज्ञों का मानना है कि अत्यधिक लालफीताशाही और नौकरशाही की सावधानी ने पीएलआई योजना की प्रभावशीलता को बाधित करना जारी रखा है। एक विकल्प के रूप में, भारत संयंत्र स्थापित करने के लिए किये गये निवेश की आंशिक रूप से प्रतिपूर्ति करके कुछ क्षेत्रों का समर्थन करने पर विचार कर रहा है, जिससे फर्मों को दूसरे के उत्पादन और बिक्री की प्रतीक्षा करने की तुलना में लागत को तेज़ी से वसूलने की अनुमति मिलेगी। नवीनतम निर्णय भारत और अमेरिका के बीच नई दिल्ली में व्यापार वार्ता के संदर्भ में हुआ है, जो भारतीय वस्तुओं पर पारस्परिक शुल्क लगाने की ट्रम्प की धमकी की छाया में है। पीएलआई योजना की जगह लेने वाली वैकल्पिक योजना को वैश्विक स्तर पर नये व्यापार युद्ध की स्थिति को ध्यान में रखना होगा।

विदेश व्यापार के एक प्रमुख विशेषज्ञ बिस्वजीत धर का मानना है कि पीएलआई योजना भारत के पास देश के विनिर्माण क्षेत्र को पुनर्जीवित करने का संभवतः आखिरी मौका था। उनके अनुसार, यदि इस तरह की बड़ी योजना विफल हो जाती है, तो हम कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि कुछ भी सफल होने वाला है?

दिलचस्प बात यह है कि चीन पहला देश था जिसने अंग्रेजी दैनिक ग्लोबल टाइम्स में एक विश्लेषण के माध्यम से उसी दिन प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिस दिन रॉयटर की 23अरब डॉलर की पीएलआई योजना की समाप्ति के बारे में रिपोर्ट जारी की गयी थी। पीएलआई योजना की विफलता के कारणों पर एक विश्लेषण में, ग्लोबल टाइम्स लिखता है, 'चीन के विनिर्माण प्रभुत्व को चुनौती देने के उद्देश्य से अपनी 23अरब डॉलर की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू करने के चार साल बाद, भारत की प्रमुख 'मेक इन इंडिया' पहल संस्थागत जड़ता का एक चेतावनीपूर्ण उदाहरण बन गयी है। जैसा कि शुक्रवार को रॉयटर्स ने खुलासा किया, यह एक बार बहुप्रतीक्षित और महत्वाकांक्षी कार्यक्रम अपने रास्ते से भटक गया है ॥

विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, भारत के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण का योगदान केवल 13 प्रतिशत है - जो चीन के 26 प्रतिशत और वियतनाम के 24 प्रतिशत से काफी कम है। ग्लोबल टाइम्स विश्लेषण बताता है कि ये आंकड़े एक गहरी प्रणालीगत अस्वस्थता को दर्शाते हैं। भारत के विनिर्माण विकास की वास्तविकता यह दर्शाती है कि मानवीय कारक निर्णायक बना हुआ है, जिसके लिए औपनिवेशिक संस्थाओं और वैचारिक ढांचों से प्रस्थान की आवश्यकता है, जिसमें संस्थागत समायोजन और नवाचार भी शामिल है।


जी.टी. विश्लेषण में कहा गया है कि 'आगे का रास्ता प्रणालीगत संस्थागत सुधार में निहित है जो भारत की वास्तविकताओं के अनुकूल हो। विनिर्माण शक्तियों की श्रेणी में शामिल होने के लिए, भारत को अपनी औपनिवेशिक विरासत की बेड़ियों को तोड़ना होगा जिसमें शासन संरचनाओं को सुव्यवस्थित करना, स्थानीय सशक्तिकरण को आगे बढ़ाना और शैक्षिक समानता के माध्यम से औद्योगिक कार्यबल को बढ़ावा देना शमिल हो। इसके लिए राज्य की मशीनरी और आधुनिक उद्योग की मांगों के बीच एक व्यापक संरेखण की ओर पीएलआई योजना के 'वित्तीय बैंड-एड' दृष्टिकोण से आगे बढ़ना आवश्यक है।'

ग्लोबल टाइम्स चीनी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा संचालित पीपुल्स डेली समूह का अंग्रेजी दैनिक है। इसलिए इसके विचार चीनी सरकार के विचारों को दर्शाते हैं। समय महत्वपूर्ण है। 22 अक्टूबर को रूसी शहर कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बातचीत के बाद से भारत-चीन संबंधों में सुधार हुआ है। अमेरिकी पत्रकार लेक्सफ्रिडमैन को दिये गये अपने साक्षात्कार में भारतीय प्रधानमंत्री ने चीन के साथ संघर्ष नहीं, बल्कि प्रतिस्पर्धा और सहयोग पर जोर दिया है। इससे यह संकेत मिला कि भारत चीन के साथ मुद्दों को मित्रवत तरीके से सुलझायेगा। आर्थिक सहयोग उनमें से एक था।

मोदी सरकार के पिछले आर्थिक सर्वेक्षण में भारत में चीनी निवेश के माध्यम से भारतीय उद्योग के लिए अवसरों का उल्लेख किया गया था। चीनी आयात जारी है, लेकिन निवेश पर प्रतिबंध है। ऐसे संकेत हैं कि विनिर्माण क्षेत्र में एफडीआई प्रवाह बढ़ाने की वैकल्पिक योजना के हिस्से के रूप में, चीनी निवेश का स्वागत किया जा सकता है - वर्तमान बाधाओं में से कुछ को हटाकर। भारतीय निर्माता इसमें रुचि रखते हैं। यह सही समय है कि प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था के मूल सिद्धांतों पर आधारित टिकाऊ विनिर्माण कार्यक्रम का विकल्प चुनें, न कि महत्वाकांक्षी दिखावटी वायदे करें जो हासिल नहीं किये जा सकते।

## अमेरिका के पलटने से वैश्वीकरण का सपना टूटा

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अमेरिकी नीति में और अधिक बदलाव का संकेत देने वाले एक महत्वपूर्ण भाषण में वैश्वीकरण की नीति को खारिज कर दिया है। उन्होंने उस विचार प्रणाली पर भी हमला किया है जिसने अमेरिकी कंपनियों को आउटसोर्स सुविधाओं में आप्रवासियों और सस्ते श्रम से लाभ कमाने में सक्षम बनाया है। भाषण का फोकस अमेरिकी कंपनियों द्वारा अमेरिकी उत्पाद डिजाईनों को त्यागने और लागत बचाने के लिए कहीं और उत्पादित उत्पादों को अपनाने के कारण अमेरिकियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा । वेंस ने चीन का नाम तीन बार लिया लेकिन भारत का नहीं। फिर भी, ऑफ़शोरिंग की बुराइयों पर ज़ोर देने से इसमें कोई संदेह नहीं रह गया कि भारत के सॉफ़्टवेयर और संबंधित सेवाओं को इस तर्क के व्यापक विषय से बाहर नहीं रखा गया था। भारत ने वर्ष 2023-24 में 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निर्यात किया जिसमें से आधे से अधिक अमेरिका को किया गया है। ट्रम्प पहले भी भारतीय कॉल सेंटरों का मजाक उड़ा चुके हैं जिनमें से अधिकांश यूएस-आधारित ग्राहकों की सेवा करते हैं लेकिन पहले ही एआई-संचालित समाधानों की बढ़ती तैनाती के कारण एक अलग खतरे में हैं। उपराष्ट्रपति वेंस 18 मार्च को उद्यम पूंजी फर्म आंद्रेसेन होरोविट्ज़ द्वारा आयोजित एक तकनीकी कार्यक्रम अमेरिकी गतिशीलता शिखर सम्मेलन में बोल रहे थे। शिखर सम्मेलन 'राष्ट्रीय हित' के लिए काम करता है; और इस संदेश के साथ 2025 की बैठक को बढ़ावा दिया गया कि 'यह अमेरिका के निर्माण करने का समय है।'


जगदीश रत्तनानी

**ये महत्वपूर्ण बदलाव हैं जो दुनिया के कई कोनों में अपना प्रभाव डालेंगे क्योंकि अमेरिका की ताकत और उसके बड़े व्यवसायों की शक्ति एवं पहुंच नए राजनीतिक माहौल के अनुरूप है। अमेरिका के सामने निःसंदेह एक जटिल और परेशान समय है जो ऐसी कई क्रॉस धाराओं के बीच मुड़ता है जिनके पास ताकत हैं।**

हालांकि यह कहना मुश्किल है कि वेंस की नीति तत्काल कैसे चल सकती है और अगर यह एक जटिल और बेहद कुशलता से काम करने वाली वैश्विक मूल्य श्रृंखला को उजागर करने का एक यथार्थवादी उद्यम है' तो भारतीय संदर्भ में कई दिलचस्प बातें सामने आ खड़ी होती हैं।

पहली तो यह कि, भारत अब चीनी मॉडल की नकल करके विनिर्माण केंद्र बनाने या बनने की उम्मीद नहीं कर सकता। फॉक्सकॉन जैसी कंपनियों को अपने कारखानों को भारतीय साइटों पर लाने और अमेरिकी बड़ी कंपनियों के लिए निर्माण करने वाली बात पीछे छूट रही है। उस तरह के विनिर्माण आधार के निर्माण का खेल इसकी समाप्ति तिथि से आगे निकल चुका है। यहां तक कि यदि भारत इस नीति को जारी रखता है तो भी वह यह खेल के निचले सिरे तक ही सीमित रहेगा। वह भी ऐसी जगह जिसे चीन ने इस श्रृंखला में कुछ ज्यादा पाने के लिए पीछे छोड़ दिया था। उदाहरण के लिए, आंकड़ों के मुताबिक चीन में 2009 में आईफोन 3 जी की असेंबली के लिए कुल मूल्य केवल 6.5 अमरीकी डालर या उस मॉडल के लिए सामग्री के बिल का 3.6 प्रतिशत था। यह केवल फॉक्सकॉन द्वारा असेंबली के लिए था। एक दशक बाद 2018 में आईफोन एक्स के लिए यह 104 अमरीकी डालर या सामग्री के बिल का 25.4 प्रतिशत तक पहुंच गया क्योंकि चीन बहुत धीरे-धीरे आपूर्ति श्रृंखला में एकीकृत हो गया और बैटरी, फ्रेम तथा कैमरा मॉड्यूल जैसे कई (गैर-कोर) भागों की आपूर्ति की। यह डेटा टोक्यो के नेशनल ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट फॉर पॉलिसी स्टडीज के युकिंग जिंग की रिपोर्ट से है।

वेंस के विरोध का एक कारण मूल्य श्रृंखला में चीन का ऊपर जाना भी है, जबकि अमेरिका इस बात से नाखुश है कि वैश्वीकरण ने अमेरिका से नौकरियां छीन ली हैं। (मूल्य श्रृंखला व्यवसायों के लिए रणनीतिक योजना का एक अभिन्न अंग है। मूल्य श्रृंखला किसी उत्पाद या प्रक्रिया के पूरे जीवनचक्र को संदर्भित करती है , जिसमें सामग्री सोर्सिंग, उत्पादन, खपत और निपटान-पुनर्चक्रण प्रक्रियाएं शामिल हैं।) अमेरिका इस बात से भी असहज है कि इस प्रक्रिया ने उन देशों को लाभान्वित किया है जहां उत्पादों या सेवाओं का निर्माण होता है। दूसरे शब्दों में अमेरिका स्वीकार कर रहा है कि वैश्वीकरण केवल अमेरिकी हितों की सेवा के लिए था और विनिर्माण केंद्रों के लिए काम नहीं करने वाला था। वेंस ने इसे कई शब्दों में कहा- 'हमने माना कि अन्य राष्ट्र हमेशा मूल्य श्रृंखला में हमारा पीछा करेंगे लेकिन यह पता चला है कि जैसे-जैसे वे मूल्य श्रृंखला के निचले छोर पर बेहतर होते गए उन्होंने भी ऊंचे स्तर (इसमें प्रीमियम, अपस्केल, शानदार, टॉप-ऑफ़-द-लाइन और उच्च-गुणवत्ता शामिल हैं) पर पकड़ना शुरू कर दिया। हम दोनों सिरों से निचोड़े गए थे। यह वैश्वीकरण का पहला झूठा घमंड या दावा था।

तथ्य यह है कि भारत को खतरे के रूप में कम नहीं समझा गया है या उल्लेख नहीं किया गया है, यह भी एक संकेतक है कि देश अपने सभी दावा किए गए तकनीकी कौशल के लिए सस्ते श्रम वाली मध्यस्थता में फंसा हुआ है जिसमें नारायण मूर्ति के युवाओं के लिए 70 घंटे के कार्य सप्ताह जैसे नुस्खे में सीमित आकांक्षाएं देखी गई हैं। भारत को उत्तेजक, आकर्षक और अभिनव सॉफ्टवेयर समाधानों के साथ आगे होना चाहिए था लेकिन भारत की नीतियां बहुत धीमी गति से आगे बढ़ने की है; जबकि चीनियों ने लंबी छलांग मारकर खुद को आगे कर लिया जिसके उदाहरण डीपसीक, मानुस या अलीबाबा के क्यूडब्ल्यूक्यू -32 बी जैसे चीनी एआई मॉडल हैं।

वेंस के अनुसार, वैश्वीकरण का दूसरा झूठा दावा यह था कि सस्ता श्रम एक बैसाखी बन गया, यहां तक कि एक नशीली दवा बन गया जिसने अमेरिकी नवाचार को दबा दिया है। वेंस की योजना के अनुसार यदि यह 'दवा आपूति' काट दी जाती है तो कंपनियों को उसी काम के लिए अधिक भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाएगा जो उन्हें उत्पादकता और मार्जिन बनाए रखने हेतु नवाचार करने के लिए प्रेरित करेगा। पहले कई लोगों ने आउटसोर्सिंग को एक नवाचार कहा है। अब हम एक ऐसे चरण में पहुंच गए हैं जहां आउटसोर्सिंग को नवाचार की मौत की घंटी के रूप में देखा जा रहा है। यह एक नाटकीय उलटफेर है जो यह संकेत दे सकता है कि रोजमर्रा में अमेरिकी श्रमिकों के गुस्से ने कितना कुछ गहरा छोड़ दिया है।

दूसरी बात जो सामने आती है वह यह है कि उपभोक्तावाद ने अमेरिका के मन में खालीपन भर दिया है। इसका बड़ा सबूत इस बात से मिलता है जब वेंस इशारा करते हैं कि 'श्रमिकों को उनकी नौकरियों से, उनके समुदायों से, उनकी एकजुटता की भावना से अलग करने' के कारण अमेरिका को नुकसान पहुंचा है। उपभोक्तावाद विरोधी गहरी भावना के साथ उपराष्ट्रपति ने स्पष्ट रूप से कहा- 'आप लोगों में उनके उद्देश्य की भावना से अलगाव देखते हैं और महत्वपूर्ण बात यह है कि वे एक ऐसे नेतृत्व को देखते हैं जो मानता है कि लोक कल्याण नौकरी की जगह ले सकता है और एक मोबाईल फोन एप उद्देश्य की भावना को बदल सकता है।? वेंस ने वास्तव में तर्क दिया कि पैसा भले ही उपलब्ध हो लेकिन वह 'किसी ऐसी चीज को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता है जो काम के बारे में सम्मानजनक और उद्देश्यपूर्ण थी।'

ये महत्वपूर्ण बदलाव हैं जो दुनिया के कई कोनों में अपना प्रभाव डालेंगे क्योंकि अमेरिका की ताकत और उसके बड़े व्यवसायों की शक्ति एवं पहुंच नए राजनीतिक माहौल के अनुरूप है। अमेरिका के सामने निःसंदेह एक जटिल और परेशान समय है जो ऐसी कई क्रॉस धाराओं के बीच मुड़ता है जिनके पास ताकत हैं।

क्यू-एनॉन और इसके मनगढ़ंत दावों और षड्यंत्र के सिद्धांतों को भूल जाइए। हम नए क्षेत्र में हैं जिसमें 'डार्क एनलाइटनमेंट' नामक नव-प्रतिक्रियावादी आंदोलन के संस्थापक टेक नेता कर्टिस यारविन जैसे पर्दे के पीछे के प्रभावशाली खिलाड़ी हैं, जो चाहते हैं कि अमेरिकी लोकतंत्र को राजशाही में बदल दिया जाए। तकनीकी-स्वच्छंदतावाद का उदय सरकार की दखलदांजी को कम करना और व्यक्तियों के लिए अधिक स्वतंत्रता उपलब्ध कराएगा लेकिन विपक्ष को चुप कराने के लिए सरकार का अधिकतम उपयोग करने के लिए तैयार है। बेशक, ऐलन मस्क हैं जो मानते हैं कि सरकार एक हिंसक एकाधिकार है और इसे ध्वस्त करने की जरूरत है। पे पॉल के सह संस्थापक पीटर थिएल हैं जो मानते हैं कि मृत्यु अपरिहार्य नहीं है। फिर ट्रम्प भी हैं जो हमेशा के लिए राजा बनकर खुश रहना चाहते हैं।

भारत में कुछ लोगों को उम्मीद थी कि ट्रम्प एक दक्षिणपंथी सरकार के लिए पसंद के साथी थे, इन घटनाओं को देखते हुए उम्मीद है कि उनकी आंखें खुल जाएंगी।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडीकेट: द बिलियन प्रेस )**

# नगर विकास के लिये महापौर अन्नू ने लगभग 18 सौ करोड़ का बजट प्रस्तुत किया

## दलगत भावना से उठकर जबलपुर को इंदौर, भोपाल की तर्ज पर विकसित करने वाले विपक्ष के सुझावों का करेंगे स्वागतः महापौर





**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर सरकार ने शुक्रवार को जबलपुर का बजट प्रस्तुत किया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने 17 अरब 97 करोड 2 लाख 90 हजार 900 करोड़ आय और 17 अरब 96 करोड़ 94 लाख 42 हजार व्यय के अनुमानित बजट नगर निगम सदन में पेश किया। इसमें कुल बचत 8 लाख रूपये 48 हजार 900 अनुमानित बताई गई है। महापौर ने आगे कहा कि दलगत भावना से उपर उठकर नगर हित में विचार कर सभी पार्षदों को इसे सर्वसम्मति से पारित करने में अपनी सहभागिता निभानी चाहिये। इसमें विपक्ष के अच्छे सुझावों को स्वागत किया जायेगा। शहर हित में जरूरत होने पर प्रस्तुत बजट के प्रावधानों में किसी भी प्रकार संशोधन करने में लेश मात्र संकोच नहीं किया जायेगा। हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले कार्यकाल के बाद जबलपुर प्रदेश के इंदौर, भोपाल की तरह या उससे आगे निकल सकेगा। 43 बिंदुओं वाले बजट प्रस्ताव में विकास, रोजगार, शिक्षा, सफाई और स्वास्थ्य, सिटी बस सेवा, तालाबों का सौंदर्यीकरण, सड़क, नाली, उद्यान, पेयजल आदि पर क्रियान्वित होने वाली योजनाओं को शामिल किया गया।

### मुख्य कार्यो एवं योजनाओं का विवरण

➲ नवीन सीवर प्रोजेक्ट के लिये करीब 1 हजार करोड़ की राशि काम होंगे, दो लाख मकान सीवर लाइन से जोड़ेंगे।

➲ अमृत फेस 2 परियोजना अंतर्गत 312 करोड़ रूपये की राशि से हर घर में नर्मदा जल पहुंचाने के लिये काम कराये जा रहे हैं।

➲ सिविक सेंटर में भारत मंदिर मंदिर का निर्माण एवं उद्यान निर्माण काम प्रगति पर है, निविदा कार्यवाही पूर्ण हो गई है।

➲ 200 करोड़ की लागत से अपशिष्ट प्रबंधन बायोगैस प्लांट स्थापित होगा, सीएनजी प्लांट भी बनेगा।

➲ नगर में जल्द एयर क्वालिटी संयत्र स्थापित किये जाएंगे। पहले से अभी अन्य जगह पर इस तरह के संयत्र काम कर रहे हैं। इससे पता चलता है कि शहर में वायु प्रदूषण की स्थिति कैसी है।

➲ इस बार भी आमजनों पर नये करों को नहीं लगाया गया है। बीते साल भी इसी तरह की छूट लोगों को मिली है।

➲ सौर उर्जा संयत्र की स्थापना की जा रही है, इससे ननिज को बिजली बिल पर खर्च होने वाले पचास करोड़ की राशि बचने लगेगी।

➲ 100 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन जबलपुर में इसी साल शुरू होगा, शासन ने इसके लिये एजेंसियों को नियुक्त कर दिया है।

➲ विद्यार्थियों, दिव्यांगों, सीनियर सिटीजन मेट्रों बसों में रियायती पास दिये जाएंगे।

➲ सभी वार्डो में पार्षदों-महापौर की अनुशंसा पर पांच सौ दुग्ध एवं डेली नीड्स पार्लर स्थापित होंगे, इससे एक हजार युवाओं को रोजगार के साधन मिलेंगे।

➲ अमृत फेस टू अंतर्गत 312 करोड़ के प्रोजेकट कार्य प्रारंभ हो गये हैं, संभावित पेयजल संकट को दूर करने टेंकरों की संख्या बढ़ेगी,हर घर में नर्मदा जल पहुंचाने की योजना जारी है।

➲ नर्मदा प्रसादम चौपाटी का निर्माण होगा, एक ही स्थानों पर लोगों को अलग-अलग राज्यों के व्यंजनों का स्वाद चखने को मिलेगा।

➲ जल स्तर बढ़ाने शासकीय कार्यालयों, स्कूल भवन, प्रमुख भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित होंगे, आम जनों को भी इसके लिये प्रेरित किया जायेगा। एजेंसियों की मदद ली जायेगी, सख्ती भी बरतेंगे।

➲ नर्मदा के खारीघाट से गौरीघाट तक सड़क बनेगी, गौरीघाट, तिलवारा घाट में मेघा वाहन पार्किंग बनेगा।

➲ डुमना नेचर पार्क को और विकसित किया जायेगा, पांच स्टार स्तर का रिसोर्ट बनेगा।

➲ संभावित अग्नि हादसों को देखते हुये इस बार फायर एंटरी सूट खरीदने की अनुमति दे दी गई है। अब पच्चीस मंजिल तक बिल्डिंगों में आग को काबू करने एवं ऊंची इमारतों से इसी तरह के संसाधनों से नीचे सुरक्षित लाया जा सकेगा।

➲ वार्डो में समुचित विकास-उन्नयन के लिये ननिज अधिकतम पचास लाख की राशि उन विकास कार्यो के लिये उपलब्ध करायी जायेगी, जिनके लिये सांसद, विधायक द्वारा उतनी ही राशि का आवंटन किया जायेगा।

➲ नागरिकों की सुविधा के लिये नये हॉकर्स जोन का निर्माण किया जायेगा।

➲ महापौर हेल्पलाइन को और बेहतर बनाया जा रहा है, अब तक इसमें 6 हजार से ज्यादा शिकायत मिली, जिनमें पांच हजार सात सौ 64 शिकायतों का निराकरण किया गया।

➲ पहले की तरह पार्षदों की अनुशंसा पर 79 वार्डो में 90-90 लाख रूपये एवं दस वार्डो में 15-15 लाख के अतिरिक्त कार्य विकास कार्य में खर्च हो सकेंगे। अध्यक्ष की अनुशंसा पर पांच करोड़, महापौर की अनुशंसा पर दस करोड़ के कार्य कराये जायेगे।

➲ नगर की सीमा में रामायण थीम पार्क का निर्माण होगा, ननिज मार्केट में एकरूपता लाने दुकानों के नाम हिंदी में लिखने एवं एक ही रंग में पेंटिंग करने का कार्य होगा। तीन नये मार्केट बनाये जाएंगे।

➲ रानीताल तालाब के समीप एवं लेण्डफिल साइट से ऑक्सीजन जोन, नगर वन, राष्ट्रीय स्तर का गार्डन, एवं वॉटर स्पोर्ट्स के लिये प्रयास का प्रावधान बजट में रखा गया है।

### पार्षदों की पीड़ा व्यक्त करने चर्चा की जाये : नेता प्रतिपक्ष


इस अवसर पर सदन में नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा कि कई माह बाद सदन में बैठक हुई, हम चाहते हैं बजट चर्चा के दौरान दो से तीन दिनों का अतिरिक्त समय दिया जाये, ताकि यहां पर व्याप्त अधिकारी राज, भ्रष्टाचार, सफाई व्यवस्था इत्यादि पर पार्षद अपनी बात रख सके, सत्ता दल के पार्षद भी इसी तरह की समस्या से पीड़ित हैं। इस बात को लेकर कुछ देर तक सदन का माहौल गर्मा गया था। सत्ता पक्ष के कमलेश अग्रवाल ने हस्ताक्षेप करते हुये कहा कि यह परंपरा रही है कि ननिज के बजट प्रस्तुतीरण में महापौर अपनी बात रखते हैं, और बैठक आगामी समय के लिये स्थगित कर दी जाती है, नेता प्रतिपक्ष नया तरह का तरीका प्रस्तुत कर रहे हैं जो सही नही है।

# शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी की भी नहीं मान रहे अधीनस्थ

### पार्षद के खिलाफ फर्जी जाति प्रमाण पत्र से चुनाव लड़ने की शिकायत का है मामला




**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में एक मामला सामने आया है, इसमें कलेक्टर के आदेश को उनके अधीनस्थ काम करने वाले एसडीएम स्तर के अधिकारी ठेंगा दिखा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक राजेंद्र सराफ पिता तुकाराम सराफ निवासी हनुमानताल वार्ड भैरो मंदिर के पास रहने वाले विगत में हनुमानताल की पार्षद कविता गोदें (रैकवार) वार्ड क्रमांक 24 हनुमानताल द्वारा जाली जाति प्रमाण पत्र के माध्यम से पार्षद चुनाव में भाग लिया, जिसकी शिकायतकर्ता द्वारा उच्च स्तरीय छानबीन समिति प्रदेश शासन के समक्ष की गई थी। उपरोक्त शिकायत की जांच उपरांत पिछड़ा वर्ग उच्च स्तरीय छानबीन समिति मध्यप्रदेश भोपाल के आदेश क्रमांक/ पिछड़ा वर्ग उ.छा.स./263/2024-25/2014-15 दिनांक 6.6.2024 के द्वारा कविता रैकवार के नाम से बनाये गये पिछड़ा वर्ग जाति प्रमाण पत्र क्रमांक/आरएस 451/0106/7954/2020 दिनांक 10/11/2020 को निरस्त करते हुये आवश्यक कार्यवाही हेतु किये जाने निर्देशित किया गया था।



छानबीन समिति मध्यप्रदेश द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 30.08.2024 के निर्देशनुसार अनावेदिका को प्रकरण के संबंध में अपना पक्ष प्रस्तुत करने अवसर प्रदान किये जाने के उपरांत समिति मध्यप्रदेश की बैठक दिनांक 13.02.2025 को निर्णय लिया गया था, कि पिछड़ा वर्ग उच्च स्तरीय छानबीन समिति मध्यप्रदेश भोपाल का आदेश क्रमांक /पिवउछास/263/2024-25/2014-15 दिनांक 6.6.2024 यथावत मान्य रहेगा।

अत : पूनम कविता गोदें पार्षद वार्ड क्रमांक-24 हनुमानताल द्वारा असत्य एवं गलत तथ्यों के आधार फर्जी तरीके से बनवाये गये जाति प्रमाण पत्र के संबंध में एफआईआर दर्ज करने की कार्यवाही कर इस कार्यालय को अवगत करावे।

उक्त आदेश उप जिला निर्वाचन अधिकारी जबलपुर ने 7 मार्च 2025 जिसे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अनुमोदित पत्र एसडीएम आधारताल को भेजा गया था। लेकिन अब तक उक्त पत्र पर कार्यवाही नहीं की गई है। जिसके बाद शिकायतकर्ता राजेंद्र सराफ जिला कलेक्टर कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं। उन्हें एक से दूसरे अधिकारी के पास कहा जा रहा है, फिर भी सुनवाई नहीं हो पा रही है। जिससे कहा जा सकता है कि कलेक्टर के अधीनस्थ काम करने वाले अधिकारी कलेक्टर के आदेश को महत्व नहीं दे रहे हैं।

इस बारे में शिकायतयकर्ता ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने आधारताल के एसडीएम से संपर्क किया, जिनके द्वारा कहा जाता है कि देखते हैं, और यह भी कहा जाता है कि कलेक्टर साहब बोल देंगे तो तुरंत कार्रवाई कर देंगे, शिकायतकर्ता के अनुसार जब लिखित में कार्रवाई का पत्र है, तब इस तरह की बात कहकर मामले को लटकाना कहां तक जायज है।

# लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में अध्ययन दल ने किया अयोध्या में सरयू नदी पर घाटों का भ्रमण



**जबलपुर, देशबन्धु।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने अयोध्या में सरयू नदी पर बने घाटों का भ्रमण किया। इस दौरान सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव, विभागीय सलाहकार समिति के सदस्य प्रशांत पोल, विशेष सहायक राहुल सिंह राजपूत, मुख्य अभियंता गोपाल सिंह, स्थानीय प्रशासन के अधिकारी एवं डीपीआर तैयार करने वाली एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मंत्री सिंह के नेतृत्व में अध्ययन दल ने सरयू नदी पर नवनिर्मित घाटों की स्थापत्य कला, रामपथ, राम की पैड़ी, पार्किंग व्यवस्था, सौंदर्यीकरण, म्यूरल वर्क और पर्यटकों व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या में मुख्य अभियंता राजेश कुमार, सरयू नहर डिवीजन के कार्यपालन यांत्रिक पारस नाथ एवं लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री एसपी भारती ने मंत्री राकेश सिंह को सरयू नदी के तट पर नवनिर्मित घाटों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

भ्रमण के दौरान इन अधिकारियों ने सरयू तट पर पर्यटकों के लिए विकसित सुविधाओं, श्रद्धालुओं के लिए निर्मित व्यवस्थाओं, भगवान राम के जीवन से जुड़ी घटनाओं को सचित्र रूप से दिखाने के लिए निर्मित म्यूरल वाल्स पर विस्तार से जानकारी दी।

### अयोध्या के सरयू घाटों की तर्ज पर जबलपुर में नर्मदा घाटों का होगा उन्नयन एवं पुनर्निर्माण

मंत्री सिंह ने भ्रमण के दौरान सड़क विकास निगम के अधिकारियों एवं डीपीआर बनाने वाली एजेंसी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जबलपुर में नर्मदा नदी किनारे बनने वाले घाट धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटक सुविधाओं के आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किए जाएं।

उन्होंने यह भी कहा कि घाटों के निर्माण में माँ नर्मदा की गरिमा, श्रद्धालुओं की आस्था और पर्यावरणीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा जाए।

### इन घाटों का होगा कायाकल्प

अब तक तैयार योजना एवं विभिन्न स्तर पर हुए विचार विमर्शो के आधार पर मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि नर्मदा नदी के किनारे जबलपुर के प्रमुख घाटों के सौंदर्यीकरण और विकास को लेकर एक व्यापक योजना तैयार की जा रही है। प्रस्तावित योजना के तहत तिलवारा घाट और कालीधाम घाट पर नाव टर्मिनल स्थापित करने की योजना है, जिससे जलपर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

साथ ही साईं तीर्थम, खारीघाट, ग्वारीघाट और जिल्हेरीघाट पर फ्लोटिंग डेक बनाए जाएंगे। सभी प्रमुख घाटों के पास संगठित पार्किंग क्षेत्र बनाए जाएंगे।

# सीए अखिलेश जैन पुनः गेल इंडिया के स्वतंत्र निदेशक बने



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार की महारत्न कंपनी गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में भाजपा मप्र के प्रदेश कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रस्ताव पर सर्च कमेटी के अनुमोदन पर अप्वाइंटमेंट कमिटी आफ केबिनेट द्वारा एक वर्ष के लिए पुनः स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया है। सीए अखिलेश इसके पूर्व गेल (इंडिया) लिमिटेड में 5 अन्य स्वतंत्र निदेशकों के साथ 3 वर्ष स्वतंत्र निदेशक रह चुके हैं एवं उनमे से 3 को पुनर्नियुक्त किया है, जिसमें से सीए जैन भी हैं।

# जे.के.ट्रस्ट द्वारा प्रायोजित एन.डी.वी.एस.यू में 2 दिवसीय प्रशिक्षण



**जबलपुर, देशबन्धु।** नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में 25 और 26 मार्च 2025 को प्रगतिशील पशुपालको के लिये दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं अवलोकन भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन के दौरान नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति प्रोफेसर डॉ. मनदीप शर्मा के आदेशानुसार पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर. के. शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया दिनॉक 25 और 26 मार्च 2025 को जे. के सीमेंट वर्क्स पन्ना एवं जे.के.ट्रस्ट बॉम्बे द्वारा प्रायोजित केटल ब्रीड इम्प्रवमेंट प्रोजेक्ट क्षीर वर्धन अंतर्गत कार्यक्रम किया गया ।

इस कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ. रणबीर सिंह जाटव, सह-संयोजक डॉ. ब्रिजेश सिंह एवं सह-संयोजक डॉ एस. के. कारमोरे पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के द्वारा किया गया । जे.के. ट्रस्ट के सौजन्य के प्रायोजित इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को आधुनिक प्रंबधन रोगो की रोकथाम और उत्पादन क्षमता बढ़ाने की तकनीकों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 रूचि निर्मल द्वारा किया गया। जे.के. ट्रस्ट बोम्बे के श्री प्रदीप वर्मा, डॉ आशीष एवं श्री गौरव भी कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

डॉ असित जैन द्वारा प्रतिभागियों को पशुओं की प्रमुख नस्ले और उनकी विशेषताओं, के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं डॉ विष्णु गुप्ता पशुचिकित्सा अधिकारी वैज्ञानिक तकनीकों सरकारी योजनाओं और नवीन विपणन रणनीतियों जिससे वे अपनी उत्पादकता और आय में वृद्धि कर सकें।

### इनका रहा योगदान

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अधिकारीगण अधिष्ठाता छात्रकल्याण डॉ आदित्य मिश्रा, पशु औषधि विभागाध्यक्ष, डॉ देवेन्द्र गुप्ता, डॉ एस.के.कारमोरे आदि का विशेष योगदान रहा।

# रमेश गर्ग इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव बने



**जबलपुर,देशबन्धु।** अग्रवाल समाज के वरिष्ठ सदस्य जी रमेश गर्ग को इनेलो का 12वीं राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। श्री गर्ग इनेलो की स्थापना से ही निरंतर इस पद पर नियुक्त किये जाते रहे हैं चौटाला परिवार के परिवारिक रिश्ते रहे हैं उनकी नियुक्ति को लेकर शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

# किसानों के हितों को ध्यान में रखकर बने कृषि नीति



**जबलपुर, देशबन्धु।** महाकाल की नगरी उज्जैन के झालरिया मठ सभागार में भारत कृषक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजयवीर जाखड की अध्यक्षता मे आयोजित अखिल भारतीय कृषक परिषद के 68 वें सम्मेलन मे देश के विभिन्न प्रांतों से प्रमुख किसान प्रतिनिधियों एवं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों की समस्याओं पर गहन चर्चा एवं विचार विमर्श कर एक स्वर में सरकार से मांग की अन्नदाता के हितों और उनकी मांगों को ध्यान मे रखकर ही कृषि नीतियों का निर्धारण एवं क्रियांवयन सुनिश्चित किया जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एम. एस. पी. से नीचे किसान का उत्पाद न बिक पाए, इस हेतु एम एस पी पर खरीद की गारंटी की मांग के इतर अब सरकार ने एम एस पी से अधिक कीमत में खरीद पर व्यापारियों पर कार्यवाही करने का आदेश निकाला है, साथ ही व्यापारियों को उत्पाद बिक्री पर किसान का कर्ज व्यापारियों द्वारा वसूल करने के सरकार के निर्णय को किसान विरोधी बताते हुए कृषक प्रतिनिधियों ने कहा की सरकार की नीतियाँ किसान को गरीब रखने की है। सरकार नही चाहती की गांव व किसान समृद्ध हों।

गांव, खेत, किसान के लिए केंद्र एवं प्रांत सरकारों का इस 65 प्रतिशत आबादी के लिए बजट का आबंटन अपर्याप्त है, किसानों के बजट मे प्रति वर्ष कटौती भी चिंता का विषय है, इससे न तो किसान के उत्पाद की समर्थन मूल्य पर पर्याप्त खरीद संभव है और न ही खेती के आदानो, खाद, बीज, बिजली, सिचाई हेतु पानी की, मांग के अनुरूप पूर्ती ही संभव है। खेती की लागत अप्रत्याशित रूप से दिन प्रति दिन ब? रही है, इस तथ्य पर सरकार का ध्यान ही नहीं है।

# दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को महापौर ने प्रदान किये अनुकम्पा नियुक्ति आदेश




**जबलपुर, देशबन्धु।** सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र में जारी दिशा निर्देशों के अनुसार निगम में कार्यरत शासकीय सेवक के सेवाकाल में निधन होने पर उनके आश्रितों को शासन द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति की नीति के अंतर्गत दो वर्षो की परिवीक्षा अवधि के अधीन उप स्व. पर्यवेक्षक के पद पर 3, सहायक वर्ग-3 के पद पर 4, भत्य के पद पर 1, सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर 3, एवं सफाई मित्र के पद पर 13 अभ्यर्थियों को शर्तो के अधीन अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई। जिसमें सुश्री नंदनी उईके, पुष्पराज गौतम, राज वंशकार, प्रस्तुत केवट, केशव गिरी गोस्वामी, शिवा पटैल, श्रीमती माया रैकवार, ज्ञान सिंह धुर्वे, शुभम रघुवंशी, अनिमेष मिश्रा, आदित्य तिवारी, पेरूगू वेंकटेश्वरलू, श्रीमती वंदना रान, अश्विन मार्वे, भैरव राठौर, अजीत कुमार बिहुनिया, श्रीमती धनलक्ष्मी, चिन्ना बाबू, श्रीमती श्रीति मतेल, आदित्य मलिक, विकास समद, श्रीमती आरती सिपाही, सुश्री सुमन गिरानिया एवं श्रीमती ब्रम्हलता के नाम शामिल हैं।

इन सभी 24 आश्रितों को महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा पुष्पगुच्छ के साथ अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश प्रदान किये। इस अवसर पर उन्होंने सभी को शुभकामनाएँ देते हुए ईमानदारी से कार्य करने एवं परिवार का भरण पोषण करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि परिवार का भरण पोषण एवं देखरेख में कोई कमी नहीं आना चाहिए। महापौर ने यह भी कहा कि जो कार्य निगम में दिया जाये, उन कार्यों को भी कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से करें ताकि नागरिकों में एक अच्छा संदेश जा सकें।

### शनिवार और रविवार को खुले रहेगें कैश काउंटर




निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानसुर सभी वार्डो में राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिनके द्वारा अभी तक बकाया करों की राशि जमा नहीं की गयी है उनके विरूद्ध कार्रवाई भी की जा रही है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि करदाताओं एवं व्यापारियों की सुविधा के लिए आज शनिवार और कल रविवार अवकाश दिवस में भी सभी कैश काउंटर और लायसेंस नवीनीकरण कार्यालय खुले रहेगें। उन्होंने बताया कि करदाताओं के पास बकाया करों की राशि जमा करने अब मात्र 3 दिन शेष है, 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल से करों की राशि दो गुना कर दी जायेगी जो आगामी वित्तीय वर्ष में आने वाली लोक लदालत में भी छूट नहीं मिलेगी।

# पाक रात शबे कद्र आज शहर की 100 से ज्यादा मस्जिदों मे होगी हाफिज़ साहिबान की दस्तारबंदी



**जबलपुर, देशबन्धु।** रमजान शरीफ की पाक रात शबे कद्र आज है। इस मौके पर नगर एवं उपनगरीय क्षेत्रों की 100 से ज्यादा मस्जिदों व नमाजगाहो मे रात्रिकालीन तरावीह की विशेष नमाज में कुरान शरीफ का पाठ पूर्ण किया जाएगा। जिसके बाद हाफिज साहिबान की दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया जाएगा। मस्जिद कमेटी एवं नमाजियो द्वारा हाफिजो को नजराने व तोहफे पेश किये जाएँगे। इस अवसर पर मस्जिदों मे आकर्षक विधुत सज्जा की गई है। मुस्लिम धर्मालबियों के अनुसार ये रात हजारों रात से अफज़ल रात है । इस रात में इबादत करना चाहिए और अल्बह से गुनाहों की तौबा करना चाहिए।

**दस्तारबंदी** - पाक रात शबे कद्र के मौके पर रात्रि 10 बजे मदनी मिल्लत सेवा समिति के तत्वावधान में मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश की सरपरस्ती में जश्ने दस्तार बंदी का आयोजन मुस्लिम बहुल क्षेत्र चार खम्बा में किया जाएगा। जिसमें शहर की तमाम मस्जिदों तरावीह की विशेष नमाज अदा कराने वाले हाफिज साहिबान की दस्तार बंदी कर इस्तकबाल किया जाएगा। गौरतलब है की समिति द्वारा विगत 30 वर्षों लगातार आयोजन किया जा रहा है। समिति के संरक्षक वरिष्ठ समाज सेवी मतीन अंसारी, अध्यक्ष आसिफ भाई, गुड्डु बाबा, अफरोज अंसारी, नुरुद्दीन अंसारी आदि ने हाफिज साहिबान एवं अकीदतमंदो से की गुजारिश की है। इसके आलावा शहर के अन्य स्थानों में भी अन्य कमेटीयों द्वारा हाफिज साहिबान की दस्तारबंदी की जाएगी। **दरबारे बुनियादी**- रमजान के 25 वे रोजे पर सूजी मोहल्ला स्थित हज़रत बुनियाद अली शाह रहमतुल्ला अलैह की दरगाह में अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया गया।

मेराज बाबा जमाली ने आयोजन की सरपरस्ती फरमाई। मगरिब की अजान बुलंद होते ही रोजेदारों ने अफ्तार किया।

## कुरैशी परिवार द्वारा विशाल रोज़ा



**जबलपुर।** मुस्लिम धर्मावलंबियो के पवित्र माह रमजान के चलते प्रतिवर्षानुसार 27वे रोज़े को रामपुर स्थित कल्याण भवन में हाजी निज़ामुद्दीन कुरैशी, हाजी मुईनुद्दीन टीपू क़ुरैशी के संयोजन में तथा मुफ्ती ए आजम मप्र मौलाना मुशाहिद रज़ा, मौलाना कौसर रब्बानी की विशिष्ट अतिथि में स्व. अब्दुल अजीज कुरैशी की स्मृति में विशाल आम रोज़ा अफ्तार का आयोजन किया गया। अफ्तार में बड़ी संख्या में रोज़ेदारों ने सामुहिक रूप से अफ्तार कर मगरिब की नमाज अदा की और देश में अमन शांति, ख़ुशहाली और तरक्की की दुआएं की। रोज़ा अफ्तार में पार्षद दिनेश तामसेतवार, शैलेश राजपाल, शिव केशरवानी, आबिद खान, हाजी इमामुद्दीन, हाजी तौसीफ रज़ा, हाजी मुईन खान, डॉ. सुहेल सिद्दीक़ी, हाजी नजर पहलवान,हाजी शकील, हाजी कदीर पहलवान, मतीन अंसारी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# समर सीजन में जाने हेयर केयर के तरीके

## पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल में कार्यशाला




**जबलपुर, देशबन्धु।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत हेयर स्टाइलिंग पर वर्कशॉप आयोजित हुई। कार्यक्रम में समर सीजन में हेयर केयर विषय पर हेयर स्टाइलिस्ट ने जरूरी बातें समझाई। उन्होंने स्टूडेंट्स को बताया कि बालों की नेचुरल शाइन बरकरार रखने के लिए केमिकल फ्री प्रोडक्ट का इस्तेमाल करना चाहिए। दूसरे चरण में हेयर स्टाइलिस्ट ने हेयर कटिंग का व्यक्तित्व विकास और ग्रूमिंग का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि समर सीजन में अधिक पसीने की प्रॉब्लम से बचने के लिए रोजाना हेयरवॉश भी कर सकते हैं। इस फील्ड में युवाओं को कॅरियर बनाने की जानकारी भी दी गई। संभागीय नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल ने युवा हेयर स्टाइलिस्ट, हेयर केयर कंसल्टेंट के रुप में, हेयर स्पा सेंटर में वर्क, हेयर केयर ट्रेनर एवं हेयर केयर लेक्चरर के रुप में कॅरियर बना सकते है। इस मौके पर रोजी, अनुराधा तिवारी, डॉ. अंकिता सेठी, डॉ. रंजना जैन, डॉ. श्रद्धा कनौजिया, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, बबीता ठाकुर, राधा सैनी मौजूद रहीं।

# प्राकृतिक चिकित्सा से बनेगी सेहत




**जबलपुर, देशबन्धु।** इनरव्हील क्लब ऑफ जबलपुर साउथ के तत्वावधान में प्राकृतिक नेत्र चिकित्सा का सात दिवसीय शिविर उन्मेष का समापन हुआ। शिविर में प्राकृतिक चिकित्सक छाया शर्मा और संजय शर्मा ने मरीजों की जांच कर उन्हें दिशा-निर्देश दिए गए। शिविर में सूर्य चिकित्सा, जल चिकित्सा, मिट्टी चिकित्सा, फल चिकित्सा का लाभ लोगों को दिया गया। शिविर में अंबिका दीक्षित, क्लब अध्यक्ष बंटी अग्रवाल, सचिव नीति अवस्थी का सहयोग रहा।

## सॉफ्टवेयर से सीखी मैथ्स सॉल्विंग तकनीक



**जबलपुर, देशबन्धु।** माता गुजरी कॉलेज के गणित विभाग में लेटेक्स विषय पर वर्कशॉप आयोजित हुई। कार्यक्रम में छात्राओं को लेटेक्स की मूल बातों से लेकर उन्नत स्तर तक की जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही सॉफ्टवेयर के जरिए मैथ्स सॉल्विंग तकनीक से रूबरू करवाया गया। वक्ता डॉ. रवि विश्वकर्मा ने गणितीय नोटेशन, ग्राफिक्स और चित्र के विषयों पर वक्तत्व दिया। इस मौके पर डॉ. सुनील कुमार पाहवा, डॉ. सत्येन्द्र कुररिया, विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता सोनी डॉ. कुलवंत कौर, डॉ. कल्पना मिश्रा, डॉ. शीतल यादव, शमीम परवीन मौजूद रहीं।

# पारम्परिक राजस्थानी पहनकर मनाया गणगौर उत्सव, जीते उपहार



**जबलपुर, देशबन्धु।** ठेठ राजस्थानी परिधान में महिलाओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। समारोह के दौरान संस्कार और संस्कृति के दर्शन हुए। मप्र अग्रवाल महासभा महिला ईकाई के तत्वावधान में गणगौर उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने राजस्थानी थीम पर परिधान फॉलो किए। इसके साथ ही राजस्थानी गीतों पर नृत्य भी किया गया। कार्यक्रम में सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने डिफरेंट गेम्स एक्टिविटी में हिस्सा भी किया। इस दौरान फनी एंड एंटरटेनिंग गेम्स खास रहे।

**कैटवॉट राउंड में सधे कदम**- कार्यक्रम में पारम्परिक परिधान, बोरला, नथ, जयपुरी पोशाक और शीश पट्टी लगाकर महिलाओं ने कैटवॉक की। इस दौरान उन्हें डिफरेंट कैटेगरी के लिए प्राइज भी दिए गए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष आशा अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनीषा अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, जिला महामंत्री अंजू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राशि अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य अनामिका, राखी, शिल्पी, सुनीता, शुभांगी, रागिनी, पल्लवी, स्वाति, सीमा, शारदा, मीता, संगीता, नेहा, अनीता, किरण, ज्योति, रोशनी मौजूद रहीं।

## द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट ऑफ इंडिया जबलपुर ब्रांच का कार्यक्रम

**जबलपुर, देशबन्धु।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट ऑफ इंडिया जबलपुर ब्रांच के तत्वावधान में बैंक ऑडिट विषय पर सेमिनार हुआ। संयोजक सीए आशुतोष ददरया, मुख्य अतिथि आइसीएआइ सेंट्रल काउंसिल मेंबर, सीए अभय छाजेड़ थे। उन्होंने लॉन्ग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट एफएफइआर की अंकेक्षण के दौरान ध्यान दिए जाने वाले विशेष बिंदुओं पर चर्चा की। तकनीकी सेशन की अध्यक्षता सीए ज्योति असरानी, सीए सतीश पोद्दार ने की। पैनल डिस्कशन के अंतर्गत सीए राकेश खंडेलवाल, सीए धीरज घई, सीए आशीष जैन ने सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर दिया।

# कैम्प में 38 यूनिट ब्लड किया कलेक्ट



**जबलपुर।** रक्तदान करना जीवन के नेक कार्यों में से एक होता है। यह बात हर वर्ग को अपनानी चाहिए। इसी बात को ध्यान में रखते हुए नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल कॉलेज के तत्वावधान में सात्विक ग्रुप द्वारा ब्लड डोनेशन कैम्प लगाया गया। इस दौरान 38 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। इस मौके पर डॉ. शिशिर चनपुरिया, डॉ. ब्रजेन्द्र शर्मा, डॉ. चारू पटेल, सुनील स्टीफन, अर्चना शुक्ला का सहयोग रहा।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 29 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र कृष्ण पक्ष की अमावस्या, नक्षत्र-उ. भा.।**

**मेष** - आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ** - सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन** - आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क- 257-155

**कर्क** - व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह** - प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या** - आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला** - नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक** - निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु** - आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर** - कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ** - आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन** - आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म. 370-120

1,3,6,8,10,35,64,88,84,91,60,11

## नवरात्रि के पावन पर्व पर भक्तों द्वारा अखंड ज्योति

**जबलपुर, देशबन्धु।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान एवं आयोजन होंगे ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज के द्वारा माता बगलामुखी का प्रात: विशेष श्रृंगार विशेष पूजन एवं माता जी का अर्चन पूजन हवन किया जाएगा एवं भक्तों द्वारा अखंड ज्योति कलश स्थापना की जाएगी बटुक ब्राह्मणों द्वारा अखंड ज्योति कलश पूजन किया जाएगा ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी ने बताया कि चैत्र नवरात्रि शक्ति संचय का पर्व माना जाता है जो भी भक्त माता का पूजन अर्चन भजन कीर्तन कलश स्थापन दर्शन और भी अनेकों उपचार से जो भगवती की उपासना करते हैं भगवती माता बगलामुखी भक्तों पर कृपा करती है और सारे मनोरथ पूर्व करती है।

# श्री बड़ी खेरमाई माता का पूजन आराधना का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** ऐतिहासिक श्री बड़ी खेरमाई मंदिर के सैकड़ों वर्षों की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी मां जगदम्बा श्री बड़ी खेरमाई माता का वैदिक रीति से पूजन आराधना का आयोजन बुधवार 30 मार्च से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्र को परंपरानुसार धूमधाम 52 वां से पीठ शक्ति मनाया हैं जाएगा। शास्त्रों में इस स्थान का उल्लेख के अनुरूप प्राचीन काल में मंदिर के आसपास पंच सरोवर थे जो समय काल में विलुप्त हो गए। भानतलैया भी भानु तालाब के नाम से जाना जाता था परंतु अब उसका अस्तित्व कालांतर में समाप्त हो गया। माता के जबड़े को शिला स्वरूप में हजारों वर्षों से पूजा जाता रहा एवम वर्षों में इस शिला के आसपास घनघोर जंगल उग आए। यहां घना जंगल था। इसका अपना आध्यात्मिक महत्व है। इसी को ध्यान में रखते हुये चैत्र नवरात्र पर नौ दिनों तक विविध धार्मिक आयोजन किये जाएंगे।

**इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर आशीष त्रिवेदी, शरद अग्रवाल, श्री मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती उत्तम कौर**- प्रेमनगर महानद्दा रोड निवासी श्री परमजीत सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती उत्तम कौर (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि प्रसाद केवट**- चांदमारी रोड लालमाटी निवासी श्री रवि प्रसाद केवट (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कस्तूरी बाई राजपूत**- अन्ना नगर मदनमहल निवासी श्री गोरे लाल राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती कस्तूरी बाई राजपूत (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्री शुभम चौधरी- वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री नंद किशोर चौधरी के पुत्र श्री शुभम चौधरी (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मेघनाथ सिंह**- बापू नगर रांझी निवासी श्री सुराजी सिंह के पुत्र श्री मेघनाथ सिंह (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला भोजक**- खटीक मोहल्ला सराफा निवासी श्री कल्लू भोजक की धर्मपत्नी श्रीमती विमला भोजक (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हरि शंकर सोनी**- अंजनी कॉलोनी रिछाई व्हीकल निवासी श्री हरि शंकर सोनी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जुगराज सिंह**- तिलहरी निवासी श्री जुगराज सिंह (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रामकृष्ण सोनी**- दरहाई रोड हनुमानताल निवासी श्री रामकृष्ण सोनी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला देवी**- झामनदास चौक लालमाटी निवासी श्री ज्ञानचंद की धर्मपत्नी श्रीमती विमला देवी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री राजकुमारी पांडे**- बिलपुरा कॉलोनी निवासी श्री कांता प्रसाद पांडे की पुत्री सुश्री राजकुमारी पांडे (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्यामा बाई विश्वकर्मा**- सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री भैया लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई विश्वकर्मा (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री आशीष सोनी**- मानेगांव रांझी निवासी श्री गिरि बहादुर सोनी के पुत्र श्री आशीष सोनी (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## पेंशन प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न




**जबलपुर, देशबन्धु।** यूनाइटेड फोरम पाल पावर एम्पलाइज संगठन के पेंशनर प्रकोष्ठ की एक बैठक एवं होली मिलन समारोह आज शक्ति भवन स्थित कैंटीन में जबलपुर के संयोजक श्री आर के स्थापक एवं प्रांतीय संयोजक श्री आर एस परिहार की उपस्थिति में आयोजित की गई इस अवसर पर पेंशन वालों की जो भी समस्याएं हैं उन पर विचार विमर्श किया गया एवं शीघ्र ही प्रकोष्ठ का एक सम्मेलन जबलपुर में आयोजित करने की रूपरेखा बनाई गई, इस अवसर पर यूनाइटेड फौरम फॉर पावर एंप्लॉयजसंगठन पूर्व क्षेत्र कंपनी संयोजक एस के पचौरी बृज विश्वकर्मा राकेश गोस्वामी सुरेश विश्वकर्मा आई के अग्रवाल रमन मिश्रा आरके गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## रेल परिचालन में सजगता और संरक्षा के लिए सराहनीय कार्य करने हेतु 26 रेल कर्मियों को सम्मानित किया



**जबलपुर, देशबन्धु।** सजगता एवं संरक्षा के लिए उत्कृष्ट कार्य करने हेतु, 26 रेल कर्मचारियों को कमल कुमार तलरेजा, मडल रेल प्रबंधक, द्वारा पुरस्कृत किया गया। इन कर्मियों ने संभावित दुर्घटनाओं को रोकने, हॉट एक्सल, एवं समपार पर रेल परिचालन बॉधित होने यात्रियों/ग्रामिणों की जान बचाने आदि घटनाओं को कार्य के दौरान अपनी सजगता और सतर्कता से संरक्षित रेल परिचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इन सभी 26 कर्मचारियों में, दीपिका सोनी, वरि. सहायक लोको पायलट/जबलपुर, राघवेन्द्र सिंह डांगी,ट्रेन मैनेजर/नकज, भीमसेन प्रजापति, ट्रैकमेंटेनर-।।,/ब्यौहारी,महेष चन्द मीना ,स्टेशन मास्टर/ गणेशगंज प्रताप सिंह, ट्रैकमेंटेनर-।।।/ सलैया, विनोद कुमार, कॉंटेवाला 'अ'/बनखेड़ी, सुशील कुमार, जे.ई./ सिगनल/ अमदरा, परमानन्द यादव, कॉंटेवाला/ नरयावली, प्रदीप कुमार यादव इत्यादि शामिल रहे।

# ट्रक ड्राइवर को चाकू मार लूटा मोबाइल व नगदी

## अंधमुख बायपास की घटना



**जबलपुर,देशबन्धु।** गढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत अंधमुख बायपास के पास ट्रक ड्राइवर को रोककर बदमाशों ने चाकू मारकर नगदी और मोबाइल लूट लिया।

घायल को इलाज के लिए 108 की मदद से मेडिकल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश में जुट गई है। टीआई प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि लखनऊ निवासी अजय कुमार पाल 30 वर्षीय का गोवां से मुंबई ट्रक में चाय पत्ती लोड कर जा रहा था। बीती रात वह ट्रक को सडक किनारे खड़ा कर अंधमुख बायपास के पास एक ढाबा में रात्रि 12 बजे खाना खाने पैदल जा रहा था तभी नकाबपोश बाइक सवार चार बदमाशों ने उसे रोक लिया और उसके ऊपर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया बदमाशों ने युवक के पास रखे नगद 1500 रूपए और मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी कर रही है। साथ ही सीसीटीव्ही फुटेज भी खंगाल रही है।

# दो गांजा तस्कर से एक लाख का माल बरामद,आरोपी गिरफ्तार



**जबलपुर,देशबन्धु।** माढ़ोताल पुलिस ने बीती रात गश्त के दौरान दो गांजा तस्करों को दबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने पांच किलों गांजा कीमती एक लाख रुपये का बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की।

माढ़ोताल टीआई नीलेश दोहरे ने बताया कि बीती रात पेट्रोलिंग के दौरान माढ़ोताल पुल के पास दो संदिग्ध व्यक्ति पिट्ठू बैग लिये हुए नजर आये। जिन्हें घेराबंदी कर दबोचा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम क्रमशः सिमरदीप सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी एसबीआई.कॉलोनी केरला भवन कटंगा गोरखपुर एवं सोनू ठाकुर उम्र 37 वर्ष निवासी शास्त्री नगर तिलवारा बताया। पुलिस ने आरोपियों के पास से मिले ट्राली बैग व पिट्ठू बैग की तलाशी ली। जिसमें पुलिस को पांच किलों गांजा मिला, जिसकी कीमत एक लाख रुपये है। पूछताछ करने पर दोनों ने उक्त मादक पदार्थ गांजा शुभम सोनकर निवासी दंगल मैदान थाना बेलबाग से खरीदना तथा करन बिहारी निवासी मानसरोवर कॉलोनी माधवनगर जिला को उक्त गांजा बेचने हेतु लेकर जाना बताया। पुलिस ने गांजा जप्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी शुभम सोनकर व करन बिहारी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

# बिना अनुमति तेज ध्वनि डीजे साउंड बजाने पर कार्यवाही



**जबलपुर,देशबन्धु।** कोतवाली पुलिस ने बीती रात पारसनाथ गेस्ट हाउस गोपाल सदन के पास बगैर अनुमति तेज आवाज में डीजे साउंड बजाने पर कार्यवाही की है। पुलिस ने मामले में डीजे मालिक रितिक राव निवासी गोपाल सदन श्रीनाथ मंदिर के पास उपरैनगंज कोतवाली द्वारा जिला दण्डाधिकारी जबलपुर के आदेश के उल्लंघन करना पाये जाने दो साउंड बॉक्स जब्त करते हुए मप्र कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की।

# जबलपुर में डेयरी साइंस कॉलेज स्थापना का मामला

## विधायक घनघोरिया पुनः विधानसभा में जोरशोर से मामले को उठायेंगे

**जबलपुर,देशबन्धु।** वेटरनरी यूनिवर्सिटी के कुलपति के आदेशानुसार कुल सचिव ने पत्र क्रमांक 729/पीए-कुलसचिव/2025 12 मार्च संचालक पशुपालन डेयरी भोपाल को विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के तारतम्य में पत्र लिखकर नवीन डेयरी साइंस टेक्नॉलॉजी महाविद्यालय जबलपुर में स्थापना संबंधित पूर्व में भेजी गई वित्तीय एस्टीमेट तथा डीपीआर की जानकारी पुनः भेजी गई है। यह दस्तावेज जब आज विधायक लखन घनघोरिया को प्रस्तुत किये गये तब उन्होंने चिंता व्यक्त की जबलपुर के बारे में वर्तमान सरकार की डेयरी साईंस कॉलेज बावत नीति गलत है।

उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को पुनः विधानसभा में जोरशोर से उठाकर विधानसभा में पशुपालन मंत्री द्वारा सही जानकारी प्रस्तुत नहीं करने बावत् उन्हें घेरा जायेगा। डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि वेटरनरी यूनिवर्सिटी ने जबलपुर में नये डेयरी साइंस एवं टेक्नालॉजी कॉलेज की स्थापना हेतु 64.63 करोड़ का वित्तीय अनुमान दो वर्ष पहले ही वर्ष 2023 में शासन को प्रस्तुत कर दिया था। तदानुसार वेटरनरी युनिवर्सिटी के कुलसचिव ने पत्र क्रमांक 852-853/2023 दिनांक 12/04/2023 तथा पत्र क्रमांक 1818-1819/2023 दिनांक 28/07/2023 को संचालक पशुपालन डेयरी विभाग को पत्र भी भेजे थे। इससे स्पष्ट होता है कि पशुपालन मंत्रालय को बारंबार डेयरी साइंस एवं फूड टेक्नालॉजी महाविद्यालय संबंध में वित्तीय स्टेटीमेट तथा डीपी आर प्रस्तुत किये जाने के बारे में दी गई थी अतः पुनः जानकारी मिलने के बाद ही डेयरी साइंस कॉलेज जबलपुर में खुलने की बात करना गलत है। इस अवसर पर रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधोलिया, टी.के. रायघटक, डी.के.सिंह, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, सुभाष चंद्रा, संतोष श्रीवास्तव, राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।

# मजदूरी दिलाने के नाम पर महिला से दुष्कर्म

**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात प्रकाश में आई है। पुलिस ने बताया कि गर्दा खमरिया निवासी नितिन ठाकुर का बम्नौदा निवासी एक महिला जो मजदूरी का काम करती है उसे मजदूरी दिलाने और ठेकेदार के द्वारा बुलाने की बात कहते हुए बाइक में बैठाकर जलगांव ले गया जहां उसके साथ मारपीट करते हुए बलात्कार किया। जब महिला ने विरोध किया तो पुनरू उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# हवाई फायरिंग करने वाले का नहीं मिला सुराग

## प्रापर्टी विवाद के कारण हुई घटना,सीसीटीव्ही भी पुलिस को दे रहे चकमा

**जबलपुर,देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट रजिस्ट्री कार्यालय से शुरू हुए प्रॉपर्टी विवाद शहर की पॉश एरिया सिविल लाइन तक जा पहुंचा। जहां दोनों पक्षों में हुई कहासुनी के बाद एक पक्ष ने हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दी। पुलिस के पहुंचने से पहले दोनों पक्ष गायब हो गये, पुलिस को सिर्फ मिला तो गोली का खोखा। पुलिस चौबीस घंटे बाद भी गोली चलाने वाले और किस को डराने के लिए उक्त वारदात को अंजाम दिया गया, इसका पता नहीं लगा सकी है। वहीं सूत्रों की माने तो मामले में एक नामचीन जादूगर की प्रापर्टी का विवाद सामने आया है, जिसमें शहर के एक पुराने बदमाश द्वारा फायरिंग किये जाने की चर्चा है, हालांकि पुलिस अभी भी कुछ स्पष्ट नहीं कर रहीं है। पुलिस का कहना है कि जो फुटेज सामने आये है वह काफी धुंधली है, आगे के सीसीटीव्ही की जांच की जाएगी, जिसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि गत दिवस गुरुवार को कलेक्ट्रेट में विवाद और बंदूक तानने से वहां अफरा-तफरी मच गई थी। जिसकी सूचना ओमती पुलिस को मिली। पुलिस वहां पहुंची, तो दोनों पक्ष वहां से निकल गए। इसके बाद दोनों पक्ष गोलछा अपार्टमेन्ट के बाहर पहुंचे। जहां बंदूकधारी एक युवक ने वहां हवाई फायर कर दिया। जिससे वहां भी दहशत फैल गई। पुलिस का कहना था कि प्रॉपर्टी विवाद के चलते हवाई फायर की जानकारी आई है, लेकिन किसी ने अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि यह पता चल सके कि फायर किसने और क्यों किया। वहीं आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। वहीं दूसरे दिन शुक्रवार तक किसी भी पक्ष ने मामले की शिकायत दर्ज नहीं करायी।

**इनका कहना है-**

गोली चलने की जांच की जा रहीं है, जो फुटेज सामने आये है वह काफी धुंधली है। एक नामचीन जादूगर की प्रॉपर्टी के विवाद की बात भी सामने आई है, लेकिन किसी भी पक्ष ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस आगे के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है, जिसे गोलीबारी करने वाले का पता लगाया जा सके।

**नेहरु खण्डाते,**
**टीआई सिविल लाइन**

# पार्टी करने रुपये न देने पर बाईक में की तोडफोड़

## रांझी गंगामैया क्षेत्र में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** चौक कार्यक्रम से लौट रहे मोटर साइकिल सवार दो युवकों से दो असमाजिक तत्वों ने पार्टी करने दो हजार रुपयों की मांग की। युवकों के रुपये देने से मना करने पर आरोपियों ने युवकों की मोटर साइकिल में जमकर तोडफोड़ कर उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि मोहनिया मुंडी टोरिया निवासी 37 वर्षीय अजीत कुमार राजपूत हलवाई का काम करता है। बीती रात वह अपने रिश्ते की भांजी के चौक कार्यक्रम में गोरखपुर आजाद चौक गया था। कार्यक्रम समाप्ति के बाद वह अपने दोस्त भवानी प्रसाद के साथ मोटर साइकिल से वापस मोहनिया आ रहा था। जैसे ही वे गंगामैया सरकारी अस्पताल के पास फक्कड़ बाबा रोड पर पहुंचे, उसी समय पंकज यादव ने उन्हें आवाज देकर रोक लिया। उनके रुकने पर पंकज व उसका साथी रोहित अग्रवाल पार्टी करने के लिये अजीत से दो हजार रुपये मांगने लगे। अजीत के रुपये देने से मना करने पर दोनों आरोपियों ने अजीत की मोटर साइकिल में जमकर तोडफोड़ कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# जेवर-नगदी के साथ एटीएम कार्ड किया हाथ साफ

## व्हीएफजे टेक्नीशियन के सूने घर में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी थानातंर्गत बजरंग नगर में व्हीकल फैक्ट्री के टेक्नीशियन के सूने घर पर अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवर व नगदी सहित एटीएम कार्ड और बैंक पासबुक पार कर दी। जिस वक्त वारदात हुई उस समय पी?ित अपने पूरे परिवार के साथ पैतृक गांव जिला गोंदिया महाराष्ट्र गया हुआ था।

पुलिस ने बताया कि बजरंग नगर निवासी 40 वर्षीय संजय राउत व्हीकल फैक्ट्री में टैक्नीशियन के पद पर कार्यरत् है। वे 22 मार्च को अपने परिवार के साथ पैतृक गांव गोंदिया महाराष्ट्र गये हुए थे। बीते दिवस उनके दोस्त पंकज चौधरी ने फोन पर घर में चोरी होने की जानकारी दी। जिस पर संजय ने शहर पहुंचकर देखा तो उसके घर का दरवाजा खुला था, इंटर लॉक होने से दरवाजा नहीं खुला था। उसने दरवाजा खोलकर अंदर जाकर देखा तो ऊपर की सीट टूटी हुई थी। कमरें में पूरा सामान बिखरा प?ा था। आलमारी में रखा सोने का मंगलसूत्र, दो अंगूठी, 35 सौ रुपये की नगदी व एटीएम कार्ड और पासबुक गायब थे। कोई

# प्रदेश के जिला न्यायालय में पदस्थ 316 न्यायाधीशों को प्रमोशन व स्थानांतरण

## हाईकोर्ट ने जारी किये आदेश

जबलपुर,देशबन्धु। प्रदेश के विभिन्न न्यायालय में पदस्थ 316 न्यायाधीशों व न्यायिक अधिकारियों के प्रमोशन व स्थानांतरण के आदेष जारी किये है। इस संबंध में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेष कुमार कैथ की अनुमति से रजिस्ट्रार जनरल धर्मिन्दर सिंह ने आदेष जारी किये है। हाईकोर्ट में ओएसडी के पद पर पदस्थ मुकेश रावत, रजिस्ट्रार (जिला स्थापना), विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च न्यायालय का दायित्व दिया गया है। प्रदेश के विभिन्न जिला न्यायालयों में पदस्थ 46 सिविल न्यायाधीश, जूनियर डिवीजन एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट का स्थानांतरण आदेष जारी किए गया है। प्रदेश के विभिन्न जिला न्यायालयों में पदस्थ 159 सिविल न्यायाधीश, जूनियर डिवीजन को पदोन्नत प्रदान कर सिविल न्यायाधीश, सीनियर डिवीजन के रूप में पदस्थ किया गया है। उन्हें वेतनमान वृद्धि का लाभ भी प्रदान किया गया है। इसके अलावा 109 सिविल न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट का स्थानांतरण किया गया है। इसके अलावा प्रियंक दुबे प्रथम सिविल जज सीनियर डिवीजन मेहगांव भिंड को प्रथम सिविल जज, सीनियर डिवीजन, न्यायिक मजिस्ट्रेट, टीकमगढ़ का दायित्व सौंपा गया है।




## ओरिजनल फाइल का अवलोकन कर जिम्मेदार अधिकारियों के नाम सहित पेश करने तथ्यात्मक रिपोर्ट

### नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा मामले में हाईकोर्ट ने दिये याचिकाकर्ता को निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश में फर्जी तरीके से संचालित नर्सिंग कॉलेज को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका पर शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से नर्सिंग कॉलेज की मान्यता व संबद्धता संबंधित ओरिजिनल फाइल पेष की गयी। जस्टिस संजय द्विवेदी तथा जस्टिस ए के पालीवाल की युगलपीठ ने याचिकाकर्ता को निर्देशित किया है कि वह 15 दिनों में फाइलों का परीक्षण कर तथ्यात्मक रिपोर्ट के साथ जिम्मेदार अधिकारियों के नाम पेष करें।

लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि प्रदेश में नियम विरूध्द तरीके से नर्सिंग कॉलेज संचालित हो रहे है। नियमों को ताक में रखकर कॉलेजों को मान्यता प्रदान की गयी है। तत्कालीन अधिकारियों द्वारा मान्यता नियम 2018 में 3 बार संशोधन किए गये थे। जिसके अपात्र कॉलेजों को निरंतर लाभ पहुँचाया गया था। हाईकोर्ट ने नियमों में किये गये सभी संशोधनों की ओरिजनल फाइल पेश करने के निर्देष जारी किये थे। इसके अलावा मेडिकल यूनिवर्सिटी सहित नर्सिंग काउंसिल के द्वारा सभी अनसुटेबल नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता और संबद्धता से जुडी ओरिजनल फाइल पेश करने के निर्देष जारी किये थे।

याचिका पर शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान मान्यता और संबद्धता संबंधित ओरिजनल फाईल प्रस्तुत की गयी। याचिका की सुनवाई के दौरान युगलपीठ को बताया गया कि सीबीआई जांच में कई कॉलेजों ने छात्रों का एडमिशन नहीं होने बताया गया था। सीबीआई ने अपनी जांच रिपोर्ट में इन कॉलेजों का उल्लेख किया है। कॉलेजों ने बाद में बैक डेट पर एडमिशन दर्शाते हुए छात्रों के एनरोलमेंट नंबर के लिए आवेदन किया है। युगलपीठ ने पूर्व में पारित आदेष को संशोधित करते हुए कहा है कि सीबीआई रिपोर्ट के आधार पर छात्रों के एनरोलमेंट किये जाये। इसके अलावा एक माह की अवधि में अनसूटेबल कॉलेजों में अध्ययनरत छात्रों का ट्रांसफर सूटेबल कॉलेज में किया जाये।

## दहेज हत्या पर सात साल की सजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रधान सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपी बूढ़ी कोनी पाटन जबलपुर निवासी अर्जुन बर्मन का दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी को सात वर्ष के कारावास की सजा व तीन सौ रुपये जुर्माने से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से प्रभारी लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित ने पत्नी सपना बर्मन को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप है। इसी वजह से सपना ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

इस तरह यह मामला दहेज हत्या का है। विवाद से सात वर्ष के भीतर यह घटना हुई। जिस कारण आरोपी को सजा सुनाई जानी चाहिए। अदालत ने तर्क से सहमत होकर दोषी करार देते हुए आरोपी को उक्त सजा सुनाई।

## आदेश का पालन करो वरना अवमानना कार्रवाई के लिए तैयार रहें

### हाईकोर्ट का सख्त रुख, इंजी.-इन-चीफ को निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया है कि पूर्व अंतरिम आदेश के अंतर्गत याचिकाकर्ता को खंड डिंडौरी में कार्य करने और अनावेदक राकेश कुमार को हटाने का आदेश जारी करें। एकलपीठ ने अपने आदेश में सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसा नहीं करने पर विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ के विरुद्ध अवमानना की कार्रवाई की जाएगी।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी सुरेन्द्र बहादुर की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता को डिंडौरी में मूल पदस्थापना होते हुए भी जबलपुर भेज दिया। एक बर्खास्त कर्मी राकेश कुमार सौंधिया को उपकृत करने पीएचई खंड डिंडौरी में पदस्थ किया गया था। वर्ष 2016 में उसे सेवामुक्ति दे दी गई थी, लेकिन बाद में उसे हाई कोर्ट से स्थगन मिल गया। शासन की नीति के विरुद्ध राकेश कुमार 2018 से लगाकर 2025 तक पदस्थ रहा। शासन ने 31 जनवरी को राजेश को उपखंड डिंडौरी में भेज दिया था। राकेश ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जो कि निरस्त हो गई। इसके दो माह बाद सुरेन्द्र को चार्ज मिल गया, लेकिन 10 मार्च को पुनः राकेश को पदस्थ कर दिया। लिहाजा सुरेन्द्र ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने 18 मार्च को शासन के 10 मार्च के आदेश पर रोक लगा दी थी। अब कोर्ट ने विभाग को पूर्व आदेश का पालन करने निर्देश दिया है।

## धान घोटाले के आरोपित को जमानत नहीं

**जबलपुर,देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायाधीश संजोग सिंह वाघेला की अदालत ने बहुर्चित धान घोटाले के आरोपित हरदुली बरगी जबलपुर निवासी नीरज शिवहरे की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। राज्य शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक अरविंद जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपी ने धान घोटाला किया है, जो गंभीर श्रेणी में आता है। इस तरह के आरोपी को जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए। इससे समाज में गलत संदेश जाएगा। सीमा बोरसिया सहायक आपूर्ति अधिकारी खाद्य शाखा कलेक्ट्रेट ने बरगी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि मप्र शासन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत चावल वितरण के लिए किसानों से धान का उपार्जन किया जाता है। इसी प्रक्रिया में आरोपित ने दलाल प्रथा को संबल प्रदान करने का अपराध किया है।

## हाईकोर्ट का सेवाकाल अविस्मरणीय रहेगाः न्यायमूर्ति गुप्ता

### विदाई समारोह में रेखांकित हुआ व्यक्तित्व-कृतित्व

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति पीसी गुप्ता ने कहा कि यहां का सेवाकाल अविस्मरणीय रहेगा। वे अपने सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव सचदेवा सहित अन्य ने 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे न्यायमूर्ति पीसी गुप्ता के व्यक्तित्व-कृतित्व को रेखांकित करते हुए उनके कार्यकाल को उल्लेखनीय निरूपित किया। कोर्ट रूम क्रमांक-एक में दोपहर सा? तीन बजे से विदाई समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह, डिप्टी सालिसिटर जनरल पुष्पेंद्र यादव, हाई कोर्ट बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन, हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल, सीनियर एडवोकेट्स काउंसिल के महासचिव आदित्य अधिकारी शोभा स्टेट बार चेयरमैन राधेलाल गुप्ता सहित अन्य ने वक्तव्य दिए।

**जजों की संख्या घटकर 33 हुई** -विगत दिनों न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन के आगमन के साथ जजों की कुल संख्या 34 हो गई थी, जो न्यायमूर्ति गुप्ता के सेवानिवृत्त होने से घटकर 33 हो गई है। इस तरह कुल स्वीकृत पद 53 के मुकाबले 20 जजों का अभाव बना हुआ है।

# सूने घर में धावा बोलकर उठाये जेवरात व नगदी

## खमरिया थाने की घटना

**जबलपुर,देशबन्धु।** सूने घर में धावा बोलकर अज्ञात चोर ने जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर दिये। पुलिस ने सूचना मिलने पर प्रकरण दर्ज कर अज्ञात चोर के संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।



खमरिया थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज शाम श्रीमती अंजना यादव उम्र 48 वर्ष निवासी भगवती कालोनी पिपरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि हेल्थ होम केयर तीन पत्ती में काम करती है।

उसका बेटा सिद्धार्थ यादव रात लगभग 8-30 बजे बिलहरी अपने काम पर नाईट डयूटी हेतु चला गया था। वह रात लगभग 10-30 बजे घर पर ताला लगाकर अपनी भाभी गुड्डी यादव जो उसके घर के पास नकुल डेयरी के सामने पिपरिया में रहती हैं के घर चल गयी थी। आज सुबह लगभग 5-30 बजे घर वापस आया देखी कि घर के मेन गेट का कुंदा ताला सहित टूटा था। कमरों की लाईट जल रही थी अंदर जाकर देखा तो आलमारी का दरवाजा खुला हुआ एवं सामान बिखरा हुआ था। चैक करने पर आलमारी मे रखे सोने का हार, चैन, चांदी की हाफ करधन, एक जोड़ी पायल, 2 चूडी, तथा नगदी 10 हजार रूपये गायब थे। कोई अज्ञात चोर दरवाजे का कुंदा तोड़कर घर में घुसकर आलमारी से सोने चांदी के जेवर तथा नगदी 10 हजार रूपये सहित लगभग 80 हजार रूपये की चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# हाईवा की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** माढ़ोताल थाने में गोहलपुर त्रिमूर्ति नगर नंदन बिहार निवासी 41 वर्षीय जितेन्द्र कुमार नायक ने शिकायत दर्ज करायी।

जिसमें उन्होंने बताया कि अपनी कार क्रमांक एमपी 20 सीएच-0588 से अपनी पत्नी वंदना नायक, साला सचिन जैन व बच्चों के साथ इलाज कराने जबलपुर से नागपुर जा रहा था। सुबह करीब साढ़े आठ बजे जैसे ही वे एमएम इंटरनेशनल स्कूल के आगे नागपुर हाईवे रोड पर पहुंचे, उसी समय हाईवा क्रमांक एमपी 20 जेडएस-5803 के चालक ने उसकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में किसी को चोटे तो नहीं आई, लेकिन उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# मझौली ब्लॉक की 25 टीबी मुक्त पंचायत पुरस्कृत

- विधायक अजय विश्नोई के मुख्य आतिथ्य में हुआ पुरस्कार वितरण

**सिहोरा/मझौली, देशबन्धु।** सामुदायिक परिसर जनपद पंचायत सभागार में विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य में विधायक महोदय मझौली अजय विश्नोई जी के मुख्यातिथ्य में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुविभागीय दंडाधिकारी मझौली रूपेश सिंघई ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जनपद अध्यक्ष दिनेश चौरसिया जी,नगर अध्यक्ष श्री राजेंद्र चौरसिया, तहसीलदार, जनपद सीईओ, जिले से जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील शर्मा जी एवं मुख्य विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपक गायकवाड उपस्थित थे।



टीबी मुक्त पंचायत पुरस्कार वितरण समारोह माननीय जनप्रतिनिधी गण, पंचायत एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से आयोजित किया गया। जिसके अन्तर्गत वर्ष 2024-25 के दौरान ब्लॉक की कुल 25 टीबी मुक्त पंचायतों को राज्य स्तर से नामित किया गया है उक्त पंचायतों को विश्व क्षय दिवस 2025 के अवसर पर पुरस्कृत किये जाने हेतु पंचायत वार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं बीएमओ द्वारा जिला प्रशासन के जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्राप्त आवश्यक मैडल एवं प्रशस्ति पत्र को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक महोदय जी द्वारा प्रदाय किये गये विधयाक ने स्वास्थ्य विभाग के कार्य की सराहना की तथा आपसी समन्वय से प्राप्त हुई उपलब्धि के लिए सभी को शुभकामनाएं दी और आगे ब्लॉक की समस्त ग्राम पंचायत टीबी मुक्त हो।

इसके लिए सभी को अधिक ईमानदारी से काम करने को कहा, गुरुजी ने इस अवसर पर सभी के किए गए प्रयासों की सराहना की तथा संबंधित पंचायत को शुभकामनाएं दीं और अगले वर्ष सम्पूर्ण ब्लॉक को जल्द टीबी मुक्त करने के लिए सभी से एकजुट होकर इसी तरह आपसी समन्वय से कार्य करने की आशा व्यक्त की। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम समन्वयक सुनील शर्मा द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन सुपरवाइजर नेहा चौधरी, मनोज यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विकासखंड के समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी प्रमुखता से उपस्थित रहे

# उड़ती धूल से राहगीर और ग्रामवासी परेशान

**गोसलपुर, देशबन्धु।** गोसलपुर में बस स्टैंड से लेकर कछपुरा खिन्नी तिराहा तक इस समय सड़क पर धूल के बड़े बड़े गुब्बार उड़ते हुई दिखाई पड़ रहे है तेज गति से भागते हायवा यह धूल उड़ाते हुई यमदूत बनकर बेलगाम दौड़ते है कुछ ड्राइवर शराब पीकर लहराते हुये यह हायवा चलाते है कई के पास बड़े वाहन चलाने का लाइसेंस भी नहीं है और यह बड़ी गाड़िया चला रहे है।

स्कूल जाने वाले बच्चे, राहगीर, रहवासी परेशान होते है एवं अस्थमा एवं दमा मरीज़ दिन प्रतिदिन बढ़ रहे है। अगर पुलिस द्वारा इन पर समय समय पर कार्यवाही की जाये तो यह तेजगति से बस्ती के अंदर दौड़ते हायवा अपनी सामान्य गति से चले!!जियोमीन फैक्ट्री द्वारा समय समय पर हल्का पानी भी सड़क पर डाल दिया जाये तो धूल से कुछ हद तक निजात मिल जाये। ग्रामवासी राजीव तिवारी, सचिन विश्वकर्मा, मुकेश तिवारी, वीरेंद्र पालीवाल, दीपनारायण कुशवाहा, भोला पटेल, मुन्ना बाबा, वीरेंद्र खरे,अरविन्द ठाकुर, बद्री साहू, बसंत प्रीतवानी, संजय विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, सुरेश तिवारी, दुर्गा पटेल, भागचंद पटेल, प्रेमचंद पटेल,हर्ष तिवारी, मोहन चौधरी,मोहन कांत आदि ने अधिकारियों एवं फैक्ट्री प्रबंधन से ध्यान देने की मांग की है।



## सार-समाचार

### जैन समाज का युवक युवती सम्मेलन



**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** नैना गिरी जिला छतरपुर जैन अतिशय क्षेत्र में जैन समाज के युवक-युवती सम्मेलन का आयोजन 28 मार्च को प्रारंभ हुआ, जो 29 मार्च को 5 बजे शाम तक चलेगा। इस सम्मेलन की विशेषता है की 32 वर्ष से अधिक उम्र के युवक-युवतियां, विधवा, तलाकशुदा महिलाओं के लिए आयोजित किया। इस सम्मेलन में प्रदेश और देश के विभिन्न राज्यों से महिलाएं-पुरुषों ने भाग लिया। भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए। यह कार्यक्रम चेतना संगठन कोतमा द्वारा आयोजित किया गया है। अभी तक दो हज़ार से अधिक लोगों एकत्र हुए हैं।

### मां विंध्यवासिनी मंदिर में हनुमानजी और गणेश की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**पनागर, देशबन्धु।** प्रताप वार्ड, इन्द्रा चौक में स्थित माँ विंध्यवासिनी मंदिर में दिनांक 27 मार्च 2025 को गुरुवार के दिन एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में हनुमानजी भगवान और गणेश जी भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस समारोह में पंडित जी द्वारा पूरे विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर भारी मात्रा में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूजा-अर्चना में भाग लिया। समारोह के बाद महाआरती का आयोजन किया गया और प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर समिति के सदस्यों ने इस समारोह को सफल बनाने के लिए कठिन परिश्रम किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष ने कहा, हमें यह देखकर बहुत खुशी हुई कि इतने सारे श्रद्धालुओं ने इस समारोह में भाग लिया।

### श्री शांति विधान का आयोजन

**पनागर, देशबन्धु।** नगर के विद्यासागर वार्ड स्थित श्री 1008 चंद्रप्रभ जिनालय नायक मंदिर जी में श्री शांतिनाथ विधान का आयोजन किया गया पं सुमित जैन के द्वारा भक्ति भाव एवं संगीतमय प्रस्तुति के साथ विधि विधान के साथ विधान संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान शांति नाथ जी का अभिषेक शांति धारा पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ तत्पश्चात मंगलाष्टक पढ़ते हुए विधान प्रारंभ हुआ विधान के अंत में हवन किया जाए कार्यक्रम में कैलाश खजांची सनील खजांची शरद खजांची नूतन जैन, मगन बहन लालिमा जैन, मोना जैन, सोमिल जैन, रश्मि खजांची, शिल्पी चौधरी, नंदिनी जैन सोनपुर, संगीता जैन, कामिनी जैन, विमला जैन, अर्चना नायक, विनीत सोदिया सहित जैनबंधु धर्मप्रेमी जन उपस्थित थे। अंत में सभी लोगों ने क्षेत्राधिराज श्री सम्मेद शिखर जी की चरण प्रतिष्ठित रचना के दर्शन कर पुनरार्जन किया।

### रजनीश पांडे चुने गए प्रदेश अध्यक्ष, प्रतीक दुबे बने कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** भगवान श्री परशुराम वंशज समिति के प्रदेश अध्यक्ष पद पर बरेला ब्राह्मण समाज के पंडित रजनीश कुमार पाण्डेय को प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पद पर प्रतीक दुबे को नियुक्त किया गया है। भगवान श्री परशुराम वंशज समिति संरक्षक पंडित योगेंद्र दुबे द्वारा समाज हित में कार्य करने वालों को समिति में नियुक्त किया जा रहा है। भगवान परशुराम वंशज समिति पंडित अटल उपाध्याय, गोविंद दुबे, ज्ञानेश्वर ज्ञानू प्यासी, योगेश दुबे, नंदकिशोर उपाध्याय, योगेंद्र मिश्रा, रमेश गबलू तिवारी, अर्पित दुबे, शरद अवस्थी, अमित मिश्रा , अरविंद गुड्डा पाठक, राजा उपाध्याय,बृजेश दीक्षित, विष्णु तिवारी, सुधीर उपाध्याय, गोल्डी दुबे, मुकेश पांडे, नरेन्द्र उपाध्याय, विवेक शुक्ला, अरविंद दुबे ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुस्प मालाओं से स्वागत कर बधाइयां दी है।

### चेतराम बड़कुल का निधन



**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** शहपुरा नगर के दवा विक्रेता चेतराम बड़कुल का शुक्रवार को 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप शहपुरा नगर में दानवीर की उपाधि प्राप्त हैं। उनके निधन पर अनेक सामाजिक साहित्यिक संस्थाओं ने शोक संवेदना व्यक्त की। सकल जैन समाज ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।

# शारदा नगर बना ब्लैक स्पॉट, आए दिन हो रहे हादसे

- एनएचएआई के जवाबदेह बने मौन

**बरेला, देशबन्धु।** नगर के शारदा नगर तिराहा स्थित ब्लैक स्पॉट जहां पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं तथा इन दुर्घटनाओं में लोगों की जान भी जा रही है, किंतु इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जवाब देह विभाग और अधिकारी मौन साधे हुए हैं। इसका खामियाजा आम आदमियों को उठाना पड़ रहा है। जहां एक और पुलिस विभाग इन दुर्घटनाओं में वाहन चालकों की गलती मानकर वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अपनी काम की इति श्री कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर एनएचएआई के जवाब देह अधिकारी इस ब्लैक स्पॉट पर हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई ठोस कारगर उपाय नहीं कर रहा है जिसके कारण इन दुर्घटनाओं में जान जाने वालों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है।

**पहाड़ काटकर सीधी की सड़क तो हो गई दुर्घटनाओं में वृद्धि-** वर्ष 2015 में जब पेटीनाका से लेकर डोभी तक लगभग 21 किलोमीटर रोड का निर्माण लगभग 200 करोड़ की लागत से किया गया था इस रोड निर्माण में नागा घाटी से आने वाले मार्ग को सीधा करने के लिए पहाड़ी को बीच में से काटकर रास्ता बनाया गया है इस रास्ते को जब से सीधा किया गया है तब से दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो गई है जोकि अभी तक वर्तमान में निरंतर जारी है।

सैकड़ो लोगों की अभी तक जा चुकी है जाने 2017-18 से चालू हुई इस रोड में वर्तमान में अभी तक लगभग हर वर्ष दुर्घटनाएं होती हैं तथा इन दूरघटनाओं में अभी तक अनेकों लोगों की जान जा चुकी हैं। नागा घाटी से ऊपर की ओर से आने वाले ओवरलोड ट्राला अनियंत्रित होकर अभी तक शारदा नगर तिराहे रहे पर अनेक लोगों की जान ले चुके हैं पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक हर महीने यहां पर दुर्घटनाएं होती हैं तथा किसी ने किसी आदमी की जान जा रही है यदि 2017-18 से अभी तक के को जन हानि को जोड़ा जाए तो मरने वालों की संख्या सैकड़ो के आसपास हो सकती है।



**अपनी जान बचाने दुकानों के सामने लगा रखे हैं बड़े-बड़े शिलाओं की बाढ़-**शारदा नगर तिराहा स्थित ब्लैक स्पॉट के आसपास कुछ लोगों ने दुकानें भी लगा लगी रखी हैं इन दुकानदारों ने अपनी जान बचाने के लिए अपनी दुकानों के आगे बड़े-बड़े पत्थरों की बाढ़ लगा रखी है। नागा घाटी से ऊपर की ओर आने वाले इन ओवरलोड ट्राला कभी अनियंत्रित होकर आए दिन किसी ने किसी दुकान में घुस जाते हैं यह तो अच्छा है कि दुकानों में घुसने पर अभी तक कोई जनहानि नहीं हुई है अपितु ट्रक ड्राइवर घायल जरूर हुए हैं जिन्हें की जन सहयोग से बचाया जा सका है । स्थानीय निवासी छोटू तिवारी ने बताया कि अनियंत्रित होकर ट्राला तो दो तीन बार उनकी दुकान में अभी तक घुस चुका है यह तो ईश्वर की ही कृपा है कि इन दुर्घटनाओं से केवल दुकान की ही क्षति हुई है और उनकी जान बच गई है।

**एनएचएआई नहीं दे रहा है ध्यान-** एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा शारदा नगर स्थित इस ब्लैक स्पॉट को खत्म करने के लिए कोई कारगर उपाय नहीं किया जा रहे हैं इसके कारण दुर्घटनाओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है जबकि इस रोड पर थोड़ा सा सुधार करके इस रोड पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

**पुराना मार्ग चालू कर और वनवेकर बचाई जा सकती हैं लोगों की जाने-**यहां पर रह रहे स्थाई निवासियों फूलचंद यादव का सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है की शारदा नगर स्थित इस ब्लैक स्पॉट पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। यहां पर स्थित नागा घाटी की ओर से आने वाले पुराने मार्ग को उन्हें चालू कर दिया जावे तथा जबलपुर सी ओर जाने वाले मार्ग को वनवे कर दिया जाए ताकि यहां से जाने वाले मार्ग वहां ऊपर जा सके तथा घाटी की ओर से आने वाले वाहनों को पुराने पुराने मार्ग से ही नीचे किया जाए, जिससे कि ऊपर की ओर से आने वाले वाहन अनियंत्रित होकर भी यदि आते हैं तो वह टर्निंग में ही रुक जाएंगे और तथा नीचे की ओर होने वाली जन हानि को रोका जा सकता है।

**सरपंच के पत्र से भी नहीं की कोई कार्यवाही-**यहां पर शारदा नगर ब्लैक स्पॉट पर होने वाली दुर्घटनाओं से आम जनता में भय का वातावरण व्याप्त रहता है तथा सड़क किनारेव्यापार अपना जीवन यापन कर करने वाले लोगों में हरदम दुर्घटनाओं के लिए आशंका बनी रहती है इन समस्याओं से निजात के लिए यहां के सरपंच आशीष शुक्ला द्वारा विगत 6से8 माह पूर्व एन एच ए आईके अधिकारियों को पत्र लिखकर यहां पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने के लिए पत्र भी लिखा गया था किंतु इसके बावजूद भी अभी तक अधिकारियों द्वारा इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है।।

### दुर्घटनाओं से लोगों में पनप रहा आक्रोश

यहां पर आवे दिन होने वाली दुर्घटनाओं के लिए यहां के स्थाई लोगों में जन आक्रोश पनप रहा है। 2018 में जब यहां पर एक अनियंत्रित ट्रक द्वारा यहां के लगभग छह लोगों के ऊपर गाड़ी चला दी गई थी जिस पर यहां पर जन आक्रोश भड़क गया था तब यहां पर उपस्थित भीड़ ने पुलिस की साथ मोर पीट कर पुलिस की जीप पर आग लगा दी थी वह घटना आज भी पुलिस विभाग के रिकार्ड में दर्ज है। धीरे-धीरे आए दिन होने वाली इन दुरघटनाओं से लोगों के मन में आक्रोश निरंतर बढ़ रहा है यदि किसी दिन यहां पर स्थानीय जनों की दुर्घटनाओं से जनहानि होती है तो यह आक्रोश पुन: भड़क सकता है। शायद प्रशासन यहां पर किसी बहुत बड़ी दुर्घना का इंतजार कर रहा है तब जाकर कहीं यहां पर होने वाली दुर्घटनाओं पर लगाम लग सकेगी तथा जवाब देह अधिकारी भी अपनी कुंभकरण निद्रा से जा? कर यहां पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोक सकेंगे।अभी भी समय रहते इन दूरघटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है।

# नई निर्माणाधीन सब्जी मंडी का कार्य पूर्ण कराने थोक सब्जी व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

**पनागर, देशबन्धु।** स्थानीय सब्जी मंडी व्यापारी संघ के द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पार्षदों को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं की निराकरण की मांग की व्यापारियों ने बताया कि नगर पालिका के द्वारा वर्तमान सब्जी मण्डी के पीछे की जगह में नई सब्जी मण्डी बनाई जा रही है वह अभी काफी अधूरी है मात्र शेड बनाकर छोड़ दिया गया है ।

हम सभी सब्जी व्यापारियों के सामने अनेक प्रकार की समस्याएं बनी हुई है जिनको शीघ्र पूर्ण किया जाये, व्यापारियों ने बताया कि नवनिर्मित सब्जी मण्डी का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जाये। उसमें महिला एवं पुरुष प्रसाधन की व्यवस्था की जाये ।पेयजल की व्यवस्था की जाये ।उचित प्रकाश व्यवस्था की जाये।

उक्त नई सब्जी मंडी के सामने जो खाली मैदान पड़ा है उसमें पक्का फर्श डालते हुये एक बड़ा शेड निर्माण कराया जाये, जो कि थोक सब्जी व्यापारियों के लिये आरक्षित किया जाये ।सुरक्षा की दृष्टि से नाले की तरफ तार फेसिंग कराया जाये ।लायसेंसशुदा थोक सब्जी व्यापारियों के माल रखने हेतु गोदाम अथवा कमरों की व्यवस्था कराई जाये।



व्यापारियों ने जनप्रतिनिधियों से यह भी मांग की जब तक नई सब्जी मण्डी का कार्य उपरोक्त मांगों सहित पूर्ण नहीं कराया जाता तब तक थोक सब्जी व्यापारियों को बस स्टेण्ड प्रांगण छोड़ने के लिये विवश न किया जाये। अध्यक्ष प्रदीप पटेल उपाध्यक्ष अधिवक्ता महेंद्र चक्रवर्ती ने कहां की शीघ्र चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई कराने के निर्देश दिए जाएंगे इस अवसर पर पार्षद तुलसीराम कुशवाहा शैंकी यादव मुकेश वंशकार सहित सभी पार्षद उपस्थित थे इस अवसर पर सब्जी मंडी व्यापारी संघ के सचिव राजेंद्र कुशवाहा चक्रेश चौरसिया श्याम कुशवाह नंदू कुशवाहा राकेश कुशवाहा बृजेश कुशवाहा बाबूलाल कुशवाहा अखिलेश कुशवाहा भोला कुशवाहा सुनील बेटू के साथ अनेक व्यापारी भी उपस्थित थे।

# सुबह की पाली में लगाए जाएं स्कूल

**बरेला, देशबन्धु।** मप्र अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने जिला कलेक्टर महोदय से शासकीय विद्यालयों को सुबह की पाली में लगाने की मांग करते हुए बताया कि एक अप्रैल से नवीन शिक्षण सत्र प्रारंभ हो रहा है जबकि वर्तमान में भीषण गर्मी प्रारंभ हो चुकी है तापमान 40 पार कर रहा है साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट भी रहता है और उनके पालक रोग खेती-बाड़ी के कार्य में लगे हुए हैं ऐसे में शाला में उपस्थित छोटे-छोटे बच्चे गर्मी में परेशान हो कर बीमार पड सकते हैं साथ ही उनकी उपस्थिति भी प्रभावित होगी संयुक्त मोर्चा के रजनीश पाण्डेय दालचंद पासी मुकेश मेहरा अजय दुबे सतीश उपाध्याय रामदास वरकडे सुरेंद्र कुमार चौबे प्रमोद विश्वकर्मा निर्मल लोधी बृजेश दीक्षित उमेश द्विवेदी मनोज सिंह प्रफुल्ल बनाफर राममिलन बरकडे शेर सिंह अंशुल साहू अभिषेक वर्मा सुम्मत सिंह पेंद्रो आर लखेरा डीके साहू राजकुमार बैरागी सुनील कटारे रमेश मरावी आदि ने कर्मचारी एवं बच्चों के हित में मांग की है।

# नगर परिषद बरेला 2025-26 का बजट हुआ पारित

**बरेला, देशबन्धु।** नगर परिषद बरेला में शुक्रवार 28 मार्च को आयोजित परिषद की साधारण बैठक में निकाय का आगामी वित्त वर्ष 2025 - 26 का अनुमानित आय/व्यय (बजट) प्रस्तुत हुआ। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न मदों से राशि रुपए 3361.84 लाख का अनुमानित आय, राशि रुपए 3360.43 लाख का अनुमानित व्यय एवं राशि रुपए 1.41 लाख का बचत का बजट तैयार किया गया। बजट में प्रावधानित आय और व्यय के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा परिषद को अवगत कराया गया। बजट में नगर विकास से संबंधित विभिन्न कार्य जैसे खेल मैदान/स्टेडियम निर्माण ,शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण, मंगल भवन, गीता भवन ,पुस्तकालय की स्थापना के साथ ही विभिन्न वार्डों के सड़क एवं नाली निर्माण एवं विद्युतीकरण का कार्य सम्मिलित किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत उपयोगित जल प्रबंधन परियोजना में सम्मिलित कार्य भी बजट में प्रावधानित है। नागरिकों को मूलभूत सुविधा यथा पेयजल व्यवस्था,सफाई व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट को संग्रहण ,सड़क प्रकाश व्यवस्था एवं शौचालय /पेशाब घर के निर्माण के लिए भी बजट में पर्याप्त धन राशि का प्रावधान किया गया है। परिषद द्वारा आगामी वित्त वर्ष 2025-26 में प्रावधानित आय /व्यय के संबंध में चर्चा विचार किया गया विचारोपरांत नगर परिषद बरेला का वित्तीय वर्ष द्वारा 2025-26 का बजट विकासोन्मुखी, संतुलित एवं जनहितैषी होने से ध्वनि मत से अंगीकार किया गया।



## किंग चार्ल्स की बर्मिंघम यात्रा कैंसर उपचार के कारण टली

**लंदन, (आईएएनएस)।** ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय ने बर्मिंघम की यात्रा को स्थगित कर दिया है। उन्होंने अपने कैंसर उपचार के कारण पड़ने वाले दुष्प्रभावों की वजह से यह फैसला लिया। यह यात्रा शुक्रवार को होनी थी, लेकिन बकिंघम पैलेस ने उनके दौरे के रद्द होने की आधिकारिक घोषणा की। किंग चार्ल्स ने फरवरी 2024 में कैंसर का इलाज शुरू किया था। बकिंघम पैलेस के मुताबिक, हाल ही में हुए कुछ दुष्प्रभावों के कारण उन्हें थोड़े समय के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, अब वे लंदन स्थित क्लेरेंस हाउस लौट आए हैं। पैलेस ने अपने बयान में कहा, महामहिम उन सभी से क्षमा चाहते हैं, जिन्हें इस फैसले से असुविधा हुई है। किंग चार्ल्स को गुरुवार को तीन देशों के राजदूतों से मुलाकात करनी थी और शुक्रवार को बर्मिंघम में चार सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेना था। सूत्रों का कहना है कि उपचार की वजह से यह फैसला लिया गया है और उनकी सेहत सही दिशा में जा रही है। बकिंघम पैलेस के प्रवक्ता ने बताया कि किंग चार्ल्स इन कार्यक्रमों को भविष्य में फिर से आयोजित करने की उम्मीद रखते हैं और उन सभी का आभार व्यक्त करते हैं।

### नई खनिज डील पर क्यों रार

# उंगली थमाकर पूरा हड़पना चाह रहे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीन साल से चल रहे यूक्रेन-रूस युद्ध को रोकने के लिए न सिर्फ कड़ी मशक्कत की है बल्कि युद्धविराम के लिए बातचीत के टेबल पर शुरुआती सफलता भी पाई है। यूक्रेन जहां पहले 30 दिनों के सीजफायर पर सहमति जता चुका है, वहीं रूस आंशिक युद्धविराम पर हामी भर चुका है और ऊर्जा समेत अन्य बड़े ठिकानों पर हमले नहीं करने की बात कर चुका है।

इसी हफ्ते अमेरिकी प्रयास से यूक्रेन और रूस दोनों ने काला सागर में सीजफायर पर सहमति जताई है। दूसरी तरफ, ट्रंप युद्धविराम के बदले यूक्रेन के साथ जिस समझौते पर आगे बढ़ रहे थे, उसमें यूक्रेन के प्राकृतिक और दुर्लभ खनिजों पर कब्जा शामिल था लेकिन यह डील अधर में तब लटक गई, जब पिछले महीने 28 फरवरी को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप एवं उनके जूनियर यानी उप राष्ट्रपति जेडी वेन्स के साथ व्हाइट हाउस में भिड़ंत हो गई और जेलेंस्की बिना लंच किए व्हाइट हाउस से बाहर आ गए। जेलेंस्की की हुई इस अंतरराष्ट्रीय बेइज्जती से लगा कि बातचीत



बेपटरी हो चुकी है लेकिन सऊदी अरब की राजधानी रियाद में बारी-बारी से सभी पक्षों से बातचीत कर अमेरिका ने युद्धविराम पर नई कामयाबी हासिल की है।

**नई खनिज डील में क्या?-** अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस कूटनीतिक खेल के बदले में यूक्रेन से नई खनिज डील करना चाहते हैं। फाइनेंशियल टाइम्स के अनुसार, इस बार ट्रंप यूक्रेन के सभी प्राकृतिक संसाधनों पर करीब पूर्ण नियंत्रण चाहते हैं। यानी, पहले की डील से चार कदम आगे बढ़कर अमेरिका सभी तरह के प्राकृतिक खनिजों समेत तेल और गैस सहित सभी तरह के ऊर्जा संसाधनों पर पूर्ण नियंत्रण चाहते हैं और बदले में यूक्रेन को कोई सुरक्षा गारंटी भी नहीं देना चाहते। पिछली बार की बातचीत में भी सुरक्षा गारंटी पर ही बहस आगे बढ़ी थी और बेकाबू हो गई थी।

**यूक्रेन-अमेरिका में क्यों तकरार-** दरअसल, ट्रंप यूक्रेन के साथ ऐसा खनिज समझौता चाहते हैं, ताकि रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन को दिए गए सैन्य और आर्थिक मदद की भरपाई कर सकें। वह एक तरह से यूक्रेन के खनिज भंडारों पर कब्जा कर वसूली करना चाहते हैं। वह इस सौदे को यूक्रेन के लिए एक वास्तविक सुरक्षा गारंटी के रूप में पेश कर रहे हैं जबकि जेलेंस्की इससे इनकार कर रहे हैं। दूसरी बात जेलेंस्की का कहना है कि उनके देश का परमाणु ऊर्जा संयंत्र किसी भी सौदे में शामिल नहीं हैं, जबकि ट्रंप उसे भी शामिल करना चाहते हैं ट्रम्प ने खनिजों, तेल और गैस समेत परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को भी नियंत्रित करने की इच्छा जताई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप खनिज, तेल और गैस के अलावा इस सौदे में सड़क, रेलवे, पाइपलाइन, बंदरगाह और रिफाइनरियों जैसे बुनियादी ढांचे को भी शामिल करना चाहते हैं और उन पर नियंत्रण, प्रीमियम रॉयल्टी और लाभांश चाहते हैं।फिलहाल, यूक्रेन नई खनिज डील की शर्तों से इनकार कर रहा है।

#### जल्दबाजी में दस्तखत चाहते हैं ट्रंप

पहले के खनिज डील में सिर्फ प्रकृतिक और दुर्लभ खनिजों पर नियंत्रण की बात कही गई थी। उसमें भी भविष्य की योजनाओं में लाभांश पर सहमति बनी थी लेकिन वह भी मूर्त रूप नहीं ले सका क्योंकि 28 फरवरी को व्हाइट हाउस में गरमागरम बहस से दोनों देशों के बीच बात बेपटरी हो गई थी। अब युद्धविराम की झलक दिखलाकर यानी सहयोग की उंगली थमाकर ट्रंप यूक्रेन के पूरे प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जा चाहते हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भी यह स्वीकार किया है कि ट्रंप प्रशासन ने खनिज सौदे के लिए अब एक नया प्रस्ताव पेश किया है। हालांकि, उन्होंने इसकी बारीकियों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इसके बजाय, उन्होंने केवल यह संकेत दिया है कि ट्रंप चाहते हैं कि इस सौदे पर जल्दबाजी में दस्तखत कर दिए जाएं।

## आज का इतिहास

1561- अकबर ने मालवा की राजधानी 'सारंगपुर' पर हमला करके बाजबाहुदर को हरा दिया।
1857- कोलकाता के पास बैरकपुर छावनी में सिपाही मंगल पांडे ने पहली गोली चलाकर ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ विद्रोह का आगाज किया।
1867 - ब्रिटिश संसद ने कनाडा के गठन के लिए उत्तरी अमेरिका अधिनियम पारित किया।
1901 - ऑस्ट्रेलिया में पहली बार संघीय चुनाव हुआ।
1906 - अमेरिका में अधिक वेतन की मांग को लेकर पांच लाख खनिकों ने काम करना बंद कर दिया।
1932 - अमेरिका में जैक बेनी ने पहली बार रेडियो पर अपने कार्यक्रम की शुरुआत की।
1943- स्वतंत्रता सेनानी एवं नेता शहीद लक्ष्मण नायक को बरहामपुर की जेल में फांसी पर लटका दिया गया।
1951 - चीनी ने कोरिया में एक संघर्ष विराम के लिए मैकआर्थर के प्रस्ताव को खारिज कर दिया।
1954- भारतीय लोक प्रशासन संस्थान का उद्घाटन किया गया।

## बलूच कार्यकर्ताओं की रिहाई की अपील करने पर पाकिस्तान ने यूएन पर चुनिंदा आलोचना का लगाया आरोप

**इस्लामाबाद, (आईएएनएस)।** पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के मानवाधिकार विशेषज्ञों द्वारा बलूच अधिकार कार्यकर्ताओं की रिहाई के लिए की गई अपील को चुनिंदा आलोचना करार दिया। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि आतंकवादियों और उनके मददगारों के प्रति कोई सहिष्णुता नहीं बरती जा सकती।

क्वेटा पुलिस ने 21 मार्च को बलूचिस्तान विश्वविद्यालय के सामने बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन पर धावा बोला। इसमें हिरासत में लिए गए और जबरन गायब किए गए कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग की गई थी। इसके बाद हुई हिंसा में, पुलिस ने तीन लोगों को मार डाला, कई लोगों को घायल कर दिया और कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। महिला मानवाधिकार रक्षक और आंदोलन की नेता महरंग बलूच ने पुलिस कार्रवाई में मारे गए लोगों के शवों के साथ पुलिस हिंसा का विरोध करने के लिए धरना आयोजित किया। क्वेटा के सरियाब रोड पर 22 मार्च को विरोध स्थल पर पुलिस ने छापा मारा और महरंग बलूच सहित कई बीवाईसी कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया। महरंग का ठिकाना कथित तौर पर लगभग 12 घंटे तक अज्ञात रहा और उन्हें परिवार से मिलने या कानूनी सलाह लेने से वंचित रखा गया। महरंग और कई अन्य बीवाईसी सदस्यों पर कथित तौर पर आतंकवाद विरोधी अधिनियम की धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। एक अन्य प्रमुख बीवाईसी सदस्य और महिला मानवाधिकार रक्षक, सम्मी दीन बलूच को 24 मार्च को कराची प्रेस क्लब के सामने कराची पुलिस द्वारा अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया, क्योंकि वह इस कार्रवाई के खिलाफ विरोध कर रही थीं। सिंध मेंटेनेंस ऑफ पब्लिक ऑर्डर ऑर्डिनेंस के तहत कथित तौर पर उन्हें 30 दिन के लिए हिरासत में रखने का आदेश दिया गया है। इस घटनाक्रम के बाद, बुधवार को संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने मांग की कि पाकिस्तान बलूचिस्तान के मानवाधिकार रक्षकों को रिहा करे और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों पर कार्रवाई बंद करे। मानवाधिकार विशेषज्ञों ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के लिए हिरासत में लिए गए बीवाईसी नेताओं महरंग बलूच, सम्मी दीन बलूच और अन्य मानवाधिकार रक्षकों के कल्याण के लिए चिंता व्यक्त की।

## अफगानिस्तान में घोर अन्याय, लगातार तीसरे साल लड़कियां शिक्षा से वंचित : संयुक्त राष्ट्र

**न्यूयॉर्क, (आईएएनएस)।** यूनाइटेड नेशन वूमेन ने कहा कि अफगान लड़कियों को शिक्षा से वंचित करना बड़ा अन्याय है। इसका असर आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा। एजेंसी ने अफगानिस्तान में लड़कियों के बुनियादी अधिकारों की रक्षा करने की अपील की। अफगानिस्तान में बिना स्कूल फिर से खुल रहे हैं। अफगान तालिबान ने महिलाओं की शिक्षा पर प्रतिबंध जारी रखा है और यह पाबंदी अब तीसरे साल में प्रवेश कर चुकी है। यूएन वूमेन ने बुधवार को एक्स पर यह पोस्ट किया, लड़कियों को स्कूल जाना चाहिए। फिर भी, अफगानिस्तान में लगातार तीसरे साल लड़कियों को उनका शिक्षा का अधिकार नहीं मिल रहा है, क्योंकि स्कूल बिना उनके फिर से खुल रहे हैं। उन्हें शिक्षा से वंचित करना बड़ा अन्याय है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करेगा। उनके बुनियादी अधिकारों को तुरंत बहाल किया जाना चाहिए। इस हफ्ते की शुरुआत में यूएन वूमेन की कार्यकारी निदेशक सिमा बहौस ने चेतावनी दी थी कि अगर लड़कियों को शिक्षा से वंचित रखा गया, तो अफगानिस्तान में इसके नकारात्मक प्रभाव कई पीढ़ियों तक महसूस होंगे।

## लाल सागर में डूब गई पर्यटक पनडुब्बी, कम से कम 6 की मौत, कई भारतीय भी थे सवार

मिस्र के लाल सागर में गुरुवार को एक पर्यटक पनडुब्बी के डूबने से बड़ा हादसा हो गया। इस दुर्घटना में कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई है। के डूबने से छह रूसी मारे गए और 39 विदेशियों को बचा लिया गया। रेड सी गवर्नरेट द्वारा अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर दिए गए एक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान में कहा गया है कि पनडुब्बी में भारत, रूस, नॉर्वे और स्वीडन के 45 विदेशी और मिस्र के पांच चालक दल के सदस्य सवार थे। हादसे के बाद मौके पर तुरंत 21 एंबुलेंस भेजी गईं, जिन्होंने 23 घायल यात्रियों को पांच अस्पतालों में पहुंचाया। घायलों को फ्रैक्चर और चोटें आईं, जिनमें से चार को गंभीर स्थिति के कारण गहन देखभाल में रखा गया। इस बीच स्थिर स्थिति वाले लोगों को छुट्टी दे दी गई और वे अपने होटलों में लौट आए। बयान में कहा गया है कि अधिकारियों ने पुष्टि की है कि कोई भी यात्री लापता नहीं है। रूस की तास समाचार एजेंसी ने बताया कि पांच रूसी नागरिकों की मौत की पुष्टि हुई है, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। मिस्र के दो नगरपालिका अधिकारियों ने बताया कि कुल छह लोगों की मौत हुई है, लेकिन छठे व्यक्ति की राष्ट्रीयता का तुरंत पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर 'एसोसिएटेड प्रेस' से बात की क्योंकि उन्हें मीडिया को जानकारी देने का अधिकार नहीं था।

हर्गहाडा में रूस के वाणिज्य दूतावास ने एक बयान में कहा कि पनडुब्बी सिंदबाद पर 45 रूसी सवार थे, जो इसी नाम के एक होटल से संचालित होती थी। यह तुरंत पता नहीं चल पाया कि पनडुब्बी में कितने चालक दल के सदस्य या अन्य पर्यटक सवार थे, लेकिन पनडुब्बी की क्षमता 50 लोगों की थी।

रेड सी गवर्नरेट के अधिकारियों ने कहा कि पनडुब्बी, सिनबाद का लाइसेंस वैध था और चालक दल के नेता ने आवश्यक वैज्ञानिक प्रमाण पत्र प्राप्त किया था। बयान के अनुसार, जहाज एक प्रसिद्ध होटल के सामने स्थित मरीना में डूब गया।

## पाकिस्तान में निर्वासन के खतरे का सामना कर रहे 170 अफगान शरणार्थियों को जर्मनी ने दी शरण

**बर्लिन, (आईएएनएस)।** पाकिस्तान से 170 से अधिक अफगान नागिरकों को लेकर एक विमान जर्मनी के हनोवर एयर पोर्ट पर उतरा। यह अफगानों को फिर से बसाने की बर्लिन की कोशिशों का नतीजा है। अफगान शरणार्थी पाकिस्तान में भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान ने सभी अफगान शरणार्थियों को वापस भेजने के लिए 31 मार्च की समय सीमा तय की है। जर्मन मीडिया आउटलेट बिल्ड ने जर्मन संघीय आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया कि गुरुवार को पहुंचे इस समूह में 82 महिलाएं और 92 पुरुष शामिल हैं।

74 लोग 18 वर्ष से कम उम्र के हैं। दो वर्ष से कम उम्र के नौ बच्चे भी शामिल हैं। एक अफगान शरणार्थी ने कहा, हम ग्यारह महीने तक पाकिस्तानी शरणार्थी शिविर में रहे। मेरी पत्नी को वकील के रूप में नौकरी के कारण तालिबान की ओर से धमकी दी गई थी। बारह घंटे की उड़ान के बाद जब विमान उतरा, तो मैं बहुत खुश और आभारी महसूस कर रहा था।

इससे पहले फरवरी में, 155 अफगान नागरिक विमान से बर्लिन पहुंचे थे। उन्हें देश के संघीय स्वागत कार्यक्रम के जरिए जर्मनी में प्रवेश की अनुमति दी गई। जर्मन सरकार ने अफगानिस्तान में अपने दो



दशक के मिशन के दौरान जर्मन सैन्य या नागरिक एजेंसियों के साथ काम करने वाले अफगानों की मदद के लिए 2021 में प्रवेश कार्यक्रम शुरू किया था। जर्मन सरकार के अनुसार, केवल उन शरणार्थियों को लाया जा रहा है जिनमें अफगानिस्तान में तालिबान की तरफ से विशेष खतरा है। अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से, लगभग 36,000 लोगों को स्वीकार किया गया है, जिन्हें संघीय सरकार ने विशेष रूप से जोखिम में के रूप में वर्गीकृत किया था।

जर्मन मीडिया आउटलेट वेल्ट ने बताया कि जर्मनी में पुनर्वास के लिए स्वीकृत लगभग 2,800 अफगान लोग अभी भी इस्लामाबाद में रह रहे हैं, और उनकी स्थिति लगातार निराशाजनक होती जा रही है। वीजा तीन महीने के लिए वैध होता है और जर्मनी जाने की प्रक्रिया में काफी समय लगता है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने अफगान प्रवासियों के निर्वासन की समयसीमा को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। हाल ही में, संयुक्त राज्य अमेरिका में पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे अफगान शरणार्थियों ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को एक खुला पत्र लिखा है। इसमें उन शरणार्थियों के निर्वासन को तत्काल रोकने की मांग की गई, जिनके पास अमेरिका में प्रवेश के लिए लंबित या स्वीकृत वीजा आवेदन हैं या जिन्होंने संयुक्त राज्य शरणार्थी प्रवेश कार्यक्रम (यूएसआरएपी) में रेफरल स्वीकार किए हैं।

## सुडोकू 6866

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | | 4 | | | | 3 |
| | | | | 6 | | 9 | | |
| | | | 7 | | 8 | | 1 | |
| 9 | | | | | 1 | | 3 | 7 |
| | | 8 | | | | 6 | | |
| 2 | 7 | | 5 | | | | | 1 |
| | 2 | | 8 | | 7 | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | |
| 8 | | | | 1 | | 3 | 5 | 2 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6866

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. वह सरकारी कर्मचारी जो किसी पत्र-पत्रिका, फिल्म, पुस्तक या सेवा संबंधी सूचनाओं का परीक्षण कर आपत्तिजनक अंशों को निकाल देता है (सेंसर)
४. देर करना, देर होना
६. किरण
७ वध करना, हानि पहुंचाना
८. निर्लज्ज
१०. बराबरी
१२. किसी विशेष संकल्प के लिए किया गया उपवास
१३. प्रमुख, प्रधान
१४. तुलसी
१५. आवरणहीन, उजागर, प्रगट (उर्दू) :
१६. अंधकार
१८. होंठ
२०. शोभा, सजावट(उर्दू)
२२. कुशल, भलाई (उर्दू)
२४. चांदी का पर्वत

**ऊपर से नीचे:-**
१. मध्यान्ह
२. पद-कार्यावधि की दृष्टि से होने वाली वेतन वृद्धि की सलिका
३. ब्रह्मा
४. अजीबपन
५. पथिक राहगीर
९. मानचित्रकार (उर्दू)
११. इकट्ठा करना, जमा करना
१२. युवावस्था, जवानी (उर्दू)
१३. सवेरा, भोर
१४. खूशबू
१५. बेमिसाल, अनुपम (उर्दू)
१६. दूसरा समय
१८. दक्षिण भारत का एक पर्वत
१९. अस्तित्व
२०. उपपत्नी (उर्दू)
२३. एवं, और

### वर्ग पहेली-6865

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ज | ल्ली | २ क | टू | ■ | ■ | ३ अ | द्धां | ४ गि | नी |
| म | ■ | ल्प | ■ | ५ वि | प | क्ष | ■ | र | ■ |
| ६ घ | रा | ना | ■ | भा | ■ | ७ रि | क्त | ह | ८ स्त |
| ट | ■ | ती | ■ | ९ ज | न्न | त | ■ | ■ | ब्ध |
| ■ | १० वै | त | ११ नि | क | ■ | ■ | १२ उ | त्था | न |
| ■ | ध | ■ | य | ■ | १३ नि | मि | त्त | ■ | य |
| १४ सी | ता | १५ प | ति | ■ | पु | ■ | १६ म | १७ लि | न |
| घा | ■ | द | ■ | १८ प्र | ण | १९ त | ■ | ट | ■ |
| २० सा | द | र | ■ | ता | ■ | २१ र | म | जा | २२ न |
| दा | ■ | २३ ज | हां | प | ना | ह | ■ | ■ | भ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**तैयारी** *कश्मीर को रेल से जोड़ने के दशकों पुराने प्रयासों को लगे पंख*

# कटरा से कश्मीर तक 19 अप्रैल को दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)। कश्मीर और शेष भारत के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित रेलवे कनेक्शन 19 अप्रैल को हकीकत बनने जा रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कटरा से घाटी के लिए पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।**

यह ऐतिहासिक कार्यक्रम रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला सहित अन्य लोगों की मौजूदगी में होगा।यह कश्मीर को रेल से जोड़ने के दशकों पुराने प्रयासों के पूरा होने का प्रतीक है।

वर्तमान में, रेल सेवाएं केवल संगलदान और बारामुल्ला के बीच संचालित होती हैं, जबकि लंबी दूरी की ट्रेनें कटरा में समाप्त होती हैं। नई सेवा इस महत्वपूर्ण अंतर को पाट देगी, जिससे यात्री कश्मीर तक निर्बाध यात्रा कर सकेंगे।

ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले, पीएम मोदी रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का दौरा करेंगे। अधिकारी उन्हें इसके निर्माण और इंजीनियरिंग की उपलब्धि के रूप में इसके महत्व के बारे में जानकारी देंगे। निरीक्षण के बाद, मोदी कटरा जाएंगे, जहां वे नई ट्रेन सेवा का उद्घाटन करेंगे और एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे उधमपुर आर्मी एयरपोर्ट से नई दिल्ली लौटेंगे। शुरू में, ट्रेन कटरा और बारामुल्ला के बीच चलेगी। हालांकि, जम्मू रेलवे स्टेशन पर विस्तार कार्य पूरा होने के बाद-संभवत: जुलाई-अगस्त तक-ट्रेन सेवाएं कटरा के बजाय जम्मू से शुरू होंगी। अभी तक, दिल्ली या अन्य शहरों से कश्मीर के लिए कोई सीधी



■ प्रधानमंत्री मोदी दिखाएंगे ट्रेन को हरी झंडी

ट्रेन नहीं है; यात्रियों को कटरा और बाद में जम्मू में ट्रेन बदलनी होगी।

ट्रेन सेवा की तैयारियों में सुरक्षा पर मुख्य ध्यान दिया गया है। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने हाल ही में शीर्ष रेलवे अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की, ताकि सुरक्षित प्रक्षेपण सुनिश्चित किया जा सके। उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लिंक 272 किलोमीटर तक फैला है, जिसमें से 209 किलोमीटर को 2009 से चरणों में चालू किया गया है। रियासी और कटरा के बीच अंतिम 17 किलोमीटर का हिस्सा तीन महीने पहले पूरा हो गया था, जिससे वंदे भारत एक्सप्रेस सहित सफल ट्रायल रन की अनुमति मिली। 41,000 करोड़ रुपए की लागत वाली यह पूरी परियोजना भारत के सबसे चुनौतीपूर्ण बुनियादी ढांचे के प्रयासों में से एक रही है। कश्मीर को एक विशेष रूप से डिजाइन की गई वंदे भारत एक्सप्रेस भी मिलेगी जो कटरा और श्रीनगर के बीच चलेगी। चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री द्वारा निर्मित, यह ट्रेन एंटी-फ्रीजिंग तकनीक से लैस है, जो-20 डिग्री सेल्सियस से भी कम तापमान में भी सुचारू संचालन की अनुमति देती है। इसमें यात्रियों की सुविधा के लिए उन्नत हीटिंग सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे और एक इमरजेंसी टाक बैक यूनिट सहित बढ़ी हुई सुरक्षा सुविधाएं भी हैं।

# खेल जगत

## डीसी के खिलाफ थोड़ी अलग योजना के साथ उतरेगी एसआरएच : विटोरी

**हैदराबाद।** आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लखनऊ सुपर जायंट्स से पांच विकेट से हारने के बाद, मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि टीम इस हार से सकारात्मकता लेकर रविवार को विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करने के लिए थोड़ी अलग योजना के साथ उतरेगी। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में, एलएसजी ने एसआरएच की प्रसिद्ध बल्लेबाजी लाइन-अप को आक्रामक होने का मौका नहीं दिया, और अंततः 190/9 का स्कोर बनाया। जवाब में, एलएसजी ने 23 गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया और आईपीएल 2025 में अपनी पहली जीत दर्ज की। हमने 190 का स्कोर बनाया, जो मुझे लगता है कि प्रतिस्पर्धी था। लेकिन हम यह भी जानते हैं कि हम विजाग जा रहे हैं, जहां की परिस्थितियां और मैदान का आकार पूरी तरह से अलग है।



## पांड्या की वापसी से मुंबई की नजर मेजबान गुजरात के खिलाफ पहली जीत पर

■ शुभमन व सुदर्शन मुंबई के खिलाफ गुजरात की जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेंगे

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 28 मार्च (देशबन्धु)। अपने नियमित कप्तान ऑलराउंडर हार्दिक पांडया की टीम में वापसी से मुंबई इंडियंस अब शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसके घर अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)2025 में शनिवार को जीत की राह पर लौटने के मकसद से उतरेगी। हार्दिक अपनी कप्तानी में गुजरात टाइटंस को पहले ही प्रयास में खिताब जिताने के बाद ही बतौर कप्तान वापस मुंबई इंडियंस से जुड़े थे। हार्दिक ऐसे में गुजरात टाइटंस के ज्यादातर खिलाड़ियों और उसकी रणनीति से वाकिफ है। ऐसे में गुजरात टाइटंस को नई रणनीति और पूरी तरह चौकस रह कर मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलने उतरना होगा। दोनों टीमो के बीच पिछले पांच में तीन मैच गुजरात और दो मुंबई इंडियंस ने जीते हैं। गुजरात टाइटंस ने मुंबई से पिछले सीजन में दोनों मैच जीते थे। साई सुदर्शन की बढ़िया पारी से पिछले सीजन के मैच में गुजरात ने मुंबई इसी अहमदाबाद के मैदान पर छह रन और फिर क्वालीफायर 2 में कप्तान शुभमन गिल के शतक से 62 रन से हराया था। शुभमन गिल और साई सुदर्शन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रख कर गुजरात टाइटंस का जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेंगे। गुजरात टाइटंस भी अपने घर में अपने पहले मैच में सई सुदर्शन और जोस बटलर के अर्द्धशतकों के बावजूद श्रेयस अय्यर की 98*रन की पारी की पारी के चलते पंजाब किंग्स से अपना मौजूदा सीजन का पहला खासा करीबी मैच 11 रन से हार गई थी। वहीं मुंबई इंडियंस हार्दिक पांडया पर धीमी ओवर रेट के चलते लगे एक मैच के निलंबन के चलते रोहित शर्मा, रेयन रिकलटन, विल जैक के रूप में शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों के सस्ते में आउट होने के बाद कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने वाले सूर्य कुमार यादव(29), तिलक वर्मा (31) और निचले क्रम में दीपक चाहर (28) की उपयोगी पारियों की बदौलत 150 के पार पहुंचने के बाद सीएसके के लेग स्पिनर (4/18), रविचंद्रन अश्विन (1/31) और रवींद्र जडेजा (0/21) द्वारा बुने स्पिन के जाल के चलते20ओवर मे 9 विकेट पर 155 रन बना पाई। मुंबई इंडियंस के केरल के कलाई के स्पिनर विगनेश पुतर (3/32) के स्पिन के जादू के बावजूद सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने अर्द्धशतक जड़ सीएसके को पांच गेंदों के बाकी रहते चार विकेट से जीत दिला दी। सीएसके के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद (3/29) ने जिस तरह ऑफ स्टंप से गेंद को बाहर निकाल कर जिस तरह मुंबई के शीर्ष और निचले क्रम को परेशान किया उससे गुजरात टाइटंस के तेज गेदबाज कसिगो रबाड़ा, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज मुंबई के रोहित शर्मा, रिकलटन, विल जैक , तिलक वर्मा और सूर्य कुमार यादव को सस्ते में पैवेलियन लौटा कर उसके शीर्ष क्रम को बिखेरने की कोशिश करेंगे ही बाएं हाथ के साई किशोर, रशीद खान और राहुल तेवतिया निचले क्रम को बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोकने की पुरजोर कोशिश करेंगे। गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल, सई सुदर्शन, जोस बटलर को मुंबई इंडियंस के तेज गेदबाज ट्रेंट बोल्ट ,खुद कप्तान हार्दिक पांडया,दीपक चाहर जैसे तेज गेंदबाजों की त्रिमूर्ति के साथ बाएं हाथ के नवोदित चतुर स्पिनर विगनेश पुतर व मिचेल सेटनर से चौकस रहने की जरूरत होगी।

### 'हमने पंजाब के खिलाफ आखिर में बहुत रन दे दिए'

'हमें पंजाब किंग्स के खिलाफ बल्लेबाजी और गेंदबाजी करते हुए मौके मिले। हमने पारी के आखिर में बहुत ज्यादा रन दे दिए। साथ ही हमने पारी के बीच के तीन ओवर में करीब 18 रन बनाए। हमने अपनी पारी के शुरू में भी ज्यादा रन नहीं बना पाए और इसके चलते ही हम मैच हार गए। पंजाब से हारने के बावजूद कुछ सकारात्मक भी रहा। काफी समय बाहर बेंच पर रहने के बाद टीम में वापसी पर सीधे यॉर्कर फेंकना आसान नहीं था। पिच बल्लेबाजी के लिए हमेशा बढ़िया रही।

-शुभमन गिल, गुजरात टाइटंस के कप्तान

## भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद को पीसीआई से मान्यता मिली

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) ने पैरालंपिक समिति (पीसीआई)- देश में पैरा खेल को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए समर्पित शीर्ष शासी निकाय से मान्यता प्राप्त करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है । डीसीसीआई ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह मान्यता एक महत्वपूर्ण कदम है जो पूरे देश में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए क्रिकेट को बढ़ावा देने और बढ़ावा देने के लिए डीसीसीआई के समर्पण को उजागर करता है। यह मान्यता डीसीसीआई को पीसीआई के एक आवश्यक सदस्य के रूप में स्थान देती है, जो क्रिकेट परिषद को खेलों में समावेशिता के अपने मिशन को बढ़ाने के लिए सशक्त बनाती है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के तत्कालीन सचिव जय शाह के मार्गदर्शन में 2021 में स्थापित, डीसीसीआई भारत में दिव्यांग क्रिकेट के चार अनूठे प्रारूपों के लिए शीर्ष संगठन के रूप में खड़ा है- नेत्रहीन क्रिकेट, बधिर क्रिकेट, शारीरिक रूप से विकलांग क्रिकेट और व्हीलचेयर क्रिकेट।बीसीसीआई के तत्वावधान में, डीसीसीआई भारत में दिव्यांग क्रिकेट प्रारूपों के लिए समर्पित चार प्रतिष्ठित क्रिकेट संघों के लिए छत्र संगठन के रूप में कार्य करता है।

## 'पूरन के साथ बल्लेबाजी करना रोमांचक' : मार्श



**हैदराबाद,** 28 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद पर लखनऊ सुपर जायंट्स की पांच विकेट की जीत में 52 रन बनाने के बाद,ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने कहा कि निकोलस पूरन के साथ बल्लेबाजी करना उनके लिए एक रोमांचक अनुभव था, जिन्होंने 269.23 की स्ट्राइक-रेट से सिर्फ 26 गेंदों पर 70 रन बनाकर शीर्ष स्कोर बनाया। मार्श, जिन्होंने प्रतियोगिता में अपना दूसरा अर्द्धशतक लगाया,ने कहा कि मेरे पास इसके लिए केवल एक ही शब्द है 'आकर्षक'। मैं लंबे समय से निकी (पूरन) के खिलाफ खेल रहा हूं, और आमतौर पर, मैं ऐसी पारियों का शिकार होता रहा हूं। एक ही टीम में होने के कारण, मैं एक ऐसे व्यक्ति के रूप में उनके साथ एक बेहतरीन जुड़ाव महसूस करता हूं और एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसके साथ मैं उम्मीद करता हूं कि मैं बहुत अधिक बल्लेबाजी करूंगा। मार्श ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो ज्यादा बातचीत नहीं हुई। जब कोई खिलाड़ी अपनी लय में होता है, तो आप बस साझेदारी बनाने की कोशिश करते हैं और आगे बढ़ते रहते हैं। वह यहां लगभग अजेय था। उन्होंने ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की भी तारीफ की, जिन्होंने 4-34 विकेट चटकाए और एसआरएच की दमदार बल्लेबाजी लाइन-अप को मैच में बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया।

### मैं छक्के मारने के लिए अलग से योजना नहीं बनाता : पूरन

**हैदराबाद।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के आतिशी बल्लेबाज निकोलस पूरन को सिक्स-हिटिंग मशीन कहा जाए, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। वह आईपीएल 2025 के दो मैचों में ही 13 छक्के लगा चुके हैं। इसमें से छह छक्के सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ मैच के दौरान आए। हालांकि पूरन का कहना है कि वह छक्के मारने के लिए कोई योजना नहीं बनाते बल्कि बस गेंद को ठीक तरीके से टाइम करने की कोशिश करते हैं। 26 गेंदों पर 70 रनों की पारी खेलने के बाद पूरन ने कहा कि मैं छक्के मारने के लिए कोई योजना नहीं बनाता बल्कि सही पोजिशन में आने की कोशिश करता हूं ताकि गेंद को ठीक तरीके से टाइम कर सकूं। मैंने पिछले नौ सालों में बस इसी पर काम किया है। इसके अलावा यहां मुझे पावरप्ले में भी बल्लेबाजी का मौका मिल रहा है, जिसका निश्चित रूप से मुझे फायदा मिल रहा है। यह जरूरी है कि आप तब मौकों को भुनाए, जब विकेट अच्छा हो और आपके खिलाफ एक आसान मैच-अप हो। पूरन ने 18 गेंदों पर अर्द्धशतक लगाया, जो कि आईपीएल में उनका तीसरा सबसे तेज पचासा है। उन्होंने कहा, कि मैंने अपने बैट स्पीड पर भी कभी काम नहीं किया है बल्कि मैं अविश्वसनीय प्रतिभा से धन्य हूं।

## कोर्डा को हराकर जोकोविच अंतिम चार में

**फ्लोरिडा,** 28 मार्च (एजेंसियां)। सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को हराकर मियामी ओपन में पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। एक घंटा 24 मिनट तक चले मुकाबले में गुरुवार को दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी जोकोविच ने दूसरे सेट में ब्रेक डाउन से वापसी करते हुए कोर्डा पर 6-3 7-6 (7-4) से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही 37 वर्षीय जोकोविच एटीपी मास्टर्स 1,000 इवेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गये हैं। यह क्वार्टरफाइनल मैच बुधवार रात को खेला जाना था, लेकिन जेसिका पेगुला और एम्मा राडुकानु के बीच महिला क्वार्टरफाइनल मैच रात 11 बजे के बाद तक चलने के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। जोकोविच शुक्रवार को सेमीफाइनल में बुल्गारियाई 14वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव से मुकाबला करेंगे। 2016 के बाद से जोकोविच इस टूर्नामेंट में पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। मैच के बाद जोकोविच ने कहा कि मेरे लिए यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ सर्विंग प्रदर्शन रहा, मैं काफी नर्वस था क्योंकि मुझे पता है।



## विलियमसन ने शार्दुल ठाकुर की गेंदबाजी को सराहा

■ अपने शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया





आइपीएल 2025

मुझे लगता है कि हैदराबाद जाकर सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ना सबसे मुश्किल कामों में से एक है : केन विलियमसन

**हैदराबाद,** 28 मार्च (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के अनुभवी खिलाड़ी केन विलियमसन ने आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद पर लखनऊ सुपर जायंट्स की जीत की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऋषभ पंत की अगुवाई वाली टीम एसआरएच को कम स्कोर पर रोकने में सफल रही। उन्होंने शार्दुल ठाकुर की गेंदबाजी की सराहना की। पहले गेंदबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने चार विकेट चटकाए। सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए निकोलस पूरन और मिशेल मार्श ने शानदार अर्धशतक जड़कर मेहमान टीम को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में पांच विकेट से जीत दिलाई। केन विलियमसन ने कहा कि मुझे लगता है कि हैदराबाद जाकर सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ना सबसे मुश्किल कामों में से एक है। लेकिन लखनऊ सुपर जायंट्स इसके लिए तैयार थी। उनके पास अपनी योजना को तुरंत लागू करने का साहस था। लखनऊ के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए हैदराबाद को 200 के अंदर समेट दिया। विलियमसन ने जियो हॉटस्टार पर लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत के नेतृत्व की जमकर सराहना की। जिसकी वजह से हैदराबाद उनके सामने बड़ा टोटल खड़ा करने में सफल नहीं हो पाई। मोहसिन खान की जगह एलएसजी में शामिल ठाकुर ने 100 आईपीएल विकेट पूरे किए। उन्होंने अभिषेक शर्मा (6), ईशान किशन (0) के साथ-साथ अभिनव मनोहर (2) और मोहम्मद शमी (1) के विकेट चटकाए। उन्होंने 34 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। अपने शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

विलियमसन ने ठाकुर के प्रदर्शन पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि शार्दुल एक अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और हैदराबाद में एसआरएच के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत करना कोई आसान काम नहीं है। लेकिन वह एक ठोस योजना के साथ आए, टीम की रणनीति के साथ तालमेल बिठाया और इसे शानदार ढंग से अंजाम दिया। उन्होंने विविधता के साथ गेंदबाजी की और बल्लेबाजों को आउट करने का प्रयास किया।

## सार संक्षेप

### रूसी पहलवान बेबोरिको पर लगा दो साल का प्रतिबंध

**जिनेवा।** रूस के पहलवान दिमित्री बेबोरिको के डोपिंग परीक्षण में प्रतिबंधित पदार्थ टैमोक्सीफेन की मात्रा पाये जाने के बाद उन्हें दो वर्ष के लिये अयोग्य ठहराया गया है। रूसी पहलवान ने सजा स्वीकार कर ली है। अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने संयुक्त विश्व कुश्ती शासी निकाय की ओर से प्रतिबंध की घोषणा करते हुए कहा कि 23 अक्टूबर 2024 अल्बानिया के तिराना में 130 किलोग्राम हैवीवेट ग्रीको-रोमन कुश्ती वर्ग में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप के दौरान बेबोरिको का डोपिंग परीक्षण पॉजिटिव पाये जाने पर उन पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है। बेबोरिको ने इस प्रतिबंध को स्वीकार कर लिया है। आईटीए ने 20 दिसंबर 2024 से 19 दिसंबर 2026 तक बेबोरिको पर प्रतिबंध लगाया गया है और 23 अक्टूबर 2024 से सभी प्रतिस्पर्धी परिणामों को अयोग्य घोषित कर दिया है। चैंपियनशिप में जीते गये उनके रजत पदक छीन लिया जाएगा।

### मियामी ओपन में सबालेंका और पेगुला के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**फ्लोरिडा।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका और अमेरिका की टेनिस स्टार जेसिका पेगुला के बीच शनिवार को मियामी ओपन में खिताबी भिड़ंत होगी। आज यहां खेले गये महिला एकल के सेमीफाइनल मुकाबले में 26 वर्षीय बेलारूसी सबालेंका ने छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी पर 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की। सबालेंका ने टूर्नामेंट में अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है और वह शानदार फॉर्म में हैं। तीन बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका का लगातार यह दूसरा फाइनल हैं। इस बीच महिला एकल के दूसरे सेमीफाइनल के दो घंटे 26 मिनट तक चले मुकाबले में अमेरिकी जेसिका पेगुला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा इला पर 7-6 (7-3) 5-7 6-3 से जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

### ओसासुना को हराकर बार्सिलोना अंकतालिका में शीर्ष पर

**मैड्रिड।** फेरान टोरेस और डानी ओल्मो के शुरुआती गोलों की बदौलत एफसी बार्सिलोना ने ओसासुना को हराकर, ला लीगा की अंकतालिका में तीन अंकों की बढ़त के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। कैम्प नोउ में गुरुवार को खेले गये इस मुकाबले में बार्सिलोना के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओसासुना के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में फारवर्ड फेरान टोरेस ने 11वें मिनट में अलेजांद्रो बाल्डे के शानदार क्रॉस पर गोलकर अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। इसके बाद डानी ओल्मो ने टीम के लिए दूसरा गोल दागकर स्कोर 2-0 कर दिया। मैच का तीसरा गोल बार्सिलोना के कोच हांसी फ्लिक के आखिरी समय में मैदान पर उतारे गए खिलाड़ी रॉबर्ट लेवांडोव्स्की द्वारा एक अन्य स्थानापन्न खिलाड़ी फर्मिन लोपेज के क्रॉस पर हेडर के जरिए किया गया।

## केमार रोच पहले चार चैम्पियनशिप मैचों के लिए सरे में लौटेंगे

**लंदन,** 28 मार्च (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज केमार रोच पहले चार काउंटी चैंपियनशिप मैचों के लिए सरे में लौटेंगे। रोच लगातार पांचवें सीजन के लिए थ्री फेदर्स में शामिल हो रहे हैं और एसेक्स, हैम्पशायर, ससेक्स और समरसेट के खिलाफ खेलने के लिए उपलब्ध होंगे क्योंकि सरे अपने खिताब की रक्षा के लिए एक मजबूत शुरुआत करना चाहते हैं। लाल गेंद को सीम और स्विंग करने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाने वाले रोच चेम्सफोर्ड में सीजन के पहले मैच से पहले टीम से जुड़ेंगे और अप्रैल के अंत तक टीम के साथ रहेंगे। उन्होंने सरे के लिए 28 प्रथम श्रेणी मैचों में 25.60 की औसत से 93 विकेट लिए हैं, जिसमें हैम्पशायर के खिलाफ 2021 में 8-40 का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी शामिल है। मई 2023 में, रोच को क्लब में उनके योगदान के लिए सरे कैप से सम्मानित किया गया। पिछले सीजन में रोच ने 20 विकेट चटकाए थे, जिसकी बदौलत सरे ने अपना 23वां काउंटी चैंपियनशिप खिताब जीता था। उनके अभियान का मुख्य आकर्षण घरेलू मैदान पर वारविकशायर के खिलाफ शानदार प्रदर्शन था, जिसमें उन्होंने दूसरी पारी में 6/46 के अपने सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ सरे को जीत दिलाई थी। 36 वर्षीय तेज गेंदबाज, जो काउंटी चैंपियनशिप में सरे की ऐतिहासिक तीन बार की जीत के दौरान एक महत्वपूर्ण व्यक्ति रहे हैं, ने वेस्टइंडीज के लिए 284 टेस्ट विकेट लिए हैं और 566 प्रथम श्रेणी विकेट अपने नाम किए हैं।



## ऐतिहासिक : पहली बार हीरो इंडियन ओपन का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर होगा

**गुरुग्राम,** 28 मार्च (एजेंसियां)। ऐतिहासिक पहली बार, डीडी स्पोर्ट्स हीरो इंडियन ओपन का सीधा प्रसारण कर रहा है, जो अभी चल रहा है। यह टूर्नामेंट, जो एशिया के प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक है और 1964 से खेला जा रहा है, भारत में इसकी सबसे अधिक पुरस्कार राशि 2.25 मिलियन अमेरिकी डॉलर है और यह रविवार, 30 मार्च तक खेला जाएगा। हीरो इंडियन ओपन का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। हीरो इंडियन ओपन का सीधा प्रसारण पहली बार डीडी स्पोर्ट्स पर किया जा रहा है और यह भारतीय गोल्फ यूनियन की योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य खेल को आम जनता और युवाओं तक पहुंचाना है, जिसमें भारत के राष्ट्रीय प्रसारक की पहुंच सबसे बड़ी है। इस सप्ताह हीरो इंडियन ओपन में कुछ सबसे रोमांचक प्रतिभाएं शामिल हैं और यह अब तक का सबसे

## रीतिका हुड्डा ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में जीता रजत पदक



■ एक समय रीतिका 6-2 से आगे थीं, लेकिन आखिरी सेकेंड में बढ़त को गवां दिया

**अम्मा,** 28 मार्च (एजेंसियां)। मौजूदा अंडर 23 विश्व चैंपियन रीतिका हुड्डा ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं के फ्रीस्टाइल 76 किग्रा वर्ग स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया हैं।

जार्डन के अम्मान में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय पहलवान रीतिका किर्गिस्तान की ऐपेरी मेदेत किजी से 7-6 से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एक समय रीतिका 6-2 से आगे थीं, लेकिन आखिरी सेकेंड में बढ़त को गंवा दिया।

रीतिका ने सेमीफाइनल में जापान की नोदोका यामामोटो को हराकर अपना दूसरा सीनियर एशियाई पदक पक्का किया। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में कोरिया की सियोयोन जियोंग को 10-0 से हराया था। इस बीच अन्य मुकाबलों में मुस्कान ने (59 किग्रा) वर्ग और मानसी लाठर ने (68 किग्रा) वर्ग स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। मुस्कान क्वार्टर फाइनल में जापान की सकुरा ओनिशी से 12-2 से हारीं, लेकिन रेपेचेज में मंगोलिया की अल्टजिन तोगतोख को 4-0 से हराकर कांस्य जीता।

## सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पहले नॉकआउट मैच में भिड़ेंगे मुम्बई सिटी और बेंगलुरू



**बेंगलुरू,** 28 मार्च (एजेंसियां)। बेंगलुरू एफसी शनिवार को शाम 7: 30 बजे श्री कांतीरवा स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 प्लेऑफ के पहले सिंगल-लेग नॉकआउट मुकाबले में मुम्बई सिटी एफसी की मेजबानी करेगी। ब्लूज ने 24 मैचों में 11 जीत, पांच ड्रा और आठ हार से 38 अंक लेकर तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, आइलैंडर्स ने अपने अंतिम लीग मैच में बेंगलुरू एफसी पर 2-0 की जीत दर्ज करके प्लेऑफ के छठे स्थान में जगह बनाई, और अब जीत से अंतिम-चार में जगह बनाने की कोशिश करेंगे। आइलैंडर्स के खिलाफ अपने पिछले पांच मुकाबलों में चार बार हारने के बाद बेंगलुरू एफसी आगामी मैच में उतरेगी। ये दोनों टीमें प्लेऑफ में केवल दूसरी बार भिड़ेंगी। ब्लूज ने सीजन 2022-23 के सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल की थी। आइलैंडर्स ने बेंगलुरू एफसी के खिलाफ अपने पिछले चार आईएसएल मैचों में कोई गोल नहीं खाया है और रक्षात्मक दृढ़ता दिखाई है। इस दौरान उन्होंने आठ गोल किए हैं।

**ब्लूज की आक्रामक फॉर्मः** आक्रामक निरंतरता- बेंगलुरू एफसी ने आईएसएल 2024-25 में हर 35.2 पास पर एक शॉट निकाला है, जो इस सत्र में सबसे अधिक औसत है।

**सुनील छेत्री का प्लेऑफ रिकॉर्ड :** सुनील छेत्री ने आईएसएल प्लेऑफ में आठ गोल किए हैं, जो लीग इतिहास में सबसे अधिक है। उन्होंने अपने पिछले चार प्लेऑफ में से तीन में गोल किए हैं।

मुम्बई सिटी का प्लेऑफ में प्रदर्शनः जीत की लयः आइलैंडर्स ने अपने पिछले चारों प्लेऑफ मैच जीते हैं, जो आईएसएल के नॉकआउट दौर में सबसे अधिक है।

**पीटर क्रेटकी का रिकॉर्डः** पीटर क्रेटकी के नाम तीन प्लेऑफ जीत हैं, और यहां जीत से वह आईएसएल इतिहास में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे अधिक प्लेऑफ मैच जीतने (सर्जियो लोबेरा के साथ) वाले कोच बन जाएंगे। एंटोनियो लोपेज छह प्लेऑफ जीत के साथ टॉप पर हैं।

## खेलो इंडिया पैरा गेम्सः साई गांधीनगर के पावरलिफ्टरों ने 10 पदक जीतकर दबदबा बनाया



■ झंडू कुमार (पुरुष 72 किग्रा), जसप्रीत कौर (महिला 45 किग्रा), सीमा रानी (महिला 61 किग्रा) और मनीष कुमार (पुरुष 54 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीतने के दौरान राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (एजेंसियां) गांधीनगर स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) के पावरलिफ्टिंग एथलीटों ने गुरुवार को संपन्न हुए दूसरे खेलो इंडिया पैरा गेम्स में शानदार प्रदर्शन किया। एनसीओई के शिविरार्थियों ने जेएलएन स्टेडियम परिसर में आयोजित पैरा-पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में सात स्वर्ण सहित 10 पदक हासिल किए। झंडू कुमार (पुरुष 72 किग्रा), जसप्रीत कौर (महिला 45 किग्रा), सीमा रानी (महिला 61 किग्रा) और मनीष कुमार (पुरुष 54 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीतने के दौरान राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े। झंडू, जसप्रीत और मनीष की तिकड़ी ने नोएडा में एक सप्ताह पहले राष्ट्रीय स्तर पर बनाए गए अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। उल्लेखनीय प्रदर्शन पर विचार करते हुए, साई गांधीनगर के मुख्य पावरलिफ्टिंग कोच, राजिंदर सिंह राहेलू, जो 2004 के ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक में 56 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक विजेता है।


SENSEX BSE 77414.92 ▼ 191.92 NSE 23519.35 ▼ 72.60 MCX Gold 88869 ▲485 silver 10126 ▲ 44



# अर्थ जगत

## शनिवार, रविवार और ईद पर भी खुले रहेंगे जीएसटी ऑफिस

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) के क्षेत्रीय कार्यालय 29 से 31 मार्च को खुले रहेंगे। सीबीआईसी का यह निर्देश केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा आयकर विभाग के कार्यालयों के संबंध में जारी इसी प्रकार के निर्देश के कुछ दिन बाद आया है जिसमें कहा गया था कि ''लंबित विभागीय कार्यों को पूरा करने में सुविधा प्रदान की जाए।



## सोने में भारी तेजी, इस साल अब तक 13 हजार से ज्यादा हुआ महंगा

*नई दिल्ली। सोना ग्लोबल मार्केट में शुक्रवार (28 मार्च) को लगातार दूसरे दिन नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इसने गुरुवार को ठीक एक हफ्ते बाद रिकॉर्ड हाई बनाया। इससे पहले ब्याज दरों पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले के बाद 20 मार्च को इसने रिकॉर्ड हाई बनाया था। मौजूदा कैलेंडर ईयर के दौरान आज सोना 18वें दिन नई ऊंचाई पर पहुंचा है।*

ग्लोबल लेवल पर बेंचमार्क स्पॉट गोल्ड आज 3,086.08 डॉलर प्रति औंस के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बेंचमार्क जून यूएस गोल्ड फ्यूचर्स कॉमेक्स पर कारोबार के दौरान रिकॉर्ड 3,096.30 डॉलर प्रति औंस तक ऊपर गया। इस हफ्ते सोने की कीमतों में तकरीबन 2 फीसदी की तेजी आई है। सोने के लिए यह लगातार चौथा हफ्ता मजबूती का है। घरेलू मार्केट में आज 20 मार्च के बाद सोना नए शिखर पर दर्ज किया गया। एमसीएक्स पर आज कारोबार के दौरान सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट रिकॉर्ड 89,930 रुपये तक चढ़ा। घरेलू स्पॉट मार्केट में सोना 24 कैरेट (999) भी पीछे नहीं रहा और 889 रुपये मजबूत होकर 89,306 रुपये के नए ऑल टाइम हाई पर देखा गया। इससे पहले घरेलू फ्यूचर्स और स्पॉट मार्केट में पिछले गुरुवार (20 मार्च) को को इसने क्रमश: 89,796 और 88,761 रुपये का रिकॉर्ड हाई बनाया था। घरेलू और ग्लोबल दोनों मार्केट में सोना इस साल अब तक 17 फीसदी से ज्यादा चढ़ा है।

ब्याज दरों में कटौती की संभावना, अमेरिका सहित दुनिया की अर्थव्यवस्था में स्लोडाउन और महंगाई के बढ़ने की आशंका के मद्देनजर ज्यादातर जानकार सोने को लेकर फिलहाल बेहद बुलिश हैं। उनका मानना है कि ग्लोबल लेवल पर ट्रेड वॉर छिड़ने की आशंका के मद्देनजर जो अनिश्चितता की स्थिति बनी है उसमें बतौर सुरक्षित विकल्प सोने की मांग बरकरार रह सकती है। साथ ही बढ़ते जियो-पॉलिटिकल टेंशन की वजह से भी बतौर सुरक्षित विकल्प सोने की मांग में और तेजी आने की उम्मीद है। इतना ही नहीं महंगाई के खिलाफ 'हेज' के तौर पर सोने की पूछ परख भी बढ़ रही है। जानकार मानते हैं कि इन्वेस्टमेंट डिमांड गोल्ड के लिए इस साल सबसे



ज्यादा सपोर्टिव साबित हो सकता है क्योंकि इसका सपोर्ट पिछले मई से ही मिलना शुरू हुआ है। मौजूदा तेजी से पहले जब भी गोल्ड में तेजी का दौर चला है, सबसे बड़ी भूमिका इन्वेस्टमेंट यानी ईटीएफ डिमांड ने ही निभाई है। फिर चाहे वह 2020 या 2012 की तेजी की बात कर लें। सोने में रिकॉर्डतोड़ तेजी के बीच लोग फिलहाल इसके ईटीएफ में जमकर निवेश कर रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले 8 हफ्ते से गोल्ड ईटीएफ में लगातार इनफ्लो बना हुआ है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक 21 मार्च को खत्म हुए हफ्ते के दौरान ग्लोबल लेवल पर गोल्ड ईटीएफ में 3.1 बिलियन डॉलर (+31.3 टन) का नेट इनफ्लो आया। पिछले यानी 14 मार्च को खत्म हुए हफ्ते के दौरान भी 3.1 बिलियन डॉलर (+32.7 टन) का इनफ्लो आया था।सोने की कीमतों में तेजी और इनफ्लो के दम पर 21 मार्च तक गोल्ड ईटीएफ का एसेट अंडर मैनेजमेंट बढ़कर रिकॉर्ड 332.4 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। टोटल होल्डिंग भी इस दौरान 3,425.9 टन पर दर्ज किया गया जो 23 जून 2023 के बाद सबसे ज्यादा है। टोटल होल्डिंग 23 जून 2023 को खत्म हुए हफ्ते के दौरान 3,435.1 टन था। इसके अलावा सेंट्रल बैंकों की खरीदारी भी कीमतों के लिए सपोर्टिव हैं। 2022 से इसने सोने को लगातार सबसे ज्यादा सपोर्ट किया है। बदलते जियो पॉलिटिकल परिदृश्य के मद्देनजर इसके आगे भी मजबूत रहने की संभावना है। सबसे ज्यादा खरीदारी चीन के केंद्रीय बैंक की तरफ से निकलने की उम्मीद है।

पिछले कुछ आंकड़ों से भी इस बात के संकेत मिलने लगे हैं। चीन के केंद्रीय बैंक पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के मुताबिक उसकी तरफ से फरवरी में 5 टन सोने की खरीद की गई। छह महीने के ब्रेक के बाद पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने लगातार चौथे महीने गोल्ड खरीदा है। फरवरी के अंत तक चीन का गोल्ड रिजर्व बढ़कर 2,290 टन पर पहुंच गया जो उसके कुल फॉरेक्स रिजर्व का 5.9 फीसदी है। यदि ट्रंप की नीतियों की वजह से चीन और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर टकराहट और बढ़ती है तो शायद चीन का केंद्रीय बैंक सोने की खरीद में और तेजी लाए। इस बात की गुंजाइश इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि चीन के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में गोल्ड की हिस्सेदारी अभी भी 6 फीसदी के नीचे है।

## रोशनी नादर ने रचा इतिहास

### दुनिया की 5वीं सबसे अमीर भारतीय महिला

*नई दिल्ली। रोशनी नादर की कुल संपत्ति 3.5 लाख करोड़ रुपये (40 बिलियन अमेरिकी डॉलर) है। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025 के अनुसार, वह दुनिया की सबसे अमीर महिलाओं में पांचवे स्थान पर पहुंच गई है। रोशनी नादर को ये उपलब्धि उनके पिता शिव नादर द्वारा एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 47 प्रतिशत हिस्सेदारी उनके नाम करने के बाद मिली है।*

एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन रोशनी नादर ने इतिहास रच दिया है। किसी समय में दिल्ली की गलियों में बड़े सपने लेकर ये लड़की जीवन जी रही थी। उसका सपना बिजनेस टाइकून बनने का तो नहीं था मगर किस्मत उससे ये खिताब और उपलब्धि देना चाहती थी। आज अपनी मेहनत के बल पर रोशनी नादर दुनिया की शीर्ष 10 सबसे अमीर महिलाओं में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला बन गई



हैं। रोशनी नादर की कुल संपत्ति 3.5 लाख करोड़ रुपये (40 बिलियन अमेरिकी डॉलर) है। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025 के अनुसार, वह दुनिया की सबसे अमीर महिलाओं में पांचवे स्थान पर पहुंच गई है। रोशनी नादर को ये उपलब्धि उनके पिता शिव नादर द्वारा एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 47 प्रतिशत हिस्सेदारी उनके नाम करने के बाद मिली है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में मिले इस प्रभुत्व के बाद भारत के सबसे प्रभावशाली अरबपतियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है।

## स्टॉक एक्सचेंजों पर एक्सपायरी नियमों में बड़ा बदलाव



### सेबी ने जारी किए नए निर्देशों

*नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने स्टॉक एक्सचेंजों पर एक्सपायरी के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब दोनों प्रमुख स्टॉक एक्सचेंजों पर एक ही दिन एक्सपायरी नहीं होगी।*

सेबी के नए निर्देशों के अनुसार, एक एक्सचेंज को मंगलवार को एक्सपायरी रखनी होगी, जबकि दूसरे एक्सचेंज की एक्सपायरी गुरुवार को होगी। यह निर्णय बाजार में संतुलन बनाए रखने और किसी एक एक्सचेंज को अनुचित लाभ से बचाने के लिए लिया गया है। इससे पहले एनएसई ने 4 अप्रैल से एक्सपायरी दिन सोमवार करने की योजना बनाई थी लेकिन सेबी के नए निर्देशों के बाद इसे फिलहाल टाल दिया गया है। सेबी ने इस विषय पर कंसल्टेशन पेपर जारी किया है और कहा है कि अंतिम निर्णय सभी पक्षों से राय लेने के बाद ही लिया जाएगा। सेबी इस बदलाव के जरिए बाजार में पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखना चाहता है।

## विदेशी निवेशकों की बाजार में जोरदार वापसी



*मुम्बई। विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बाद अब भारतीय शेयर बाजार में उनकी वापसी देखने को मिल रही है। 27 मार्च को विदेशी निवेशकों ने 31,784 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे और 20,673 करोड़ रुपए के शेयर बेचे, जिससे उनकी शुद्ध खरीदारी 11,111 करोड़ रुपए रही। यह इस साल एफपीआई द्वारा एक दिन में की गई सबसे बड़ी खरीदारी है।*

घरेलू निवेशकों ने भी बाजार में मजबूती दिखाई, उन्होंने 39,853 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे और 37,335 करोड़ रुपए के शेयर बेचे, जिससे उनकी शुद्ध खरीदारी 2,517 करोड़ रुपए रही। आंकड़ों के अनुसार, इस साल अब तक विदेशी निवेशकों ने 1.44 लाख करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं, जबकि घरेलू निवेशकों ने 1.89 लाख करोड़ रुपए के शेयर खरीदे हैं, जिससे भारतीय बाजार में स्थिरता बनी हुई है।

गुरुवार को ऑटो शेयरों में भारी गिरावट देखी गई। इसका कारण अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इम्पोर्टेड कारों पर 25त्न टैरिफ लगाने की घोषणा को माना जा रहा है। इस फैसले से ऑटो और ऑटो पार्ट्स निर्माण से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हावी रही, जिससे बाजार में व्यापार नीतियों को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई। हालांकि, शुरुआती गिरावट के बावजूद बाजार में रिकवरी देखने को मिली। एचडीएफसी बैंक,आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज और लार्सन एंड टुब्रो जैसे दिग्गज शेयरों में अच्छी खरीदारी हुई, जिससे बाजार को मजबूती मिली। दिन के अंत में सेंसेक्स 317.93 अंक की बढ़त के साथ 77,606.43 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 105.10 अंक बढ़कर 23,591.95 पर बंद हुआ।

### बाजार गिरावट पर हुआ बंद

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार 28 मार्च को शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखा गया है। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 191 अंक नीचे 77,414 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में करीब 72 अंक की गिरावट रही, ये 23,519 के स्तर पर क्लोज हुआ। एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 2.09 प्रतिशत, हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 0.78 प्रतिशत और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.67 प्रतिशत की गिरावट है।

### मुद्रा बाजार

#### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 47 |
| एक यूरो | 92. 90 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 111 . 00 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53· 84 |
| एक जापानी येन | 0· 57 |

परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 84 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 100 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-112 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -56 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सराफा बाजार

दुल्हन श्री आभूषण
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 90900 चांदी -102500

सोहन लाल एण्ड संस
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-90900 चांदी -102500

### दाल- चावल भाव

महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज
फोन- 4067270, 9826035338
**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एक्स्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

### लोहा भाव

अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

## स्कोडा ऑटो ने वियतनाम में खोला नया असेंबली प्लांट

*मुंबई। स्कोडा ऑटो और वियतनाम के क्षेत्रीय भागीदार थान्हस कॉन्ग ग्रुप ने वियतनाम के क्वांग निन्ह प्रांत में स्कोडा कुशाक और स्लाविया मॉडलों की असेंबली के लिए एक अत्याधुनिक फैक्ट्री का उद्घाटन किया है। यह कदम स्कोडा की वैश्विक रणनीति का अहम हिस्सा है, जिससे वह यूरोप के बाहर खासकर दक्षिण-पूर्व एशिया में अपनी उपस्थिति को सशक्त कर रही है।*

इस नई फैक्ट्री में स्कोडा भारत से कम्प्लीटली नॉक्ड डाउन (सीकेडी) किट्स आयात कर कुशाक एसयूवी और स्लाविया सेडान की असेंबली करेगी। कुशाक का सीरीज उत्पादन 26 मार्च से शुरू हो चुका है और स्लाविया का उत्पादन इस गर्मी में शुरू होने की योजना है। यह रणनीति भारत और वियतनाम के



बीच भौगोलिक तालमेल का लाभ उठाने के साथ-साथ लागत को प्रतिस्पर्धी बनाए रखने का एक कारगर माध्यम भी है। क्वांग निन्ह स्थित इस अत्याधुनिक प्लांट में वेल्डिंग, पेंटिंग और असेंबली की संपूर्ण सुविधाएं हैं। इसमें एक उच्च गुणवत्ता वाला कंट्रोल सेंटर, सटीक मापन के लिए विशेष इकाई, और लगभग दो किलोमीटर लंबा एक टेस्ट ट्रैक भी शामिल है, जिसे स्थानीय सड़क स्थितियों के अनुरूप डिजाइन किया गया है। स्कोडा ऑटो ने सितंबर 2023 में वियतनाम में अपने कामकाज की शुरुआत की थी और यह साउथ ईस्टर्न एशियन नेशंस (आसियान) में फॉक्सवैगन ग्रुप की गतिविधियों का नेतृत्व कर रहा है। यह क्षेत्र मजबूत विकास क्षमता के लिए जाना जाता है।

वियतनाम, आसियान के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है और व्यापक इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए एक रणनीतिक प्रवेश द्वार के रूप में उभर रहा है। इस समय वियतनाम में स्कोडा के 15 बिक्री केंद्र हैं, जिन्हें 2025 के अंत तक बढ़ाकर 32 करने की योजना है। स्कोडा ऑटो के सीईओ, क्लाउस ज़ेलमर ने कहा, इस नई असेंबली लाइन का खुलना वियतनाम के तेजी से बढ़ते बाजार में हमारे विस्तार के लिए एक बड़ा कदम है और आसियान क्षेत्र में हमारी स्थिति को मजबूत करता है।

## भारत की पहली एआई पर्सनल असिस्टेंट कार एमजी एस्टर अब बन गई 'द ब्लॉकबस्टर एसयूवी'


*नई दिल्ली। गुरुग्राम एमजी मोटर इंडिया ने एमजी एस्टर के एमवाई 2025 एडिशन को 'द ब्लॉकबस्टर एसयूवी' के रूप में पेश करने की घोषणा की है। यह बदलाव ब्रांड की ग्राहकों के लिए एक ऑटो-टेक मास्टरपीस लाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें दमदार परफॉर्मेंस, स्टाइल, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी का जबरदस्त मेल है।*

एमवाई2025 एडिशन के साथ, एस्टर 'ब्लॉकबस्टर एसयूवी' नई तकनीकों को अपनाने में आगे रहने वाले ग्राहकों के लिए खास तौर पर डिजाइन की गई है। एमजी एस्टर अब अपनी सेगमेंट की इकलौती एसयूवी है, जो अपने नए शाइन वेरिएंट के साथ 12.5 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से कम कीमत में पैनोरमिक सनरूफ पेश करती है। वहीं, सिलेक्ट वेरिएंट में छह एयरबैग और प्रीमियम आइवरी लेदरेट सीट्स मिलती हैं, जो सेफ्टी और कम्फर्ट को और बढ़ाती



हैं। एसयूवी के शौकीन लोग अपने नज़दीकी जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया डीलरशिप पर जाकर 'द ब्लॉकबस्टर एसयूवी' के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और इसे 9.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत पर बुक कर सकते हैं। 2025 एमजी एस्टर 1.5एल एमटी एंड सीवीटी और 1.3 टर्बो एटी पावरट्रेन के साथ उपलब्ध है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के डायरेक्टर (सेल्स एंड ऑपरेशन्स) राकेश सेन ने इस मौके पर कहा, एमजी एस्टर एक नया और दमदार अंदाज लेकर आई है, जो उन लोगों के लिए परफेक्ट एसयूवी है।

## भारत ने अमेरिका के साथ ट्रेड तनाव कम करने के लिए टैरिफ में कटौती का रखा प्रस्ताव



*नई दिल्ली। भारत ने अमेरिकी कृषि उत्पादों जैसे बादाम, क्रैनबेरी, पिस्ता और अखरोट पर आयात शुल्क (टैरिफ) में कटौती का प्रस्ताव दिया है। यह कदम अमेरिका द्वारा संभावित काउंटर टैरिफ से बचने और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है।*

**बॉर्बन व्हिस्की के बाद अब ड्राई फ्रूट्स पर भी टैरिफ घटाने की तैयारी-** हाल ही में भारत ने अमेरिकी बॉर्बन व्हिस्की पर टैरिफ 150 प्रतिशत से घटाकर 100 प्रतिशत किया था। अब कृषि उत्पादों पर भी शुल्क में राहत देने पर बातचीत हो रही है। यह चर्चा अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच के साथ हुई बैठकों के दौरान हुई।

**भारत में ड्राई फ्रूट्स के सबसे बड़े आपूर्ति कर्ताओं में अमेरिका शामिल-** भारत में बादाम, अखरोट और पिस्ता का बड़ा हिस्सा अमेरिका से आयात होता है। 2022-23 के आंकड़ों के अनुसार, भारत में बादाम का 70-80 प्रतिशत (2.5 लाख टन) अमेरिका से आता है। अखरोट का 60-70 प्रतिशत (25,000 टन) अमेरिकी निर्यात पर निर्भर है। पिस्ता का 30-40 प्रतिशत अमेरिका से आता है, जबकि 50-60 प्रतिशत ईरान से आयात किया जाता है।

### दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते की दिशा में सकारात्मक संकेत- पीयूष गोयल




वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वार्ता सही दिशा में आगे बढ़ रही है और इससे दोनों देशों को लाभ होगा। हालांकि डेयरी उत्पादों, चावल, गेहूं और मक्का पर शुल्क कम करने को लेकर भारत में अभी कुछ आपत्तियां बनी हुई हैं। भारत चाहता है कि अमेरिका भारतीय अनाज, अंगूर और अनार को अपने बाजार में ज्यादा एक्सेस दे।

### अमेरिका से आयात शुल्क कम होने पर सस्ता हो सकता है ड्राई फ्रूट्स

अगर अमेरिका से आयात शुल्क कम होता है, तो ड्राई फ्रूट्स की कीमतें 10-15 प्रतिशत तक गिर सकती हैं। बादाम वर्तमान में 1000 किलो से घटकर 700 किलो हो सकता है। अखरोट वर्तमान में 800 किलो की कीमत घटकर 400-500 किलो तक आ सकती है।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

फ्लैट बेचना है
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# पॉक्सो एक्ट की अनभिज्ञता से किशोर व युवा फंस रहे अपराध के दलदल में

## कॉस्ट की चेतावनी के साथ हाईकोर्ट ने जवाब पेश करने प्रदान किया दो सप्ताह का समय

**जबलपुर, देशबन्धु।** पॉक्सो एक्ट के संबंध में सार्वजनिक रूप से समुचित प्रचार-प्रसार नहीं किए जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। याचिका की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से जवाब पेश करने समय प्रदान करने का आग्रह किया गया। हाईकोर्ट ने अंतिम मोहलत प्रदान करते हुए दो सप्ताह का समय प्रदान किया गया। हाईकोर्ट जस्टिस सुरेश कुमार कैथ तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि जवाब पेश नहीं करने पर दस-दस हजार रूपये की कॉस्ट केन्द्र सरकार के संबंधित विभाग को जमा करनी होगी।

जबलपुर निवासी अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम 2012 की धारा 43 में निहित वैधानिक प्रावधानों का परिपालन सुनिष्चित रूप किए जाने का प्रावधान है। पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता के लिए राज्य की जिम्मेदारी सुनिश्चित की गयी है। अधिनियम के प्रावधानों के लागू होने के बाद से केंद्र



और राज्य सरकारों ने अधिनियम के प्रावधानों, विशेष रूप से कड़ी सजा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कोई उल्लेखनीय प्रयास नहीं कर रहे है। अधिनियम में निहित कानूनी अनिवार्यताओं के बारे में उनकी अज्ञानता के कारण अधिनियम के कठोर दंडात्मक प्रावधान के दायरे में आकर युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। कठोर दंडात्मक प्रावधान से अनभिज्ञ कई किशोर व युवा अपराध के दलदल में फंसते चले जा रहे हैं। याचिका की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार के मुख्य सचिव गृह मंत्रालय तथा केन्द्रीय सचिव महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरफ से जवाब पेष करने समय प्रदान करने का आग्रह किया गया। प्रदेश सरकार में मुख्य सचिव गृह विभाग, प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस महानिदेशक भोपाल की तरफ से जवाब पेष किया गया। जिसमें प्रचार-प्रसार के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी।

युगलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त चेतावनी के साथ केन्द्र सरकार के संबंधित विभागों को अंतिम अवसर प्रदान किया है। इसके अलावा बाल अधिकार राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग तथा मध्य प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष को पुन नोटिस जारी करने के आदेश जारी किये है। याचिका पर अगली सुनवाई 13 मई को निर्धारित की गयी है। याचिकाकर्ता ने सुनवाई के दौरान अपना पक्ष स्वयं रखा।

# अब अल्पा, रसोमा और मॉडर्न कंपनी की दवाएं टेस्ट में फेल

## दवा बाजार में हड़कंप | प्रदेश के कई शहरों में दवा विक्रेताओं में चिंता की लहर

***जबलपुर, देशबन्धु।* प्रयोगशालाओं में स्टेरिलिटी परीक्षण (स्वच्छता जांच) में फेल होने के बाद 9 फार्मास्युटिकल कंपनियों के उत्पादों को बाजार से वापस लिया जा रहा हैं। इंदौर की फार्मा कंपनियों की बड़ी संख्या में दवाएं लगातार देशभर के अलग-अलग हिस्सों में टेस्ट में फेल होती जा रही हैं।**



इसी कड़ी में एक और टेस्ट रिपोर्ट सामने आई है इसमें इंदौर की 3 दवा कंपनियां अल्पा लेबोरेटरीज, रसोमा लेबोरेटरीज और मॉर्डन लेबोरेटरीज, एक कंपनी खरगोन की आईएचएल लाइफसाइंसेज सहित कुल 8 दवा कंपनियों की 9 दवाईयां स्टेरिलिटी परीक्षण (स्वच्छता जांच) में फेल हो गई है।

यह टेस्ट कर्नाटक में सप्लाई की गई दवाओं से लिए गए सैंपल से किए थे। इसकी रिपोर्ट आने के बाद कर्नाटक सरकार ने दवा कंपनियों की दवाईयों को पूरे भारत से वापस बुलाने की मांग केंद्र सरकार से की है।

ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व ही **देशबन्धु** द्वारा इंदौर की ही 7 दवा कंपनियों के 16 सैंपल फेल होने की खबर प्रकाशित की थी। उसमें भी इसी मॉर्डन लेबोरेटरीज के कई सैंपल फेल हुए थे। इंदौर की एक के बाद एक दवा कंपनियों की दवाइयां टेस्ट में फेल होने के बाद इंदौर के साथ-साथ जबलपुर के दवा बाजार में भी हड़कंप का माहौल हैं, क्योंकि इंदौर की दवा कंपनियों की सर्वाधिक खपत जबलपुर के दवा बाजार से हो रही थी।

### स्टेरिलिटी की जांच में ये दवाएं हुई फेल

जो दवाएं स्वच्छता जांच में फेल हुई उनमें अल्पा लेबोरेटरीज, इंदौर, का डाइक्लोफेनाक सोडियम इंजेक्शन, रसोमा लेबोरेटरीज, इंदौर का डेक्सट्रोज इंजेक्शन, मॉर्डन लेबोरेटरीज इंदौर का पिपरासिलीन इंजेक्शन, लाइफसाइंसेज, खरगोन का मेट्रोनिडाजोल इंजेक्शन, फार्मा इम्पेक्स लैबोरेटरीज, पश्चिम बंगाल का मेट्रोनिडाजोल इंजेक्शन, पाकसन्स फार्मास्युटिकल्स, बहादुरगढ़, हरियाणा का फ्रूसेमाइड इंजेक्शन, मैसर्स रीजन लैबोरेटरीज, हिसार का कैल्शियम ग्लूकोनेट इंजेक्शन एवं ओन्डान्सीट्रोन इंजेक्शन, मार्टिन एंड ब्राउन बायो साइंस प्रा. लिमिटेड का एस्ट्रोपिन सल्फेट इंजेक्शन की दवाएं शामिल हैं।

### शहर में अब भी धड़ल्ले से हो रही बिक्री

दवा बाजार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक जिन दवाओं को कर्नाटक सरकार द्वारा देश भर में रोक लगाने केंद्र से मांग की जा रही हैं उन्हीं 9 विवादित कंपनियों की दवाईयां अब भी शहर में धड़ल्ले से बिक रही हैं। लैब रिपोर्ट मिलने के बाद, कर्नाटक में इन दवाओं को बाजार से वापस लेने का आदेश दिया गया। वहां यह आशंका व्यक्त की गई कि इन कंपनियों द्वारा निर्मित दूषित दवाएं अन्य राज्यों में भी बेची जा रही हैं। इंजेक्टेबल दवाओं का उपयोग गंभीर देखभाल में किया जाता है, इसलिए वे मरीजों के लिए अधिक जोखिमपूर्ण होती हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से पूरे देश में इन दवाओं को बाजार से वापस लेने और तब तक इन कंपनियों की दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया है।

# 5वीं और 8वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी

## अनुत्तीर्ण को दोबारा मिलेगा अवसर

### पांचवी कक्षा की टॉप 10 सूची में शहर भी शामिल



**जबलपुर, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की 5 वीं और 8 वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम शुक्रवार को जारी हो गए। पांचवी कक्षा की टॉप 10 सूची में तो शहर शामिल हैं लेकिन आठवीं कक्षा की सूची में शहर का नाम गायब रहा।

जहां पांचवी के नतीजों में शहडोल संभाग और डिंडौरी जिला अव्वल रहा वहीं टॉप 10 संभागों में चंबल, नर्मदापुरम, इंदौर, जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, रीवा, उज्जैन और सागर शामिल हैं। वहीं 8वीं में इंदौर संभाग और नरसिंहपुर जिला सबसे आगे रहे। टॉप जिलों में अलीराजपुर, डिंडौरी, झाबुआ, बालाघाट, अनूपपुर, सीहोर, छिंदवाड़ा, बड़वानी और मंडला भी शामिल हैं।

इस बार परीक्षा में 1 लाख 12 हजार से ज्यादा स्कूलों के करीब 23 लाख विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। इनमें 95 हजार से ज्यादा स्कूल ग्रामीण और 16 हजार से अधिक स्कूल शहरी क्षेत्रों के थे। खास बात यह है कि जो छात्र इस परीक्षा में सफल नहीं हो पाए हैं, उन्हें दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा। उन्हें केवल उसी विषय की परीक्षा देनी होगी, जिसमें वे अनुत्तीर्ण हुए हैं। इसकी पूरी प्रक्रिया जल्द जारी की जाएगी।

### एक बार फिर दिखा बेटियों को दबदबा

5वीं और 8वीं कक्षा की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं के नतीजे शुक्रवार को जारी कर दिए गए। इस साल 5वीं का परिणाम 92.70 फीसद और 8वीं का परिणाम 90.02 फीसद रहा। दोनों ही कक्षाओं में पिछले साल की तुलना में 2 से 3 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। परीक्षा परिणामों में एक बार फिर बेटियों ने बाजी मारी है। 5वीं में 94.12 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं, जबकि 91.38 फीसदी छात्र पास हुए हैं। ऐसे ही 8वीं में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 91.72 फीसद और बालकों का 88.41 फीसद रहा।

# नौकरशाहों ने आपदा को अवसर में बदला

## कैग रिपोर्ट में खुलासा | मुआवजे की राशि अफसरों के रिश्तेदारों के खातों में डाली

**जबलपुर, देशबन्धु।** कोरोना काल में आई आपदा को अवसर में बदलने की कहावत को शहर के साथ प्रदेश के 13 जिलों के अधिकारियों ने इस तरह आत्मसात किया कि आपदाओं में निर्धनों के परिजनों को दी जाने वाली मुआवजा राशि की भी अपने रिश्तेदारों में बंदरबांट कर डाली। आपदा पीड़ितों या आपदा ग्रस्त मृतकों के परिजनों को दी जाने वाली सरकारी मुआवजे की राशि नौकरशाहों ने अपने रिश्तेदारों के खातों में डाल दी, इस बात का बड़ा खुलासा कैग की रिपोर्ट में हुआ हैं। प्रदेश में प्राकृतिक आपदा राहत राशि के वितरण में कथित तौर पर बड़ा घोटाला कैग रिपोर्ट के अनुसार, 13 जिलों में 23.81 करोड़ रुपए का है। इस राशि को सरकारी कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों के खातों में अवैध रूप से स्थानांतरित कर दिया गया।

**आईएफएमआईएस बना माध्यम-** प्रदेश में भ्रष्टाचार किस कदर फैला हुआ हैं इसकी बानगी कैग रिपोर्ट की हालिया रिपोर्ट कर रही हैं। इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि प्राकृतिक आपदा के पीड़ितों की मदद के लिए बनाई गई ई-भुगतान प्रणाली आईएफएमआईएस भी भ्रष्टाचार का माध्यम बन गई है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 13 जिलों में 23.81 करोड़ रुपए सरकारी कर्मचारियों व उनके रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। ये खेल प्रदेश के अफसरों द्वारा किया गया है।

**23.81 करोड़ डकार गए अफसर-** कैग की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि 2018 से 2022 के बीच एमपी में प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को 10 हजार 060 करोड़ रुपए की राहत राशि वितरित की गई। इसमें से 13 जिलों में 23.81 करोड़ रुपए की राशि फर्जी बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी गई। सरकारी कर्मचारियों ने फर्जी स्वीकृति आदेश तैयार कराए और अपने तथा रिश्तेदारों के बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवा लिए।

**ई-भुगतान प्रणाली का दुरुपयोग-** ई-भुगतान प्रणाली का दुरुपयोग करके घोटाले को अंजाम दिया गया। कैग ने सरकार से सिफारिश की है कि किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी से उन सभी जिलों में आपदा राहत राशि वितरण की जांच कराएं, जो कैग की जांच में शामिल नहीं हैं।

**संबल योजना में भी घोटाला-** इसके अलावा, मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना में श्रमिकों के हक की राशि हड़पने का खुलासा हुआ है। कैग की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बड़वानी जिले की राजपुर और सेंधवा जनपद पंचायतों में सीईओ और लेखपाल ने मिलकर 2.47 करोड़ रुपए की रकम हड़प ली। यह पैसा मजदूरों की मदद के लिए आया था, लेकिन अफसरों ने इसे अपने और अपने करीबी लोगों के खातों में ट्रांसफर कर दिया।

### मृत व्यक्ति के नाम पर निकाले 89.21 लाख

रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि मध्य प्रदेश में संबल योजना और भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल योजना के तहत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, एक मृत मजदूर के नाम पर 89.21 लाख रुपए निकाले गए। इसके अलावा, जो मजदूर पहले ही संबल योजना का लाभ ले चुके थे, उन्हें नियमों का उल्लंघन करके 72.60 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि दे दी गई। यह मामला मध्य प्रदेश सरकार की योजनाओं में भ्रष्टाचार की गंभीर समस्या को उजागर करता है।

### 67.48 लाख मजदूरों को अपात्र घोषित किया

यह और भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि श्रम विभाग ने 2.18 करोड़ मजदूरों का पंजीयन किया था लेकिन बाद में इनमें से 67.48 लाख मजदूरों को अपात्र घोषित कर दिया गया। इन लोगों को अपात्र ठहराने के पीछे कोई ठोस कारण नहीं बताया गया। यह सारा मामला हमारे देश की भ्रष्टाचार की समस्या को उजागर करता है। यह समय है जब हमें अपने देश की भ्रष्टाचार के खिलाफ लडने की जरूरत है।

# गंगापुर सिटी-आगरा के बीच स्पेशल ट्रेन चलेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के लिए कैला देवी मेला के अवसर पर आगरा-गंगापुर सिटी-आगरा के मध्य मेला स्पेशल ट्रेन रेल प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा है। गाड़ी संख्या 01961/01962 आगरा-गंगापुर सिटी-आगरा चैत्र मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 29 मार्च से 12 अप्रैल,2025 तक दोनों दिशाओं में कुल 15-15 ट्रिप चलेगी। यह गाड़ी में कुल 12 कोच होंगें। गाड़ी संख्या 01961 आगरा कैंट-गंगापुर सिटी मेला स्पेशल आगरा कैंट से शाम 16.45 बजे प्रस्थान कर मध्यवर्ती स्टेशनों पर रूकते हुए रात 21.15 बजे गंगापुर सिटी पहुँचेगी । इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 01962 गंगापुर सिटी-आगरा कैंट रात 22.05 बजे गंगापुर सिटी से प्रस्थान कर मध्यवर्ती स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन सुबह 03.30 बजे आगरा कैंट पहुँचेगी ।

# सराफा व्यापारी को बंटी-बबली की जोड़ी ने ठगा

**सतना, देशबन्धु।** जिस अंदाज में बंटी- बबली की जोड़ी लोगों को ठगने का काम करती थी, ठीक उसी तरह एक जोड़ी ने शहर के कुछ सराफा कारोबारियों ठग लिया है।

हालांकि ठगे गए कारोबारियों में सभी पुलिस के पास नहीं पहुंचे हैं, कुछ ने अपनी साख बचाए रखने के लिए अंद ही अंदर मामला शांत कर लिया। इस वारदात को अंजाम देने वाली महिला और उसके सहयोगी साथी की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हैं। इन्हीं तस्वीरों के सहारे पुलिस अब ठगी करने वासली इस जोड़ी की तलाश कर रही है।

**संस्कार आर्नामेंट्स को चूना:** ठगी करने वाली जोड़ी 27 मार्च की शाम करीब साढ़े 6 बजे राजेन्द्र नगर गली 14 के बाहर संचालित संस्कार आर्नामेंट्स पहुंची।

# रेलवे में 15 सेवानिवृत्त अधिकारियों को 67 वर्ष की उम्र तक पुनः नियुक्ति दी गई

## अधिकारियों की मजा, कर्मियों को सजा

देशबन्धु पड़ताल

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे में उच्च अधिकारियों द्वारा भले ही बड़े बड़े वादे किये जाते हों परंतु जमीनी हकीकत ठीक इसके विपरीत ही दिखायी पड़ रही है। रेलवे अधिकारियों की तो सेवा में रहते हुए भी मजा ही मजा है और सेवानिवृत्ति के बाद भी उपकृत किये जाने का सिलसिला थमने का नाम ही ले रहा है।

अधिकारियों की तो मजा है परंतु कर्मचारियों को सजा ही सजा है। अराजपत्रिता कर्मियों को तो प्रमोशन तक नहीं दिया जा रहा है और बकायदा रोक लगा दी जाती है। वहीं 15 सेवानिवृत्त अधिकारियों को लाखों रूपयों का भुगतान देकर पुन: 67 वर्ष की आयु तक नौकरी करने का आदेश जारी कर दिया जाता है। इन सेवा निवृत्त अधिकारियों को तकनीकी सदस्य रेलवे क्लेम्प ट्रिब्युनल में सदस्य के रूप में पुन: पदस्थापना कर दी जाती है।

**अपर सचिव स्तर के अधिकारी ने किया आदेश-** सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत शासन के अपर सचिव कुंदन नाथ ने इस संबंध में 24 मार्च को नई दिल्ली से 15 सेवा निवृत्त अधिकारियों को 2.25 लाख रुपये प्रति माह के वेतन भुगतान करने पर 67 वर्ष की आयु तक पुन: सदस्य बनाकर नियुक्त किया गया है।

**इन अधिकारियों को मिला लाभ-** जानकारी के अनुसार सुनील माथुर एन.मधुसूदन राय, शैलेन्द्र कुमार शर्मा शिव प्रसाद, मनोज कुमार सिन्हा, बीके दादा भाई अर्चना श्रीवास्तव, अजय कुमार बेहरा, एल शर्मा के.रवीन कुमार रेड्डी प्रवीन चन्द एन परमार सभी इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस आई आरटीएस रूपा श्रीनिवासन रवीन्द्र गोयल आईआरएमडी मोहित सिन्हा आईआरएएस विंग के अधिकारियों को पदस्थ किया गया है। सूची जारी किए जाने के बाद से वर्तमान में जो भी अधिकारी जिनको प्रमोशन दिया जाना था, यह आदेश जारी होने से सैंकड़ों अधिकारियों को प्रमोशन प्रभावित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि रेल विभाग में मंत्री पार्ट टाइम हैं। रेलवे बोर्ड अध्यक्ष सतीश कुमार भी ठेके पर रखे गए हैं। रेलवे के इस प्रकार के निर्णय से अधिकारियों में मायूसी देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार कुछ अधिकारियों द्वारा अपने प्रमोशन की चर्चा की जा रही थी अब वह भी चुप बैठ गए हैं।

# भोपाल-इटावा अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा हनुमान जयंती मेला 2025 के अवसर पर यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्रीभार क्लियर करने के उद्देश्य से मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेलवे से भी एक अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 01601/01602 भोपाल-इटावा-भोपाल अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन कुल 07 फेरे के रूप में किया जाएगा। यह गाड़ी भोपाल से दिनांक 30 मार्च, 01, 03, 05, 07, 10 एवं 12 अप्रैल 2025 को एवं इटावा से भी इन्हीं तारीखों को चलाई जाएगी।

**गाड़ी संख्या 01601 भोपाल से इटावा**

यह गाड़ी भोपाल स्टेशन से प्रात: 04.50 बजे प्रस्थान करेगी और मार्ग में क्रमश: विदिशा (05.31 बजे), गंज बासौदा (06.01 बजे), मंडी बामौरा (06.24 बजे), बीना (06.45 बजे), मुंगावली (07.20 बजे), अशोक नगर (07.57 बजे), गुना (09.15 बजे), बदरवास (10.22 बजे), कोलारस (11.13 बजे), शिवपुरी (11.35 बजे), मोहाना (12.26 बजे), घाटीगांव (12.53 बजे), पनिहार (13.11 बजे), ग्वालियर (14.10 बजे), शनिचरा (14.32 बजे), मालनपुर (14.44 बजे), जांवल (15.01 बजे), सोनी (15.17 बजे), भिंड (15.55 बजे) होते हुए इटावा स्टेशन पर अपराह्न 16.55 बजे पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 01602 इटावा से भोपाल**

वापसी दिशा में यह गाड़ी इटावा स्टेशन से सायं 17.40 बजे प्रस्थान करेगी और मार्ग में भिंड (18.25 बजे), सोनी (19.03 बजे), जांवल (19.22 बजे), मालनपुर (19.39 बजे), शनिचरा (20.10 बजे), ग्वालियर (21.15 बजे), पनिहार (21.45 बजे), घाटीगांव (22.33 बजे), मोहाना (23.03 बजे), शिवपुरी (00.20 बजे), कोलारस (00.45 बजे), बदरवास (01.08 बजे), गुना (02.50 बजे), अशोक नगर (03.54 बजे), मुंगावली (04.31 बजे), बीना (05.05 बजे), मंडी बामौरा (05.28 बजे), गंज बासौदा (05.49 बजे), विदिशा (06.16 बजे) होते हुए भोपाल स्टेशन पर प्रात: 08.05 बजे पहुंचेगी।

28 वां रोजा
29.03.2025

| सहरी | अफ्तार |
|---|---|
| 04.36 | 06.29 |




सोनू पोल्ट्री

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | रु. 86 |
| मीडियम ब्रॉयलर | रु. 102 |
| छोटा ब्रॉयलर | रु. 114 |

मो.- 9039925999

J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | रु. 118 |
| मुर्गा मीडियम | रु. 106 |
| मुर्गा बड़ा | रु. 90 |
| मुर्गा जम्बो | रु. 90 |

मो.-9039925000, 9425800409

FOR PRIVATE SCREENING CALL +91 79999 68989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888
CALL BOOKING 0761-4069889 4069889
समदड़िया सिनेमा
ADVANCE TICKET OPEN FOR SIKANDAR MOVIE



| CHHAAVA | L2: EMPURAAN | THE DIPLOMAT | SNOW WHITE |
|---|---|---|---|
| 10:15AM | HINDI 10:00AM | 10:30AM | 10:30AM |
| 12:30PM | 01:15PM | 04:00PM | |
| 02:00PM | 04:30PM | 06:30PM | PINTU KI PAPPI |
| 03:30PM | 07:00PM | | 01:15PM |
| 05:00PM | 10:15PM | | |
| 08:00PM | MALAYALAM 08:00PM | | |
| 10:45PM | 09:00PM | | |

